RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

9644811407, 8102020599O
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्षः 4, अंकः84 | ग्वालियर नबम्बर 5 मंगलवार 2024 | पृष्ठः 8+4 मूल्य 2 रुपए

# विधवा की जमीन पर सांसद, विधायक, मंत्री ने किया भूमि पूजन मंगल भवन के लिए परिवार के साथ किया अमंगल


**उजाड़ी फलदार वृक्षों की बगिया लगभग 35 साल पहले शासन ने रामगोपाल को दी थी जगह विधवा पत्नी और उनकी बहू सब्जियां लगाकर करते हैं गुजर-बसरजनप्रतिनिधियों की मिली भगत से इनकार नहीं**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**जितेंद्र व्यास**

**नर्मदापुरम।**शहर सहित जिले भर में सरकार और प्रशासन गरीब लोगों के आशियाना बनवा रहे हैं। उन्हें रोजगार दे रहे हैं , वहीं कुछ जनप्रतिनिधि द्वेषपूर्ण व्यवहार से गरीब और बेसहारा लोगों को परेशान कर रहे हैं। सरकार फलदार वृक्षों के लिए जगह दे रही है, उनकी रक्षा कर रही है और कई योजनाएं भी चला रही है , लेकिन शहर के समीपस्थ ग्राम आंचलखेड़ा में ग्राम पंचायत की अनुशंसा पर पीडब्ल्यूडी मंगल भवन का निर्माण कर रहा है । जिस जगह पर यह निर्माण होना है उस पर लगभग 35 साल पहले से रामगोपाल मालवीय का कब्जा था। उनके निधन के बाद की पत्नी यहां रहती हैं। स्व. रामगोपाल ने यहां पर आम, इमली, अमरूद जैसे 90 फलदार वृक्ष लगाए थे। जिसको लेकर शासन ने उन्हें अनुमति भी दी थी और उन्हें हक भी दिया था। सोमवार को उस जगह को ग्राम पंचायत के सहयोग से तहस-नहस किया गया। मंगल भवन के कारण गरीब का अमंगल किया। वृक्ष उखाड़े और क्षेत्र की साफ सफाई कर दी। यहां यह परिवार सब्जी और फलों से अपनी गुजर-बसर कर रहा था । उनका रोजगार छीना गया। जबकि यह पूरा क्षेत्र आबादी घोषित है और इस पर अभी स्टे लगा है । जगह का पट्टा भी है और केस चल रहा है । अगली पेशी 9 तारीख को होनी है, लेकिन जनप्रतिनिधियों ने इसका भूमि पूजन सोमवार को करवा दिया।

### विधवा पत्नी अपनी विधवा बहू के साथ चार बच्चों को लेकर करती है गुजर

-बसरग्राम आंचलखेड़ा में जिस जगह पर मंगल भवन के लिए भूमि पूजन किया गया, वह स्वर्गीय रामगोपाल की कब्जे की थी। उनकी विधवा पत्नी पार्वती मालवीय यहां पर सब्जी भाजी लगाकर गुजारा करती हैं । उनके बेटे की मृत्यु हो गई तो उनकी विधवा बहू उनके चार बच्चों के साथ यहां पर रहती है । उनका एक बेटा मानसिक रूप से कमजोर है। बताया जाता है कि इस मामले में जनप्रतिनिधि की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। द्वेषपूर्ण व्यवहार के चलते उन्होंने यह जगह मंगल भवन के लिए चुनी और रोजगार व आशियाना उजाड़ दिया।





### नायब तहसीलदार ने धारा 239 के अंतर्गत उपलब्ध कराई थी जगह-

वर्तमान में जिस जगह पर मंगल भवन का निर्माण किया जा रहा है, वह स्व रामगोपाल को 1988-89 में न्यायालय तहसीलदार ने फलदार वृक्ष के लिए दी थी। 4.50 एकड़ में से 3.60 एकड़ भूमि रामगोपाल को भू राजस्व संहिता की धारा 239 के तहत फलदार वृक्ष रोपण के लिए दी थी। अनुज्ञा धारी ने भूमि पर 90 फलदार वृक्ष का रोपण किया था। वह उनके उपयोग के लिए अधिकारी होगा यह भी कहा गया था। लेकिन अब उस जगह को उजाड़ दिया गया है । हरे भरे वृक्ष काटे गए जो कि नियम विरुद्ध है।

### आबादी घोषित वाली है जगह, भवन के लिए और भी है सरकारी जगह

जिस जगह पर मंगल भवन का निर्माण कराने की कवायद चल रही है वह आबादी घोषित की गई है। यहां पर पट्टे भी वितरित किए गए हैं । जबकि इस जगह के बाजू में भी सरकारी जगह है जहां पर लोगों का कब्जा है, वहां पर यह भवन निर्माण नहीं किया जा रहा है। गरीब परिवार को परेशान किया गया।

### 50 लाख की लागत से बनना है मंगल भवन-

बताया जाता है कि पीडब्ल्यूडी को मंगल भवन बनाने के लिए दिया गया है। यह 50 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है, लेकिन यहां पर इस परिवार का कई सालों से कब्जा है। वह यहां सब्जी भाजी,फल आदि लगाकर अपना भरण पोषण करता है । उसे बेदखल किया गया और उसकी रोजी-रोटी छीनी गई।

### जनप्रतिनिधियों को किया गुमराह, हुआ भूमि पूजन

-ग्राम आंचल खेड़ा में के मंगल भवन का भूमि पूजन दो सांसद मंत्री और विधायक ने किया लेकिन इन सबको गुमराह किया ग्राम के ही सरपंच पति ने। जबकि उक्त जगह पर गरीब महिला अपना भरण पोषण कर रही थी। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सांसद विधायक को गुमराह किया। आज इसका भूमि पूजन किया गया है । इस मौके पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राजसभा सदस्य माया नारोलिया, शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, क्षेत्र के विधायक विजयपाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल , पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सहित कई भाजपा के दिग्गज नेता शामिल हुए।

## गलती हो जाए तो प्रायश्चित जरूर करें: पंडित श्री देवेंद्र शास्त्री जी महाराज ने भागवत कथा के दूसरे दिन में गुरु का महत्व समझाया

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

ग्वालियर रमटापुरा स्थित सेठ बुलाकी दास मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में दूसरे दिन सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं. श्री देवेंद्र शास्त्री जीमहाराज ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। उन्होंने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है। इसके साथ



साथ भागवत के छह प्रश्न, निष्काम भक्ति, 24 अवतार श्री नारद जी का पूर्व जन्म, परीक्षित जन्म, कुन्ती देवी के सुख के अवसर में भी विपत्ति की याचना करती है। क्यों कि दुख में ही तो गोविन्द का दर्शन होता है। जीवन की अन्तिम बेला में दादा भीष्म गोपाल का दर्शन करते हुये अद्भुत देह त्याग का वर्णन किया। साथ साथ परीक्षित को श्राप कैसे लगा तथा भगवान श्री शुकदेव उन्हे मुक्ति प्रदान करने के लिये कैसे प्रगट हुये पंडित देवेंद्र शास्त्री जी महाराज ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान ना हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा में देवेंद्र शास्त्री महाराज ने कहा सत्संग करने से भगवान प्रसन्न होते हैं संसार में सत्य कहां है संसार में जो कमाया वह स्वयं के लिए कमाए लेकिन परमात्मा अकेला ही सत्य है बाकी सब झूठ है भागवत कथा को बार-बार सुनना चाहिए भागवत में रसिक एवं भावों के बिना सुनना व्यर्थ है जीवन में गुरु का बहुत महत्व है जब परमात्मा धरती पर जन्म लेते हैं तो वह भी गुरु बनाते हैं इसलिए संसार में हर मनुष्य को गुरु का बनाना आवश्यक है व्यास पीठ से आचार्य श्री ने कहा कि संसार में कोई किसी का नहीं है उन्होंने अमरनाथ गुफा में अमर कथा का? भी वर्णन किया की सुखदेव जी की उत्पत्ति कैसे हुई कथा के अंत में उन्होंने महाभारत का भी वर्णन किया श्रीमद् भागवत कथा में आज कथा परीक्षित समस्त समाज बंधुआदि ने भागवत भगवान की आरती की। आरती के उपरांत प्रसादी वितरित की गई

## मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी आदर्श गौशाला का दौरा किया। इस गौशाला का प्रबंधन श्रीकृष्णायन देसी गौ संरक्षण संगठन द्वारा किया जा रहा है

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

मध्य प्रदेश पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव श्री रमेश जी ने ग्वालियर के मोरार स्थित ललटिपारा में मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी आदर्श गौशाला का दौरा किया। इस गौशाला का प्रबंधन श्रीकृष्णायन देसी गौ संरक्षण संगठन द्वारा किया जा रहा है और इसे राज्य में गौ संरक्षण और गौसेवा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में जाना जाता है। यहाँ लगभग 10,000 से अधिक गायों की देखभाल की जाती है।दौरे के दौरान श्री रमेश जी ने गौशाला में गायों की देखभाल, प्रबंधन और स्वच्छता की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके साथ ही, उन्होंने गोबर से जैव-सीएनजी उत्पादन की 100 टन क्षमता वाली नई परियोजना को भी समझा पर्यावरण-संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना के तहत, गोबर का सही उपयोग कर जैव-सीएनजी का उत्पादन किया जा रहा है, जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल है बल्कि ऊर्जा उत्पादन का भी एक स्थायी स्रोत है।



## भाईदूज के अवसर पर वक्त गुरु सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज की विश्व के जिम्मेदारों से अपील

**सभी जिम्मेदार एक जगह इकठा हो करके युद्ध के बजाय शाति का रास्ता निकाले तो रास्ता निकल आएगा**



उज्जैन म.प्र वक्त गुरु परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने दीपावली कार्यक्रम में उज्जैन आश्रम में दिए संदेश में बताया कि जहां लड़ाई हो रही और लड़ाई के लिए तैयार देशों के रहनुमओं से हम प्रार्थना करेंगे कि आप लोग शांति का रास्ता निकाल लीजिए और शांति के पथ पर चलिए जिससे जन-धन की हानि न हो।

**विनाश के परिणामों से बचने की आवश्यकता-**आदमी एक तरफ चले जाएं और दूसरी तरफ का नुकसान हो जाए, जमीन न रह जाए, गड्ढा बन जाए, रहने के लिए मकान न रह जाए, जरूरत की चीजें बाजारों में जहां मिलती हैं, वह न रह जाए, मनुष्य के फायदे के लिए जो जानवर बनाए गए, यह न रह जाए तो आदमी क्या खाएगाड़ कहां रहेगाड़ क्या करेगाड़ इसको सोचने की जरूरत है। धन-सम्पत्ति की भी हानि होगी तो आदमी जान बचाने पर भी सुखी नहीं रह सकता। इसलिए दोनों चीजे इस वक्त पर बचाना जरूरी है।विश्व युद्ध की रूपरेखा बनाने वालो को बुला करके शांति का रास्ता निकाले तो रास्ता निकल आएगा नहीं होगा विनाशऔर उन्हीं देश के लोगों को, जो जिम्मेदार लोग हैं, बुला करके, बैठा करके बात करें। जो इस समय पर लड़ाई करके विश्व युद्ध की रूपरेखा बनाने के लिये कमर कस करके तैयार हैं, उनको बुला करके, जिम्मेदार लोग रास्ता निकाले तो रास्ता निकल सकता है नहीं तो विनाश काले विपरीत बुद्धि। बुद्धि विपरीत हो जाएगी फिर विनाश होगा।

**धरती आभा जनजाति उत्कर्ष अभियान के तहत ज़रूरतों का सर्वे करें**

## गाँवों में कैम्प लगाए,ग्रामीणों को पता होना चाहिए कि क्या काम लिए जाएँगे कुछ बाक़ी ना रहे,सैचुरेशन मोड में काम करें

**रघुनाथ सेन की रिपोर्ट**

धार /धरती आभा जनजाति उत्कर्ष अभियान के तहत ज़रूरतों का सर्वे करें। गाँवों में कैम्प लगाए,ग्रामीणों को पता होना चाहिए कि क्या काम लिए जाएँगे।कुछ बाक़ी ना रहे,सैचुरेशन मोड में काम करें। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने ये निर्देश आज समयावधि के पत्रों की समीक्षा के दौरान धरती आभा जनजाति उत्कर्ष अभियान के संबंध में चर्चा करते हुए प्रदान किए। बैठक में ज़िला पंचायत सीईओ अभिषेक चौधरी,एडीएम अश्विनी कुमार रावत सहित ज़िला अधिकारिगण उपस्थित थे। 2011 की जनगणना आधार 500 से अधिक



जनसंख्या वाले गाँव जिनकी पचास प्रतिशत आबादी एसटी है,को इसमें शामिल किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि इस श्रेणी में ज़िले के लगभग आठ सौ ग्राम आते है। उन्होंने कहा कि जो गाँव बच गए हैं उनका सर्वे कर इसमें शामिल किया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा कर लें। उल्लेखनीय है कि इस अभियान के तहत अगले 5 वर्षों में 17 मंत्रालयों के समन्वित प्रयासों से 25 योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का लक्ष्य भारत सरकार के 17 मंत्रालयों द्वारा परिपूर्णता और आउटरीच द्वारा कार्यान्वित 25 प्रयासों के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण कमियों को खत्म करना और जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है। अभियान में जनजातीय आबादी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

### हटा क्षेत्रीय ग्राम पंचायत पिपरिया किरण में श्री बहादुर पटेल जी बड्डे के निज निवास पर पहुंचे



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

संवाददाता दीपेंद्र पटेल हटा सांसद राहुल सिह लोधी साथ में विधायक प्रतिनिधि लालचंद खटीक जी राधिका पटेल जी पटेरा जनपद के पूर्व अध्यक्ष बद्री पटेलजी शेलेश पटैल गंगाराम पटेल नेताराम पटेल गोपाल पटैल ग्रामवासी उपस्थित रहे

## बाग में चारभुजा नाथ को 56 भोग लगाए: माहेश्वरी युवा संगठन ने किया अन्नकूट महोत्सव का आयोजन, किया सहभोज

**रघुनाथ सेन की रिपोर्ट**



बाग में दीपावली के बाद आगामी 15 दिवस तक अन्नकूट महोत्सव के आयोजन की शुरुआत हुई। रविवार रात में माहेश्वरी युवा संगठन ने प्रभु श्री चारभुजानाथ के भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महेश्वरी भवन को आकर्षक रूप से सजाया गया। भगवान चारभुजा नाथ का मनमोहक श्रृंगार किया और 56 भोग लगाए गए।अन्नकूट महोत्सव में भगवान की चंवर ढुलाई और महाआरती के लाभार्थी के लिए बोली लगाई गई। वरदीचंदजी रिद्धराजजी झंवर परिवार ने सर्वाधिक बोली लगाकर चारभुजा नाथ की आरती करने का लाभ लिया। इस अवसर पर सभी समाजजनों का सहभोज हुआ अन्नकूट महोत्सव में बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाजजन उपस्थित रहे।**66 हजार की बोली लगाई-**बाग के वरदीचंद रिद्धराज झंवर परिवार ने 66 हजार 666 रुपए की सर्वाधिक बोली लगाकर भगवान की आरती करने का लाभ लिया। महेश्वरी मांगलिक भवन में चारभुजा नाथ की अलंकारित तस्वीर भेंट करने पर समाजसेवी निर्मल अगाल का युवा संगठन ने सम्मान किया। सभी समाजजनों ने चारभुजा नाथ के दर्शन कर पुण्य लाभ लिए। आयोजन में समाजजनों का सहभोज भी हुआ।**ये रहे मौके पर मौजूद-**प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित झंवर, धार जिला युवा संगठन अध्यक्ष अंकित झंवर, नगर युवा संगठन अध्यक्ष रजत मानधन्या, पवन झंवर, जगदीश तापड़िया, राज मालानी हरीश बाहेती, आतुर लड्डा, गौरव तापड़िया, वेदांश अगाल, केशव अगाल, ऋषभ झंवर सहित युवा संगठन के साथियों ने अदम्य उत्साह से कार्य कर अन्नकूट महोत्सव को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन उमेश मानधन्या ने किया।



# गौमाता के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैया बरतने वालों का समर्थन करना ठीक नहीं,, संतोष चौहान

## लहार विधानसभा में विमार घायल गायों की व्यवस्था के नहीं प्रशासनिक स्तर पर ठीक इंतजाम

लहार नगर में बीमार घायल गायों के रखरखाव और चारे पानी उपचार की व्यवस्था की ओर जिम्मेदार कम ही ध्यान देते देखे जा रहे हैं इसका एक कारण यह भी है की कुछ स्वार्थी और राजनीतिक लोग इस विषय पर आवाज उठाने वाले गौसेवकों पर व्यंग कसते हुए गैर जिम्मेदाराना रवैया वरतने वाले प्रशासन के लोगों का समर्थन करके होसले बुलन्द कर रहे हैं इन्हें अपना धर्म और गौमाता नहीं दिखती स्वार्थ दिखाता है ऐसे धर्म विमुख लोग आये दिन तड़पती गौमाता के हृदय विदारक दृश्य देखते रहते हैं लेकिन इनकी संवेदनाएं और धर्म सिद्धान्त की विचारधारा पर स्वार्थ हावी रहता है कुछ अधिकारियों के आगे अंक वडाने के लिए नगर में लोगों को तर्क दे रहे हैं की गौसेवक विमार घायल गायों की व्यवस्था के लिए ज्यादा दखल अंदाजी करते हैं इस कारण जिम्मेदार सनक गये है इसलिए व्यवस्था नहीं हो रही,ऐसे सनकी जिम्मेदारों और अंक वडाने वालो धर्म विमुख लोगों को रोड पर मरती तड़पती गौ माता नहीं दिख रही जिम्मेदारों का कार्य सत्य निष्ठा से जिम्मेदारी का निर्वहन करना होता है कष्ट



गौमाता का हो रहा है, तड़प तडप कर गौमाता मर रही है जिन्दा हालत में शिकारी कुत्ते शिकार वना रहे होते हैं,गौरक्षक संतोष चौहान ने कहा की पूर्व विधायक के कार्य काल में जब गौरक्षक गौमाता की आवाज उठाते थे तो आज मनगढ़ंत तर्क देकर गौ सेवको की आवाज दवाने वाले यही लोग उस समय गौसेवकों की प्रशंसा करते देखे जाते थे गौसेवक निस्वार्थ भाव से प्रशासन का सहयोग करते हैं गौसेवा करते हैं प्रशासन के जिम्मेदार लाखों का वेतन लेते हैं और वेतन भोगी का अपनी जिम्मेदारी से विमुख होना गैर जिम्मेदाराना रवैया की श्रेणी में आता है और यदि गौरक्षक गौसेवा के विषय पर दखलंदाजी करते भी हैं तो कोई विभाग और अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का कार्य करना कैसे बन्द कर सकता है, सत्य तो यह है की वाहाना चाहिए लापरवाही एवं गौमाता की अंनदेखी करने वालों को दुसरी ओर मृत गायों की व्यवस्था तत्काल हो जाती है,इसलिए कि उसकी तत्काल व्यवस्था नहीं की तो दुर्गंध से परैशान लोग सर के बाल खींच लेंगे,जवकी अमृत गायों को उठाने के लिए अलग से कोई निश्चित वहान भी लहार प्रशासन पर उपलब्ध नहीं,विमार घायल गायों की व्यवस्था के लिए कोई वोलने वाला नहीं तो उनकी व्यवस्था करने की ओर ध्यान देना फालतू की उलझन समझी जाती है

# पिछोर मे न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के दौरान निकाली बाइक रैली

## 04 नवंबर से 09 नवंबर तक चलेगा जागरूकता अभियान

***केसरिया हिंदुस्तान ,राकेश लोधी**

पिछोर (शिवपुरी) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला शिवपुरी के तत्वाधान में प्रधान जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में÷न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह श्रृंखला÷ के कार्यक्रम का शुभारम्भ 4 नवंबर सोमवार को सुबह 10=30 बजे सिविल न्यायालय परिसर पिछोर से बाइक रैली निकालकर किया गया! इस मौके पर न्यायाधीशगण किशोर कुमार गहलोत तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष,अमनदीप सिंह छाबड़ा अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश, हरिओम अतलसिया अतिरिक्त जिला न्यायाधीश,सुश्री नेहा प्रजापति व्यवहार न्यायाधीश,शिवदयाल धाकड़ एसडीएम,शिवशंकर सिंह गुर्जर तहसीलदार,निशिकांत जैन नायब तहसीलदार,पुलिस प्रशासन के अधिकारी,कर्मचारी तथा सिविल न्यायालय के अधिवक्ता गण सहित न्यायालयींन स्टाफ आदि उपस्थित था! अतिरिक्त जिला न्यायाधीश हरिओम अतलसिया द्वारा जानकारी देते हुऐ बताया गया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार




तहसील पिछोर में सिविल न्यायालय के सभी न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण पुलिस प्रशासन आदि के सहयोग से बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों को विविध जागरूकता से संबंधित कानूनी जानकारी आदि प्राप्त हो सके !इस संबंध में आज बाइक रैली का आयोजन किया गया और यह कार्यक्रम सप्ताह भर चलेगा, जो आज 04 नवंबर से प्रारम्भ होकर 09 नवंबर तक चलेगा! जिसमें प्रत्येक दिन कुछ ना कुछ गतिविधियां लोगों को जागरूक करने के लिए होगी, तथा अंतिम दिन मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया जाएगा!

# मुरैना में जन्में ज्ञानसागर के नाम पर ज्ञान आरोग्यधाम का शुभारंभ 18 नवंबर को




**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

*** श्री ज्ञेयसागर महाराज ससंघ का मिलेगा पावन सान्निध्य**

मुरैना । सराकोद्धारक आचार्य ज्ञानसागर महा मुनिराज के आशीर्वाद से निर्मित आरोग्यधाम का शुभारंभ 18 नवंबर को खेकड़ा जिला बागपत में होने जा रहा है । ज्ञानतीर्थ मुरैना में विराजमान ब्रह्मचारिणी बहिन अनीता दीदी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार उत्तर भारत के प्रथम दिगंबराचार्य शांतिसागर महाराज छाणी परंपरा के षष्ठ पट्टाचार्य सराकोद्धारक आचार्यश्री ज्ञानसागर महा मुनिराज के पावन सानिध्य में उत्तर प्रदेश के खेकड़ा जिला बागपत में एक बहुमंजिला आधुनिक चिकित्सालय के निर्माण हेतु 11 मार्च 2019 को आधार शिला रखी गई थी । जिसकी तीन मंजिल तैयार हो चुकी हैं। पूज्य गुरुदेव के भक्तों ने उक्त चिकित्सालय का नाम ज्ञान आरोग्यधाम रखने का निर्णय लिया । वर्तमान में जहां निरंतर उपासना स्थलों का निर्माण हो रहा है, वहीं पूज्य गुरुदेव ज्ञानसागर जी महाराज ने अपने भक्तों का ध्यान शिक्षा एवम स्वास्थ्य की ओर आकर्षित किया । उन्हीं की पावन प्रेरणा एवम आशीर्वाद से बहुमंजिला सर्व सुविधायुक्त आधुनिक चिकित्सालय का निर्माण पूर्णता की ओर है । इस चिकित्सालय में गरीब/असहाय रोगियों को निःशुल्क एवम अन्य रोगियों को रियायती दर पर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। आज गुरुदेव भलेही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा दिए हुए उपदेश हमारे हृदय पटल पर अंकित हैं अहिंसा ज्ञान स्थली की 5400 गज की विशाल भूमि पर जनकल्यार्थ मेडिकल डायकनोस्टिक ज्ञान आरोग्य धाम की बहुमंजिला इमारत में लगभग 36 कमरे, 3 हॉल, प्रतिक्षालय, ओपीडी का निर्माण होगा । जिसमें सभी रोगों की चिकित्सा के साथ साथ एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी लैब, फिजियोथेरेपी, ईसीजी, ईको, आदि की सुविधा उपलब्ध होगी । ज्ञान आरोग्य धाम का शेष कार्य भी अति शीघ्र पूर्णता की ओर है । अभी निर्मित हुए तीन मंजिला भवन में ओपीडी का शुभारंभ 18 नवंबर को किया जा रहा है । ज्ञान आरोग्य धाम के उद्घाटन पर सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज ससंघ सहित अनेक साधू संत एवम गुरुभक्त मौजूद रहेंगे ।

# हर्षोल्लास से मनाया गया भैया दूज का त्योहार

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सिंह सोलंकी**



भितरवार ---- भाई बहन के स्नेह प्यार का प्रतीक भैया दूज का पर्व रविवार को उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान भाइयों के माथे टीकों से सजे दिखाई दिए। दिन भर लोगों का अपनी बहनों के यहां टीका लगाने के लिए पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। माथे पर टीका लगाते हुए बहनों ने अपने भाइयों की सलामती और दीर्घायु की दुआ मांगी। वहीं सुबह से ही दुकानों पर खरीदारी करने के लिए महिलाओं और युवतियों का तांता लगा रहा। मिठाइयों से लेकर आकर्षक तोहफों की खरीदारी की गई। बहन भाई के प्रेम को दर्शाता भैया दूज का त्योहार नगर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में की पूजा- भाई बहन के अटूट प्रेम को सूत्र में पिरोते इस त्योहार को लेकर जितना उत्साह बहनों में दिखा, उतना ही भाई भी उत्साहित दिखे। भाइयों ने भी अपनी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार दिए। बाजार में महिलाओं और युवतियों ने जमकर खरीदारी की। मंदिरों में इस मौके पर सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए तांता लगा रहा। धनतेरस, छोटी दीपावली,लक्ष्मी पूजन,गोवर्धन पूजा और भैया दूज के साथ ही छह दिवसीय दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। भाई दूज पर्व के संबंध में पंडित कमल किशोर शास्त्री ( हक्के गुरु) ने कहा कि भाई दूज का पर्व भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित पर्व है। जिसे बड़ी श्रद्धा और परस्पर प्रेम के साथ मनाया जाता है। रक्षाबंधन के बाद,भाईदूज ऐसा दूसरा त्योहार है। जो भाई बहन के अगाध प्रेम को समर्पित है। भाई दूज का पर्व दीपावली के तीसरे दिन मनाया जाता है। इस दिन भाई को तिलक लगाकर प्रेम पूर्वक भोजन कराने से परस्पर तो प्रेम बढ़ता ही है। भाई की उम्र भी लंबी होती है।

# चंबल शिक्षा एवं पर्यावरण संघ के लोगों ने मनाया एक दीप शहीदों के नाम

**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अम्बाह। दिपावाली के पावन पर्व पर अंबाह की ÷चंबल शिक्षा एवं पर्यावरण संघ टीम के युवा साथियों के द्वारा एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान युवा साथियों ने 551 दीपक जलाकर देश के वीर सपूतों को जिन्होंने भारत जैसे देश को सुरक्षित रखने के लिए अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया ऐसे वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम में अंबाह के शहीद कैप्टन वीर नारायण सिंह तोमर पार्क, शहीद रामप्रसाद बिस्मिल पार्क, शहीद दुर्गेश तोमर ÷ पीपरीपुरा÷ पार्क में एक दीप शहीदों के नाम दीपक जलाए गए इस कार्यक्रम में गांव और नगर के साथी अभिषेक सिंह तोमर, आदित्य सारवान, अमन पाठक, दीपक तोमर एसाह, सोनू तोमर पीपरीपुरा, भोलू तोमर, रवि तोमर, प्रशांत सिंह (रवि), छोटू तोमर, ओमजी तोमर, अनुज बारेह, विवेक तोमर, प्रेम सिंह राठौर, मोहित तोमर पीपरीपुरा, रोहित तोमर, रिंकू उपाध्याय, रवि गुर्जर, ब्रजमोहन तोमर आदि उपस्थित रहे।



# गंगा उत्सव के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव**

4 नवम्बर को गंगा नदी को सरकार द्वारा राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया था इसी के उपलक्ष्य में जिला गंगा समिति प्रयागराज द्वारा ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में जन-जागरूकता एवं विभिन्न प्रतियोगिताओ का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों ने गंगा उत्सव के खास मौके पर गंगा संरक्षण पर चित्रकला एवं भारत में गंगा का संस्कृति एवं आर्थिक महत्व पर निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया द्य कार्यक्रम मे उप प्रधानाचार्य जनार्दन प्रसाद दुबे , जिल परियोजना अधिकारी नमामि गंगे एशा सिंह , शिक्षक प्रमोद द्विवेदी, नगर निगम से कृष्णा कुमार मौर्य ,वन दरोगा कमलेश सिंह,रोहित चंदेल आदि उपस्थित रहे । डीपीओ ने छात्रों को बताया 2017 से हर साल गंगा उत्सव का आयोजन राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा जा रहा है द्य गंगा उत्सव का आयोजन गंगा नदी को %राष्ट्रीय नदी% घोषित किए जाने की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जाता है। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण को बढ़ावा देना, इसकी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता को उजागर करना और स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना है । कार्यक्रम में नगर निगम टीम के कम्युनिकेशन हेड कृष्ण कुमार मौर्य ने छात्रों से कचरा प्रबंधन पर चर्चा करी द्य और कहा हमें दैनिक दिनचर्या में स्वच्छता को शामिल करना चाहिए तथा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबीन में डालना चाहिए द्य इस क्रम में चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता में टॉप 3 छात्रों को पुरस्कृत किया गए । जिसमे प्रथम स्थान पर कृतिका केसरी, द्वितीय स्थान पर अशीम सिंह, तृतीय स्थान पर इंद्राणी को पुरस्कृत किया गया द्य कार्यक्रम का समापन गंगा स्वच्छता शपथ लेकर किया गया

# महेश बसावतिया का जयपुर में किया सम्मान

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रवि शर्मा ब्यूरो चीफ झुंझुनूं**



जयपुर/झुंझुनूं राष्टीय स्तरीय विप्र समाज के नेता अनुराग शर्मा , सप्त रिषी मंडल के अध्यक्ष देवी शंकर शर्मा व समाजसेवी व विप्र समाज के नेता हरी शर्मा ने झुंझुनूं के विप्र समाज नेता का निज निवास कोर्ट सर्किल के पास दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया । इस अवसर पर महेश बसावतिया ने विप्र समाज की तीनो विभूतियों का इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया ।

# तहसील महावन में जिलाधिकारी के अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी ने दो शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण

**जिला संवाददाता नीरज चतुर्वेदी/दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**



मथुरा। दीपावली की छुट्टी होने के कारण आज सोमवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया,जिसमें जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय के साथ साथ सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वही जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में जनता की शिकायतों को ध्यान पूर्वक सुना गया। उप जिलाधिकारी महावन आदेश कुमार ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 शिकायतों का मोके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतें संबंधित विभागों को भेज दिया गया। वहीं जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक किए जाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस की शिकायतों को बड़ी प्रमुखता से संज्ञान लिया। वह पुलिस की शिकायतों को लेकर संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए के जनता के प्रति पुलिस का बड़ा ही सरल व समृद्ध व्यवहार होना चाहिए। वहीं कप्तान साहब ने कहा कि पुलिस एक ऐसा पहलू है की हर एक आदमी पुलिस के पास शिकायत लेकर आता है कुछ अधिकारी ऐसे होते हैं जो जनता की बातों को नहीं सुनते उनको खास निर्देश दिए कि अगर ऐसा देखा गया कि किसी भी अधिकारी ने जनता के किसी व्यक्ति के साथ अनुचित व्यवहार किया है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।जिलाधिकारी ने बताया कि जनता ही सर्वोपरि होती है जनता की समस्याओं को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करना हमारी पहली प्राथमिकता है। सभी अधिकारियों को हिदायत देते हुए जिले के आला अधिकारियों ने भी जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने की नसीहत दी।इसी क्रम उप जिलाधिकारी मांट अभिनव ने जानकारी देते बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में आज मांट तहसील के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 12 शिकायत प्राप्त हुई और 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को फॉरवर्ड कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश दिए। तहसीलीदार मनीष ने अवगत कराया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देश में सम्पूर्ण समाधान दिवस लगाया गया, जिसमें 4 शिकायत मिली 01 शिकायत का निस्तारण किया गया। छाता तहसील में 13 तथा सदर तहसील में 03 शिकायत प्राप्त हुई।

# केंद्रीय मंत्री श्री उईके की अध्यक्षता में शतायु मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का हुआ भव्य शुभारंभ



**केसरिया हिंदुस्तान रिपोर्टर**

बैतूल। शतायु मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का बडोरा में रविवार को भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री दुर्गा दास उइके तथा मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, विशिष्ट अतिथि बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल और आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्थापक एवं डायरेक्टर द्वय द्वारा हॉस्पिटल में महानगरों की तर्ज पर उपलब्ध अत्याधुनिक मशीनों से अत्यंत कम शुल्क में रोगों के इलाज करने की जानकारी दी गई। साथ ही अतिथियों ने भी हॉस्पिटल से संबंधित जानकारी प्राप्त की। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदिवासी बाहुल्य जिले में महानगरों की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का सराहनीय प्रयास हॉस्पिटल संचालकों द्वारा किया गया जो बधाई के पात्र है। कार्यक्रम में संस्थापक रेवती प्रसाद सरले, जयप्रकाश सरले, डायरेक्टर डॉ.ललित सरले, डॉ.मेघा वर्मा, संजय रघुवंशी, डॉ.चंद्रभान रघुवंशी, जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश फाटे, पूर्व जनपद सदस्य पर्वत धोटे सहित ब?ी संख्या में जनमानस, ड्यूटी डॉक्टर, स्टाफ उपस्थित थे।

## गो शाला में गो रक्षा दिवस मनाया



**दिनेश शुक्ला**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**

आलोट नगर के बस स्टेंड के पास श्री गोवर्धन गोशाला में गो रक्षा पर्व मनाया गया।इस अवसर पर गो माता का पूजन कर मनाया गया जिसमें जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालुसिंह परिहार गो शाला अध्यक्ष मनीष सेठिया,सचिव भंवरलाल शर्मा कोषाध्यक्ष बद्रीलाल झंडी,हरिशंकर जोशी,विमल ठेकेदार, उद्योगपति संजय डुंगरवाल, गो शाला मैनेजर महावीर दास बैरागी आदि उपस्थित में गायों को गुड,पशु आहार खिला कर मनाया गया

### टीकमगढ़ में जमीन के विवाद में लाठी-डंडे चले

## मारपीट में 6 लोग घायल, 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**जिला ब्यूरो/मनोज सिंह**

टीकमगढ़ जिले के डुडियन खेरा गांव में जमीन के विवाद में रविवार को दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। दोनों तरफ से छह लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।बलदेवगढ़ थाना प्रभारी मनोज सोनी के मुताबिक, गांव में यादव समाज के दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। फिलहाल, पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत करा दिया है। घटना का वीडियो सोमवार को वायरल हुआ है, जिसमें लोग लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी लिए दिखाई दे रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का किया शुभारंभ, 54 लाख की लागत से ग्राउंड बनकर तैयार हुआ; बॉयज-गर्ल्स के लिए होगी अलग शिफ्ट

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**जिला ब्यूरो/मनोज सिंह**

टीकमगढ़। शहर के पुलिस लाइन ग्राउंड पर सोमवार को केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने तीन खेल मैदानों का उद्घाटन किया। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण 54 लाख रुपए की लागत से किया गया है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगर और सीएसआर फंड से तैयार किए गए खेल ग्राउंड में खिलाड़ी रोजाना प्रैक्टिस कर पाएंगे।एसपी मनोहर मंडलोई ने बताया कि 13 मार्च 2024 को पुलिस लाइन ग्राउंड में तीन खेल मैदानों के निर्माण का भूमि पूजन किया गया था। 54 लाख रुपए की लागत से खेल ग्राउंड तैयार किए गए हैं। आज केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना, कलेक्टर अवधेश शर्मा और एसपी मनोहर मंडलोई के साथ फीता काटकर नव-निर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा- खेलकूद प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने के लिए पुलिस लाइन ग्राउंड में 3 नए खेल मैदान बनाए गए हैं।



उन्होंने बताया कि सीएसआर फंड से 54.46 लाख की लागत से लॉन टेनिस, वॉलीबॉल और बास्केट बॉल कोर्ट का निर्माण किया गया है। नए खेल मैदान तैयार होने से पुलिस स्टाफ के साथ शहर के बच्चों को बेहतर खेलकूद की केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ओपन ग्राउंड के साथ इनडोर स्टेडियम बनाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही शासन स्तर से राशि स्वीकृत होने के बाद इनडोर स्टेडियम का काम शुरू कराया जाएगा। निरीक्षक कैलाश पटेल ने बताया कि ग्राउंड के चारों ओर हाईमास्ट लाइट लगा दी गई है। जिससे दिन के साथ रात में भी लोग खेल का आनंद उठा सकेंगे। अब तीन नए खेल मैदान बन जाने से खिलाड़ियों को काफी सुविधा हो जाएगी।एडिशनल एसपी सीताराम ने बताया कि खेल मैदान में लड़की और लड़कियों के खेलने के लिए अलग-अलग शिफ्ट तैयार की जाएगी। खिलाड़ियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा पुलिस स्टाफ को खेलने के लिए अलग से समय तय किया जाएगा। रोशनी का इंतजाम होने के कारण दिन के साथ-साथ खिलाड़ी रात में भी प्रैक्टिस कर सकेंगे।केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना, सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा, कलेक्टर अवधेश शर्मा, एसपी मनोहर मंडलोई, अश्वनी चढ़ार, रवि किरण त्रिपाठी, सुरेश दौंदेरिया, प्रमोद पटसारिया, अरविंद खटीक, देवेंद्र नापित, डॉ सुमित उपाध्याय, जीतू सेन, रोहित खटीक सहित अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

## आज दमोह स्थित राज्य मंत्री लखन पटेल कार्यालय में अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराने पहुंचे नागरिक



**राजेश कुमार पटेल**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला प्रमुख की खबर**

दमोह,- प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल के दमोह स्थित कार्यालय आमजन अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार) श्री पटेल के दमोह स्थित कार्यालय पहुंचकर अपनी -अपनी समस्याओं से मंत्री श्री पटेल को अवगत कराया, तत्पश्चात आमजनो की समस्याओं को सुनते हुए ,राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार )मध्य प्रदेश शासन श्री पटेल ने समस्याओं को समझते हुए ,जिस विभाग की समस्याओं संबंधित जानकारी प्राप्त की तत्पश्चात अधिकारियों को अवगत कराया । राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने आम जनों की समस्याओं को सुनकर उनसे आग्रह किया। कि जनता जनार्दन ने आज मुझे सेवा करने का अवसर दिया है। आप लोगों के पूर्ण विश्वास पर सेवा में तत्पर खड़ा हूं। राज्य मंत्री श्री लखन पटेल ने कहा कि हमारी भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है। और कहा कि आगामी समय में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी का भी यही संकल्प है कि आगे मध्य प्रदेश प्रत्येक नागरिकों को भाजपा सरकार कि प्रत्येक योजनाएं जनता जनार्दन तक पहुंचे और पहुंचने का कार्य की जा रही है।

## भोजाखेड़ी पुलिस चौकी बंद थी वह वापस शुरू






**दिनेश शुक्ला**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**

क्षेत्र में वर्षों से कंजरौ का आतंक फैला हुआ है इसको समाप्त करने के लिए कई बार पुलिस प्रशासन के द्वारा प्रयास भी किए गए परंतु वे प्रयास नाकामयाब सिद्ध हुए हैं दिन प्रतिदिन कंजर की बढ़ती वारदातों को लेकर अब प्रशासन ने इस समस्या का हल करने के लिए पुलिस चोकी शुरू की है विगत दिनों भोजाखेड़ी में किसानों के ऊपर कंजरौ के द्वारा फायरिंग कर दी गई थी। इसके बाद से ही पुलिस अधीक्षक अमित सिंह ने कंजरो परसख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए स्वयं ने आलोट थाने पर पहुंचकर कंजर प्रभावित क्षेत्र का दौरा भी किया था और एसडीओपी शाबेरा अंसारी एवं थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान को टीम बनाकर कंजरो पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे कंजर प्रभावित क्षेत्र के दौरे के दौरान एसपी अमित सिंह ने भोजाखेड़ी एव कांनडिया चौकी जो लगभग 10 से अधिक वर्षों से बंद पड़ी थी उसको चालू करने के निर्देश दिए थे एसपी अमित सिंह के निर्देश का पालन करते हुए थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने शनिवार को ग्रामीण जनों की उपस्थिति में चौकी काशुभारंभ किया है एवं चौकी प्रभारी के रूप में एसआई प्रमोद राठौड़ को नियुक्त किया है वही चौकी पर पुलिस बल की नियुक्ति भी कर दी गई है। इस चौकी के प्रारंभ होने से अब इस क्षेत्र के किसानों को कंजर की समस्या से राहत मिलने की पूरी पूरी उम्मीद है।

### इनका कहना

पुलिस चोकी चालू होने से कंजर की गतिविधि पर रोक लगेगी और गाँववासीयो को राहत मिलेगी। सरपंच महेंद्र सिंह परिहार भोज़ारखेड़ी।

## थाना अमहिया पुलिस द्वारा शराब के नशे में मदहोश शराबी चालक के विरुद्ध शराब पीकर वाहन चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई कार हुई थाने में जप्त।

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सिरमौर चौराहा फ्लाई ओवर के ऊपर एक इंडिगो टाटा कार क्रमांक MP®4T7184 का चालक कालेज चौराहा तरफ से काफी तेजगति से आते हुये दिखाई दिया जिसे रोकने का प्रयास किया गया जो कार रोकते रोकते सिरमौर चौराहा फ्लाई ओवर के ऊपर बाउंड्री में ठोकर मार दिया जिस पर उक्त कार को रोककर कार के चालक से उसका नाम पता पूछा गया जो अपना नाम प्रकाश उर्फ अखिलेश तिवारी पिता दिनेश तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी जोरौट थाना मनगंवा जिला रीवा का होना बताया कार चालक के मुह से शराब जैसी दुर्गंध आने पर बीथ




एल्कोवाईजर से के द्वारा शराब के नशे में वाहन चलाया जाना पाये जाने पर एवं मौके से वाहन के वैध कागजात पेश नही करने पर मुताबिक जप्ती पत्रक के समक्ष गवाह फिरोज अंसारी निवासी डाक्टर कालोनी के पास रीवा थाना अमहिया जिला रीवा के दिनांक 04/11/24 के 14.30 बजे इंडिगो टाटा कार क्रमांक स्क्र04ञ्ञ7184 को चालक प्रकाश उर्फ अखिलेश तिवारी के कब्जे से जप्त किया जाकर कब्जे पुलिस लिया गया। जप्तशुदा उपरोक्त कार को सूरक्षार्थ थाना परिसर में खडी कराया जाकर कार की चाभी एचसीएम के सुपुर्द की गई। उक्त कार चालक प्रकाश उर्फ अखिलेश तिवारी पिता दिनेश तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी जोरौट थाना मनगंवा जिला रीवा के व्दारा शराब पीकर वाहन चलाने तथा मौके पर वाहन का कागजात ना प्रस्तुत करने का कृत्य मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185,130 (3)/177 के तहत कार्यवाही की गई

### महत्वपूर्ण भूमिका

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल प्र.आर. 873 मकरध्वज तिवारी आर.577 पीयूष मिश्रा आर. 204 विकास तिवारी आर. 520 विक्रम वर्मा,आर 232 मनोज यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 30 सालो से हिन्दू बहन से भाई का रिश्ता निभा रहे मुस्लिम निज़ामुद्दीन

### हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल कायम करता है भाई बहन का पवित्र रिश्ता



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**नौशाद अहमद कुरैशी ब्यूरो चीफ**

श्योपुर- कहते है ना कि भाई बहन का रिश्ता किसी मजहब की जंजीरों में बंध कर नही रह सकता इसकी एक बानगी कोटरा गांव की मुस्लिम परिवार में देखने को मिली जहाँ हिंदू समाज की महिला को बहन बनाकर पिछले 30 सालों से भाई का हर फर्ज अदा कर रहा एक मुस्लिम समाज का भाई जिले में कौमी एकता की मिशाल बना हुआ है। कोई सगा भाई भले ही बहन को भाईदूज पर तिलक कराना और रक्षाबंधन पर राखी बंधवाना भूल सकता है लेकिन यह भाई मुंह बोला और मुस्लिम होते हुए भी मुश्किल से मुश्किल परिस्थितियों में त्योहारों पर बहन को याद करना नहीं भूलता। साथ ही अपनी बहन के यहां होने वाली हर शादी-विवाह या दूसरे कार्यक्रमों में भात-पछ देना और सामाजिक रीति-रिवाजों को पूरा करना भी नहीं भूलता। इसकी चर्चा अब पूरे जिले भर में होने लगी है।हम बात कर रहे हैं जिले के कोटरा गांव निवासी 59 वर्षीय निजामुद्दीन खान की, जिन्होंने 1994 में अपनी बहन का इंतकाल हो जाने के बाद आदिवासी समाज की महिला गजरी आदिवासी को मुंहबोली बहन बना लिया। तब से लेकर अभी तक वह भाई का हर फर्ज अदा करते चले आ रहे हैं। रविवार को भी भाईदूज पर वह अपनी बहन गजरी आदिवासी की ससुराल सेमल्दा गांव पहुंच गए और बहन से माथे पर मंगल तिलक लगवाकर आशीर्वाद लिया। निजामु?द्दीन बताते हैं कि जब उनकी बहन की मौत हुई थी, उसी दौरान , तभी से वह उन्हें अपनी बहन मानते हैं और वह हर रक्षाबंधन से लेकर भाईदूज व अन्य त्योहारों पर हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार अपनी बहन के हर कार्यक्रम में शामिल होते हैं। उनकी मुंह बोली वहन के यहां जब भी शादी होती है तो वह भात लेकर और बच्चा होने पर पछ लेकर पहुंच जाते हैं। गजरी उनकी सगी बहन की तरह ही है वह भले ही मुस्लिम वर्ग से संबंध रखते हैं लेकिन वह अपनी वहन के सभी कार्यक्रमों में शामिल होना कभी नहीं भूलते वह आजीवन गजरी के भाई वनकर अपना कर्तव्य निभाएंगे और उनके बच्चे भी मामा- बुआ की तरह ही रिश्तों को निभा रहे हैं।मेरे पिता और हम हमारी बुआ के यहां तिलक करवाने, राखी बंधवाने हर बार जाते है। हमें वहुत अच्छा लगता है। वह भले ही दूसरे समाज से हैं और मुहवोली है लेकिन, हमें ऐसा कभी नहीं लगा कि, वह हमसे अलग है। वह हमें सगी बुआ से भी ज्यादा स्नेह करती है।

## कोतवाली पुलिस जुआ खेलते हुए 9 जुआरियों को पकड़ा नगदी 21,050 सहित




### लाखों का माल बरामद

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

उपचुनाव की आदर्श आचार संहिता के तहत अवैध रूप से जुआ सट्टा पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार शुक्ला, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्ग निर्देशन थाना प्रभारी मनोज मालवीय के द्वारा मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नदी चौराहा सीवन नदी घाट पर बनी टापरी में कुछ लोग रुपए पैसों से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना की तस्दीक में थाना प्रभारी द्वारा हमराह स्टाफ के मौके पर पहुंचे तो 9 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा जिनके कब्जे से नगदी 21050 रुपए 52 ताश के पते 7 स्मार्टफोन व एक कीपैड मोबाइल मशरूका 1.50 लाख रुपए करीबन का जप्त किया गया।

### सराहनीय भूमिका

उपनिरीक्षक मनोज मालवीय,प्रधान आरक्षक महेंद्र रैदास,प्रधान आरक्षक ललित पांडे,प्रधान आरक्षक विजय बोबडे,आरक्षक चंद्रभान सेन,आरक्षक राजेंद्र वर्मा,आरक्षक जीवन सिंह की भूमिका रही।

## वीआईटी विश्वविद्यालय में चल रही अनियमितताओं एवं विद्यार्थीयों के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ 5 नवम्बर को अभाविप करेगी प्रदर्शन

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सीहोर। अभाविप के द्वारा सोमवार को स्थानीय कार्यमंगलम् में पत्रकार वार्ता आयोजित कर बताया कि अभाविप वीआईटी विश्वविद्यालय में लगातार बढ़ रही अनियमितताओं एवं छात्र-छात्राओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) 5 नवम्बर दिन मंगलवार को प्रदर्शन करेगी। अभाविप ने पहले भी इन मुद्दों पर विश्वविद्यालय प्रबंधन से बातचीत करने का प्रयास किया था, परंतु विश्वविद्यालय के कुलपति और रजिस्ट्रार ने सीधी बातचीत से इनकार कर दिया। अभाविप के विरोध प्रदर्शन के बाद ही प्रबंधन ने चर्चा के लिए सहमति दी।वीआईटी विश्वविद्यालय में दिनांक 06 अक्टूबर 2024 की रात्रि में कई गंभीर घटनाएँ हुई हैं, जिनमें छात्रावास के बाथरूम में छात्रा द्वारा ही छात्राओं का नहाते हुए वीडियो बनाया गया एवं वायरल किया गया। जब पीड़ित छात्राओं ने इस घटना की शिकायत के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन से संपर्क किया, तो प्रबंधन ने छात्रों की बात सुनने के बजाय 74 छात्र-छात्राओं को निलंबित कर दिया, जिनमें से 12 छात्र/छात्रों को



स्थायी रूप से निलंबित किया गया और कुछ को 6 महीने से लेकर एक साल तक पढ़ाई से वंचित कर दिया गया।इसके अलावा, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पर एक सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट करने का आरोप है, जिसकी शिकायत आष्टा थाने में दर्ज कराई गई है। अभाविप ने इस विषय में विश्वविद्यालय प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें उन्होंने छात्रों के अधिकारों की रक्षा करने और रजिस्ट्रार जैसे अपराधियों को विश्वविद्यालय से निलंबित करने की मांग की थी। विश्वविद्यालय ने इन मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज दिनांक 04 नवम्बर 2024 तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जो उनके तानाशाही रवैये को दर्शाता है। वी.आई.टी. विश्वविद्यालय द्वारा शासकीय एवं निजी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। जिसको लेकर आज 5 नवम्बर को वीआईटी विश्वविद्यालय में उग्र आंदोलन करेगी। इस आंदोलन प्रदर्शन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन एवं वीआईटी विश्वविद्यालय प्रबंधन की होगी।

## भाईदूज पर्व के अवसर पर जिला जेल दमोह में परिरूद्ध बंदियों से माता-बहनों की कराई गई खुली मुलाकात

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला प्रमुख की खबर**

भाई दूज के पर्व पर जिला जेल दमोह में परिरूद्ध बंदियों की माता-बहनों द्वारा उनके भाईयों से भाई दूज मनाये जाने हेतु केन्द्रीय जेल सागर के निर्देशानुसार विशेष खुली मुलाकात प्रातः 09 बजे से प्रांरभ कर दोपहर 02 तक नियमानुसार सम्पन्न कराई गई। जिसमें 135 भाईयों से 270 बहनो ने एवं 06 परिरूद्ध महिला बंदियों से उनके 06 भाईयों को रक्षासूत्र बांधकर एवं कुमकुम तिलक लगाकर, मुंह मीठा कर मुलाकात की। कुल 141 बंदियों से 276 परिजनों की मुलाकात कराई गई।

## 100 जानकारी जिसका ज्ञान सबको होना चाहिए

**(छिंदवाड़ा से मारुति लाल विश्वकर्मा)**

1.योग,भोग और रोग ये तीन अवस्थाएं है।
2. लकवा - सोडियम की कमी के कारण होता है ।
3. हाई वी पी में - स्नान व सोने से पूर्व एक गिलास जल का सेवन करें तथा स्नान करते समय थो?ा सा नमक पानी मे डालकर स्नान करे ।
4. लो बी पी - सेंधा नमक डालकर पानी पीयें ।
5. कूब? निकलना- फास्फोरस की कमी ।
6. कफ - फास्फोरस की कमी से कफ बिग?ता है , फास्फोरस की पूर्ति हेतु आर्सेनिक की उपस्थिति जरुरी है । गुड व शहद खाएं
7. दमा, अस्थमा - सल्फर की कमी ।
8. सिजेरियन आपरेशन - आयरन , कैल्शियम की कमी ।
9. सभी क्षारीय वस्तुएं दिन डूबने के बाद खायें ।
10. अम्लीय वस्तुएं व फल दिन डूबने से पहले खायें ।
11. जम्भाई- शरीर में आक्सीजन की कमी ।
12. जुकाम - जो प्रातः काल जूस पीते हैं वो उस में काला नमक व अदरक डालकर पियें ।
13. ताम्बे का पानी - प्रातः ख? होकर नंगे पाँव पानी ना पियें ।14. किडनी - भूलकर भी ख? होकर गिलास का पानी ना पिये ।
15. गिलास एक रेखीय होता है तथा इसका सर्फेसटेन्स अधिक होता है । गिलास अंग्रेजो ( पुर्तगाल) की सभ्यता से आयी है अतः लोटे का पानी पियें, लोटे का कम सर्फेसटेन्स होता है ।
16. अस्थमा , मधुमेह , कैंसर से गहरे रंग की वनस्पतियाँ बचाती हैं ।
17. वास्तु के अनुसार जिस घर में जितना खुला स्थान होगा उस घर के लोगों का दिमाग व हृदय भी उतना ही खुला होगा ।
18. परम्परायें वहीँ विकसित होगीं जहाँ जलवायु के अनुसार व्यवस्थायें विकसित होगीं ।
19. पथरी - अर्जुन की छाल से पथरी की समस्यायें ना के बराबर है ।
20. ऋह्र का पानी कभी ना पियें यह गुणवत्ता को स्थिर नहीं रखता । कुएँ का पानी पियें । बारिस का पानी सबसे अच्छा , पानी की सफाई के लिए सहिजन की फली सबसे बेहतर है ।
21. सोकर उठते समय हमेशा दायीं करवट से उठें या जिधर का स्वर चल रहा हो उधर करवट लेकर उठें ।
22. पेट के बल सोने से हर्निया, प्रोस्टेट, एपेंडिक्स की समस्या आती है । 23. भोजन के लिए पूर्व दिशा , पढाई के लिए उत्तर दिशा बेहतर है ।
24. ॥छ्ररु ब?ने से मोटापा कम होगा स्छ्ररु व ड्डस्छ्ररु कम होगा ।
25. गैस की समस्या होने पर भोजन में अजवाइन मिलाना शुरू कर दें ।26. चीनी के अन्दर सल्फर होता जो कि पटाखों में प्रयोग होता है , यह शरीर में जाने के बाद बाहर नहीं निकलता है। चीनी खाने से पित्त ब?ता है ।
27. शुक्रोज हजम नहीं होता है फ्रेक्टोज हजम होता है और भगवान् की हर मीठी चीज में फ्रेक्टोज है ।
28. वात के असर में नींद कम आती है ।29. कफ के प्रभाव में व्यक्ति प्रेम अधिक करता है ।
30. कफ के असर में पढाई कम होती है ।
31. पित्त के असर में पढाई अधिक होती है ।33. आँखों के रोग - कैट्रेक्टस, मोतियाविन्द, ग्लूकोमा , आँखों का लाल होना आदि ज्यादातर रोग कफ के कारण होता है ।
34. शाम को वात-नाशक चीजें खानी चाहिए ।35. प्रातः 4 बजे जाग जाना चाहिए ।
36. सोते समय रक्त दवाव सामान्य या सामान्य से कम होता है ।
37. व्यायाम - वात रोगियों के लिए मालिश के बाद व्यायाम , पित्त वालों को व्यायाम के बाद मालिश करनी चाहिए । कफ के लोगों को स्नान के बाद मालिश करनी चाहिए ।
38. भारत की जलवायु वात प्रकृति की है , दौ? की बजाय सूर्य नमस्कार करना चाहिए ।
39. जो माताएं घरेलू कार्य करती हैं उनके लिए व्यायाम जरुरी नहीं ।
40. निद्रा से पित्त शांत होता है , मालिश से वायु शांति होती है , उल्टी से कफ शांत होता है तथा उपवास ( लंघन ) से बुखार शांत होता है ।41. भारी वस्तुयें शरीर का रक्तदाब बढाती है , क्योंकि उनका गुरुत्व अधिक होता है ।
42. दुनियां के महान वैज्ञानिक का स्कूली शिक्षा का स?र अच्छा नहीं रहा, चाहे वह 8 वीं फेल न्यूटन हों या 9 वीं फेल आइस्टीन हों ,
43. माँस खाने वालों के शरीर से अम्ल-स्राव करने वाली ग्रंथियाँ प्रभावित होती हैं ।
44. तेल हमेशा गा?ा खाना चाहिएं सिर्फ लकडी वाली घाणी का , दूध हमेशा पतला पीना चाहिए ।
45. छिलके वाली दाल-सब्जियों से कोलेस्ट्रोल हमेशा घटता है ।
46. कोलेस्ट्रोल की ब?ी हुई स्थिति में इन्सुलिन खून में नहीं जा पाता है । ब्लड शुगर का सम्बन्ध ग्लूकोस के साथ नहीं अपितु कोलेस्ट्रोल के साथ है ।
47. मिर्गी दौरे में अमोनिया या चूने की गंध सूँघानी चाहिए ।
48. सिरदर्द में एक चुटकी नौसादर व अदरक का रस रोगी को सुंघायें ।
49. भोजन के पहले मीठा खाने से बाद में खट्टा खाने से शुगर नहीं होता है ।
50. भोजन के आधे घंटे पहले सलाद खाएं उसके बाद भोजन करें ।
51. अवसाद में आयरन , कैल्शियम , फास्फोरस की कमी हो जाती है । फास्फोरस गुड और अमरुद में अधिक है 52. पीले केले में आयरन कम और कैल्शियम अधिक होता है । हरे केले में कैल्शियम थोडा कम लेकिन फास्फोरस ज्यादा होता है तथा लाल केले में कैल्शियम कम आयरन ज्यादा होता है । हर हरी चीज में भरपूर फास्फोरस होती है,

# काशी के 36 प्रदेश के प्रतिनिधियों ने गौ ध्वज समर्पित कर किया शङ्कराचार्य जी का स्वागत व अभिनंदन

**केसरिया हिन्दुस्तान अखबार**
**गोटेगांव संवाददाता भानु प्रताप राय**

36 दिन में 36 राज्यों में गौध्वज प्रतिष्ठित कर काशी पधारे परमाराध्य परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री~ अविमुक्तेश्वरानंद~ सरस्वती जी महाराज का काशी में रहने वाले 36 राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने पारंपरिक परिधान,राजकीय चिन्ह व गौध्वज के साथ अद्भुत स्वागत व अभिनंदन किया।काशी पधारे शंकराचार्य,पालकी पर निकली सवारी,जयघोष के साथ हुई पुष्पवर्षा व आतिशबाजी मातृशक्ति ने शंकराचार्य जी को लगाया 56 भोग उतारी आरती36 दिन में 36 राज्यों में गौध्वज प्रतिष्ठित कर,महाराष्ट्र में गौमाता को राज्यमाता घोषित करवाकर,भदोही स्थित अजोराधाम मंदिर में जगद्गुरुगुरुकुलम की एक नई शाखा का उद्घाटन कर कल देर रात काशी पहुचने पर परमाराध्य परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री~ अविमुक्तेश्वरानंद~ सरस्वती जी महाराज का भारी संख्या में उपस्थित सन्तों,भक्तों व काशीवासियों ने जोरदार ढंग से पुष्पवर्षा,आतिशबाजी के साथ जयघोष करते हुए शंकराचार्य जी को पालकी में आरू[कराकर क्षेत्र में सवारी निकाली।शंकराचार्य जी के निकली सवारी के दौरान क्षेत्रवासी प्रफुल्लित होकर अभिनंदन व वंदन कर रहे थे।उक्त जानकारी देते हुए परमधर्माधीश शंकराचार्य जी महाराज के



मीडिया प्रभारी सजंय पाण्डेय जी ने बताया कि परमधर्माधीश शंकराचार्य जी महाराज के आगमन से सन्तों भक्तों में असीम ऊर्जा की लहर दौड़ गई।श्रीविद्यामठ को फूलों व हजारों दीपक से सजाया गया था।श्रीविद्यामठ पहुचने पर सर्वप्रथम संतोष चौबे व चांदनी चौबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य शंकराचार्य जी महाराज के चरणपादुका का पूजन किया।श्रीविद्यामठ में उपस्थित देश विदेश से आए भक्तों ने शंकराचार्य जी महाराज को 56 भोग समर्पित कर सामूहिक रूप से आरती उतारी।कल भक्तों ने शंकराचार्य जी महाराज के आगमन पर पुनः दीपावली मनाई।

**शङ्कराचार्य बिरुदावली गीत का हुआ लोकार्पण**–साध्वी पूर्णाम्बा जी द्वारा रचित गीत जगद्गुरु बिरुदावली गान का लोकार्पण आज श्रीविद्यामठ में ज्योतिर्मठ के शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती जी महाराज के कर-कमलों से हुआ।साध्वी पूर्णाम्बा जी ने कहा कि शङ्कराचार्य जी के प्रवचन के पूर्व संस्कृत भाषा में बोली जाने वाली बिरुदावली का यह संस्कृत से हिन्दी काव्यानुवाद है जो ज्योतिर्मठ के 55वें वर्तमान जगद्गुरु शङ्कराचार्य जी महाराज के श्रीचरणों में समर्पित हो रहा है।इसकी रचना साध्वी पूर्णाम्बा जी ने की केरल के श्री सुशील जी ने इसे स्वर दिया है और इसका प्रकाशन ज्योतिर्मठ बदरिकाश्रम हिमालय की ओर से हुआ है जिसको रिकार्डिंग कर प्रस्तुति श्री विश्वनाथ जी ने किया है।।

### समस्त कार्यक्रम के दौरान सर्वश्री-

गौसांसद साध्वी पूर्णाम्बा दीदी,शारदाम्बा दीदी,ब्रम्ह्चारी मुकुंदानंद,ब्रम्ह्चारी परमात्मानंद,संजय पाण्डेय,मीडिया प्रभारी,राजेन्द्र तिवारी विश्वनाथ मंदिर महंत,राजनाथ तिवारी विशालाक्षी मन्दिर महन्त,डॉ परमेश्वर दत्त शुक्ल,सत्तन पाण्डेय,अनिल पाण्डेय,रवि त्रिवेदी,कीर्ति हजारी शुक्ला,यतीन्द्र चतुर्वेदी,राकेश पाण्डेय,सदानंद तिवारी,अभय शंकर तिवारी,अनुराग दुबे,अजित मिश्रा,आशीष गुप्ता,अमित तिवारी,सावित्री पाण्डेय,लता पाण्डेय,विजया तिवारी सहित भारी संख्या में सन्त व भक्त उपस्थित थे।

## बरगद पीपल के छांव अरपा नदी के तीर है मटिया मोर गांव वेद परसदा रविंया ए राज कुमार निर्णेजक सर के नामः सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन

बिलासपुर। मस्तूरी विकास खण्ड के संकुल केन्द्र मटिया में सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक राजकुमार निर्णेजक,सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन सहायक,राजेश सिंह क्षत्रि, चितरंजन राठौर,उपसरपंच महेंद्र चेलिके, एसएमसी अध्यक्ष राधेश्याम सिंह चंदेल, सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर कल्याण व दीप प्रज्वलित किया गया । तत्पश्चात अतिथियों को संकुल के सभी स्टाफ द्वारा पुष्पा गुछ देकर स्वागत किया गया । जिसमें संकुल समन्वयक सतीश महिलांगे ने संकुल की ओर से सेवानिवृत शिक्षक के कार्य को उल्लेख किया जिसमें 16 साल से रहे मटिया में बच्चों द्वारा अच्छे कार्य को उल्लेख किया जिसमें आज हमें एहसास हो रहा है की सेवानिवृत शिक्षक राजकुमार निर्णेजक हमारे बीच में ही रहेंगे और अनुरोध किया की हमेशा स्कूल आता रहे और बच्चों को अच्छे से जानकारी दिया करें सेवानिवृत्ति नहीं हुए हैं आज हमारे बीच में ही है समय-समय पर आकर हम लोग को दिशा निर्देश दिए और उसको हम लोग पालन करने के लिए तैयार हैं। विकास खण्ड सहायक शिक्षा अधिकारी शिव राम टंडन अध्यक्षता करते हुए उद्बोधन में कहा बरगद पीपल के छांव अरपा नदी के तीर है मटिया मोर गांव वेद परसदा रविंया ए राज कुमार निर्णेजक सर के नाम इस तरह से विकासखंड की ओर से राजकुमार निर्णेजक को विदाई के साथ-साथ उसके अच्छे कार्यों को सदैव याद करता रहेगा। जिसमें मुख्य रूप से संकुल प्रभारी श्रीमती श्रेया उपाध्याय, संकुल समन्वयक सतीश महिलांगे,शिव कुमार प्रधान, सुरेन्द्र कोरी, केसरी मेडम, चंन्द्राकर मेडम,गेदराम महिलांगे,विनय श्रीवास्तव,टिकम सिंह नायक,किशोर कुजुर, दिलीप कुमार कौशिक, सतीश कुमार मिश्रा, मुन्ना प्रसाद टंडन, कार्यक्रम आभार प्रदर्शन सतीश कुमार महिलागें,मंच संचालन सुनिल चौधरी संकुल प्रभारी शैक्षिक समन्वयक समस्त प्रधान पाठक शिक्षक व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट जांजगीर चांपाग्मासिक परीक्षा में टॉप करने वाले बच्चों ने किया साइंस सेंटर रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण

जांजगीर-चांपा। शिक्षा में उत्कृष्टता की दिशा में जांजगीर-चांपा जिले में कलेक्टर आकाश छिकारा के नेतृत्व में ÷उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा÷ अभियान चलाया जा रहा है ।कार्यक्रम के तहत जिले के शिक्षा स्तर को बढ़ावा देने के लिए नियमित मासिक परीक्षाओं के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बोलेगा बचपन, पढ़ाई का कोना, आज हमने क्या सीखा, पुस्तक दान अभियान, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा मॉक टेस्ट, शैक्षणिक भ्रमण सहित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में सितंबर माह की मासिक परीक्षा में जिले की 10वीं और 12वीं कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले 30 छात्र-छात्राओं को छत्तीसग? साईंस सेन्टर रायपुर शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले जाया गया। इस शैक्षिक भ्रमण में विद्यार्थियों को विज्ञान के विविध क्षेत्रों की रोचक जानकारियाँ मिलेगी जो उनके अध्ययन और करियर के लिए लाभदायक सिद्ध होंगी।उल्लेखनीय है कि माह जुलाई एवं अगस्त के टॉपर विद्यार्थियों को शिवरीनारायण एवं क्रोकोडाइल पार्क कोटमी सोनार का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया था ।शिक्षा में नवाचार के इस कदम ने जिले के छात्र-छात्राओं में एक नई ऊर्जा का संचार किया है, जो भविष्य में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।इस दौरान सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन और मेरिट सूची में अपना स्थान बनाने के उपयोगी सुझाव दिए। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य न केवल जिले में बल्कि पूरे राज्य में शीर्ष स्थान हासिल करना होना चाहिए। उत्कृष्ट जांजगीर चांपा अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रूचि और ज्ञान की जिज्ञासा को बढ़ावा देना है, जिससे वे अपने भविष्य में नई ऊँचाइयों तक पहुँच सकें। कलेक्टर आकाश छिकारा के इस प्रयास से निश्चित ही जिले में शिक्षा का स्तर आगे बढ़ेगा

## जांजगीर में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बने सड़क में मरम्मत व सड़क किनारे की सफाई की औपचारिकता, जिम्मेदार अधिकारी कर रहे कुर्सी गरम






बिलासपुर। इन दिनों जिला जांजगीर चंपा के प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क का सड़क किनारे घास फूस की सफाई नहीं हो पा रहा सड़क बुरी तारा खराब हो चुके।इन दिनों सड़क की मरम्मत का कार्य देखने को मिल रहा है, मगर यह सिर्फ औपचारिकता ही निभाई जा रही है सही तरीके से सड़क के किनारे की घास फूस की कटाई नहीं की जा रही है ना ही सड़क की मरम्मत किया जा रहा है सिर्फ यह औपचारिकता ही किया जा रहा है जिसके बाद से सड़क साफ सफाई हुआ मरम्मत कार्य किया है दिखाया जा सके ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी जिम्मेदार अधिकारी को नहीं है यह सारा कार्य अधिकारियों के नाक के नीचे किया जा रहा है आपको बता दें कि वर्तमान में बहुत से ऐसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बने सड़क है जो 1 साल 2 साल 5 साल बीत जाने के बाद भी एक बार भी किनारे की सफाई नहीं हो सका और सड़क किनारे घास बड़े-बड़े हो गए हैं जिसमें घास फूस पेड़ के रूप में आकर ले लिया है सड़क में चलने वाले लोगों को सड़क किनारे घास फूस बड़े हो रहे पेड़ से कई प्रकार से खतरा बना हुआ है मगर इससे जिम्मेदार अधिकारी ने आंखें मूंद ली है। जिले में कई ऐसे नई सड़क हैं जो बनने के चार से पांच माह में ही जगह-जगह उखाड़ने प्रारंभ हो गया है और कई जगह दब गया है जिससे सड़क दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है मगर इन पर ठेकेदार द्वारा मरम्मत नहीं किया जा रहा है। उनको राह चलने वाले की कोई सरोकार नहीं है। और नियम को तक में रखकर प्रधानमंत्री सड़क का कार्य करने वाले ठेकेदारों पर अधिकारियों की किसी प्रकार से कार्रवाई नहीं हो पा रही है वर्तमान में अवरीद से लेकर अमोरा धनेली भडेसर जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क में बीच-बीच में थूक पॉलिश का कार्य चल रहा है जिसकी जानकारी लेने प्रधानमंत्री सड़क ग्रामीण योजना के अधिकारी जांजगीर से फोन पर बात करनी चाहिए मगर फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। ऐसे ही जिला जांजगीर में कई सड़क पड़े हुए हैं जो सालों से सड़क किनारे की झाड व कांटेदार पेड़ों की सफाई नहीं की जा रही है जिस राह चलने वालों पर खतरा बना हुआ है अब देखना है की खबर चलने के बाद इस पर जिम्मेदार अधिकारी किस प्रकार से ठोस कदम उठाते हैं और नियम का पालन नहीं करने वाले ठेकेदारों पर क्या गाज गिरती है।

# 11 दिवसीय ब्रजरज उत्सव की तैयारियों को लेकर डीएम-एसएसपी-ब्रज तीर्थ विकास परिषद सीईओ ने की बैठक

**जिला संवाददाता नीरज चतुर्वेदी/ दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

मथुरा। मंगलवार से शुरू होने जा रहे 11 दिवसीय ब्रजरज उत्सव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय और ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ मेला स्थल का जायजा लिया।सोमवार को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में आयोजित बैठक में सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने जिलाधिकारी को मेला की तैयारी के साथ अतिथि कलाकारों के कार्यक्रमों की जानकारी दी। अवगत कराया कि मेला में स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। दिनांक 05 नवंबर को मेला का उद्घाटन शाम साड़े चार



बजे होगा। छह बजे आशुतोष राणा की प्रस्तुति हमारे राम होगी। मेला में झूले, हस्तशिल्प, खानपान, एक जनपद एक उत्पाद आदि स्टॉल लगाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मेला परिसर में पुलिस चौकी भी स्थापित की गई है। मंचीय पंडाल में 1000 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। इस दौरान सुरक्षा पहलुओं पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने रेलवे ग्राउंड संपर्क मार्ग की स्ट्रीट लाइट के लिए अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार को निर्देशित किया। साथ ही बंदरों की समस्या को लेकर लंगूरों की तैनाती, उनके कटआउट लगाने के भी निर्देश दिए। पार्किंग, पेयजल और शौचालय के इंतजाम करने के साथ इनके साइनेज लगाने के भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार वर्मा को एंबुलेंस सहित चिकित्सकीय टीम का शिविर मेला में कैंप लगाने को कहा। जिलाधिकारी ने कुछ स्टॉल जागरूकता कार्यक्रमों के लिए पांच विभागों को आवंटित करने के लिए कहा। इस पर तीर्थ विकास परिषद के सीईओ ने सहमति जताई। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने विभिन्न विभागों को सम्मेलन जैसे कार्यक्रम मेला स्थल पर आयोजित करने का सुझाव स्वास्थ्य, पंचायती राज, जिला उद्योग आदि को दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त योगानंद पांडेय, एडीएम प्रशासन विजय शंकर दुबे, मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, ओएसडी प्रसून द्विवेदी, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र, सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, पर्यावरण विशेषज्ञ मुकेश शर्मा सहित जिला उद्योग, ट्रैफिक, अग्निशमन, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों सहित स्वयं समाज सेवियों के पदाधिकारी अनंत शर्मा, उमेश शर्मा, अनूप शर्मा आदि मौजूद थे। बैठक के बाद सभी अधिकारियों ने धौली प्याऊ रेलवे ग्राउंड पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# महिला ने मिडिया के एक स्टिंग ऑपरेशन में कबूला शाहिद मुनीर सिद्दीकी पर फर्जी एस.सी एस.टी लगवाने का मामला

**अधिकारियों कर्मचारियों के कहने पर उसने फर्जी एस.सी एस.टी का मुकदमा कराया था दर्ज महिला मुकदमे में फंसने के बाद समझौता तो करना चाहती है लेकिन वह चहती है न फंसने की गारंटी**

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो चीफ रविन्द्र वर्मा मो. 9580954492**

असलीयत छिप नहीं सकती बनावट की वसूलों से खुशबू आ नहीं सकती कभी कागज के फूलों से



अम्बेडकर नगर। असलीयत छिप नहीं सकती बनावट की वसूलों से खुशबू आ नहीं सकती कभी कागज के फूलों से । जनपद के थाना आलापुर निवासी गीता देवी नाम की महिला ने एक स्टिंग ऑपरेशन में कबूला कि उसने पूर्व में रहे पुलिस कप्तान ,सीओ एस.ओ और दरोगा तथा अन्य अधिकारियों के कहने पर शाहिद मुनीर सिद्दीकी के विरुद्ध एस.सी एस.टी का फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें उसे सरकार द्वारा डेढ़ लाख रुपए की सहायता राशि भी दी गई है। महिला मुकदमे में फंसने के बाद समझौता तो करना चाहती है लेकिन वह गारंटी चाहती है कि बाद में उसके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो। लेकिन अब इस बात की गारंटी उसको दे कौन क्योंकि जिन अधिकारियों कर्मचारियों के कहने पर उसने यह फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था उनका जिले से स्थानांतरण हो चुका है वर्तमान में जो अधिकारी है उनकी समझ में ही नहीं आता कि अब इस मुकदमे का करें तो करें क्या। क्योंकि तहरीर और मजिस्ट्रर के सामने 164 के बयान में तो प्रकरण लखनऊ के किसी बहूमंजिला इमारत की ग्राउंड फ्लोर में घाटी घटना का है। ऐसे में इसकी जांच तो लखनऊ पुलिस को करनी चाहिए थी और मुकदमे की सुनवाई लखनऊ की अदालत में होती। परंतु जांच आलापुर सी ओ द्वारा कर दी गई और मुकदमा अम्बेडकर नगर एस.सी एस.टी कोर्ट द्वारा सुना जाने लगा। मामले में शाहिद मुनीर सिद्दीकी से उनका पक्ष लेने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका यदि कभी भविष्य में संपर्क हुआ तो उनका बयान भी लिया जाएगा।

# गाजियाबाद अधिवक्ता मामला- अधिवक्ता संघ ने मिलकर उपजिलाधिकारी को सौपा मांग पत्र

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान संतोष कुमार जलालपुर तहसील**

अम्बेडकर नगर।जनपद के जलालपुर तहसील के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा व मंत्री जगदीश चंद्र यादव एवं सभी अधिवक्ता संघ मिलकर जलालपुर उप जिला अधिकारी को मांग पत्र दिया।उक्त मामले को अवगत कराया की बीते 29 अक्टूबर को गाजियाबाद जनपद के न्यायाधीश के न्यायालय में निहत्थे अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में बार कौंशिल उत्तर प्रदेश के आवाहन पर सोमवार को जलालपुर बार एसोसिएशन संगठन जलालपुर अंबेडकरनगर की एक बैठक हुई बैठक में सर्व सम्मति से न्यायिक कार्य से विरत रहने तथा उत्तर प्रदेश शासन से निम्नलिखित मांग का निर्णय लिया गया कि जनपद न्यायाधीश गाजियाबाद के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अभिलंब उनका स्थानांतरण किया जाए तथा अन्य दोषी अधिकारियों के विरुध कार्यवाही की जाए तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन अभिलंब लागू करके अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए यह सभी अधिवक्ताओं द्वारा मांग की गयी।

# दिलासीगंज अंत्येष्टि स्थल पर विद्युती करण एवं सोलर पैनल गाए जाने की सभासद ने की मांग

**सीएम,ऊर्जा मंत्री,कमिश्नर सहित जिलाधिकारी को भेजा पत्र**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

अयोध्या। मया-टांडा सपर्क मार्ग पर मुख्य मार्ग से दिलासीगंज श्मशान घाट एवं उसके परिसर में विद्युतीकरण कराने एवं उसके परिसर में सोलर पैनल लगाए जाने के लिए गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद श्री मती आरती जयसवाल ने सीएम,ऊर्जा मंत्री सहित कमिश्नर एवं डीएम को पत्र भेज कर अविलंब जनहित में दिलासीगंज घाट पर उक्त सुविधाएं बहाल करने की मांग की है।भेजे गए पत्रों में सभासद श्रीमती जायसवाल ने दर्शाया है कि मया- टांडा सपर्क मार्ग स्थित दिलासीगंज बाजार से कुछ ही दूरी पर सरयू नदी के किनारे हिंदुओं की अंत्येष्टि करने के लिए शव दाह स्थल है।श्मशान घाट पर अयोध्या एवं अंबेडकर नगर जनपद के सैकड़ो गांवो से बीसो किमी0 चौ तरफा परिधि के लोग हर दिन अपने पारिवारिक जनों का अंत्येष्टि करने तथा अंतिम क्रिया कर्म में शामिल होने के लिए आते जाते हैं।मुख्य मार्ग से शव दाह स्थल तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है।अंत्येष्टि स्थल पर विद्युतीकरण एवं सोलर पैनल न लगी होने के कारण शाम से ही पूरा का पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है।उनका कहना है कि बीते साल एक स्वयं सेवी संस्था ने अंत्येष्टि स्थल समीप दो सोलर पैनल लगवाया था,लेकिन वह भी नाकाफी है।शाम के समय अंतिम संस्कार करने वालों को उजाले के लिए स्वयं व्यवस्था करनी पड़ती है।जनहित में मुख्य मार्ग से शव दाह स्थल तक विद्युतीकरण तथा सोलर पैनल लगवाया जाना बहुत ही जरूरी है।

**सपा के कार्यकर्ताओं को प्रशासन से डरने की जरूरत नहीं: शिवपाल सिंह यादव**

# जनपद के जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों कर्मचारियों जो भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे- शिवपाल सिंह यादव

*दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो*

*अम्बेडकर नगर। जनपद के कटेहरी विधानसभा चुनाव के दौरान सपा महासचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव पहुंचे उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा उन्होंने कहा कि उपचुनाव प्रदेश के घोसी विधानसभा उपचुनाव के तर्ज़ पर लड़ा जाएगा। प्रशासन चुनाव में यदि गड़बड़ी करने की ज़रा सी कोशिश करेगा तो जिले की सीमा पर मुस्तैद सपा के सिपाही अम्बेडकरनगर नगर में घुस कर भाजपा के एजेंट के रूप में काम करने वाले अधिकारियों को उनकी औकात बताने का कार्य करेंगे।इस लिए सपा के कार्यकर्ताओं को प्रशासन से डरने की जरूरत नहीं है। कार्यकर्ताओं को सिर्फ अपने बूथों पर लगकर साईकिल की बटन दबाकर बूथों को जीतने की जरूरत है। उक्त बातें बरहा (रामबाबा) गांव में आयोजित पार्टी के सेक्टर व बूथ लेबल के पदाधिकारियों व सक्रिय सदस्यों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आप सब की सरकार नहीं है। इसमें दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों तथा कमजोर अपर कास्ट के लोगों का भला नहीं होने वाला है।कहा कि भाजपा सरकार में किसान, शिक्षित बेरोजगार, नौजवान, व्यापारी सभी परेशान हैं। कहा कि किसानों की आमदनी दोगुनी करने, प्रत्येक वर्ष 2 करोड लोगों को रोजगार देने आदि का भाजपाई नारा पूरी तरह बेईमानी सिद्ध हो रहा है। शिवपाल सिंह यादव ने कटेहरी क्षेत्र के विकास के लिए सपा सरकार में मिझौडा चीनी मिल की स्थापना की गई जिससे कटेहरी क्षेत्र ही नहीं अम्बेडकर नगर जिले के गन्ना किसानो को लाभ मिल रहा है ।उन्होंने सपा शासन काल में मडहा व विसुही नदियों पर बनाए गए विभिन्न पुलों का जिक्र करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में कटेहरी क्षेत्र का चौतरफा विकास किया गया था ।उसके बाद से इस क्षेत्र में ना तो पुलों का निर्माण हुआ है ना ही सड़कों का । क्षेत्र में सड़के पूरी तरीके से गड्ढ़ों में तब्दील हो गई है ।भाजपा का गड्ढा मुक्त करने का नारा पूरी तरह ढोंग है ।कहा की आज किसान बिजली के महंगे के बिलों से परेशान है ।उत्तर प्रदेश से ज्यादा पूरे देश में बिजली महंगी नहीं है। साथ ही विभाग द्वारा किसानों का अन्य कनेक्शन धारी के घरों टिववेलो पर छापा मार कर उनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं जो अन्याय पूर्ण है। कहा कि 24 घंटे बिजली देने की बात करने वाली भाजपा सरकार में ग्रामीण क्षेत्रों में 6 घंटे भी बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है। श्री यादव ने कहा कि कटेहरी का चुनाव प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव है। वह कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के चुनाव पर अपनी पैनी निगाह से देखते रहेंगे ।सभी कार्यकर्ताओं को ठीक से कार्य करना चाहिए ताकि कटेहरी विधानसभा उपचुनाव जीतकर भारतीय जनता पार्टी के घमंड को चकनाचूर किया जा सके ।उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव 2027 में होने वाले विधानसभा आम चुनाव के लिए रास्ता खुलेगा और 27 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनना तय हैं। उन्होंने कर्मचारियों अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी को जो संविधान की शपथ लेकर ड्यूटी ज्वाइन की गई है ।उसका पालन करना चाहिए अगर वह किसी पार्टी विशेष के लिए कार्य करते हैं तो वह संविधान का उल्लंघन होगा ।उन्हें अपने शपथ को कदापि नहीं भूलना चाहिए ।जनपद के जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों कर्मचारियों जो भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं उन्हें चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों का नाम लाल स्याही ही से नोट कर रखिएगा। सरकार बनने के बाद उन्हें निश्चित तौर पर दंड मिल जाएगा । कहा कि जब तक मतदान न हो जाए कोई भी कार्य करता किसी भी पुलिसकर्मी के बुलाने पर कहीं ना जाए इससे डरने की जरूरत नहीं है ।वोट को डलवा देना और शोभावती वर्मा को भारी मतों से जीता देना। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं की एकता पर जोर देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी तरह मुस्तैदी से पार्टी के लिए कार्य करें ।बाकी की जिम्मेदारी हम संभाल लेंगे ।उन्होंने कहा कि मतगणना व मतदान के दिन आसपास के जनपदों के सपा के नेता व कार्यकर्ता जनपद की सीमा पर मौजूद रहेंगे ।तनिक भी गड़बड़ी मिलने की सूचना पर लोग अंबेडकर नगर के कटेहरी विधानसभा को कूच कर जाएंगे और प्रशासन को मुंहतोड़ जवाब देंगे ।कहा कि जो अधिकारी कर्मचारी आज भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं उन्हें सपा सरकार में पैरों पर गिरकर माफी मांगते हुए भी देखा गया है ।वह समय दूर नहीं है अधिकारियों को उसका ख्याल जरूर रखना चाहिए ।घोसी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी से चुनकर आए विधायक सुधाकर सिंह ने कहा कि भाजपा से भगवान राम ही रूठ चुके हैं भाजपा के अत्याचारों और राम को भुला देने के कारण लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद चुनाव जीत कर गए हैं ।उन्होंने कहा कि यही नहीं चित्रकूट बागेश्वर व रामेश्वर जैसे स्थान से भी भगवान राम ने भाजपा की विदाई कर दी है ।कहा कि भाजपा एक धोखेबाज पार्टी है जिसने राम को धोखा दे दिया वह जनता की होने वाली नहीं है ।अयोध्या के पूर्व विधायक व वह सपा सरकार में मंत्री रहे तेज नारायण और पवन पांडे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव से सरकार बनने बिगड़ने वाली नहीं है ।कहा की भाजपा के अन्याय अत्याचारों को देखते हुए सपा को जिताना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में सबसे ज्यादा उत्पीड़न ब्राह्मणों का हुआ है ।हाल ही में लखनऊ में मोहित पांडे की हत्या इसका उदाहरण है ।इसके पहले भी ब्राह्मण समाज के तमाम लोगों को भाजपा सरकार में काउंटर के नाम पर मार गिराया गया है ।उन्होंने कहा कि शोभावती वर्मा के जीतने के बाद कटेहरी का और तेजी से विकास होगा सांसद और विधायक दोनों मिलकर कटेहरी क्षेत्र का विकास तेजी से करेंगे। सपा नेता राज्यपाल कश्यप ने कहा कि कटेहरी का यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है।इस चुनाव को जीतने के बाद भाजपा सरकार पर नकल डालने का कार्य इस क्षेत्र की जनता करेगी ।उन्होंने मछुआ समुदाय से जुड़े सभी जातियों के लोगों से अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सभी लोग खतरे में है। पी डी ए खतरे में है और भारत का संविधान भी खतरे से जूझ रहा है ।भाजपा यदि सत्ता में बनी रही तो निश्चित तौर पर संविधान और आरक्षण दोनों पर खतरा बढ़ता जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमारे समाज के महापुरुषों के साथ भी अन्याय किया है ।उपचुनाव के बाद दिल्ली सरकार चलने वाली नहीं है। अंबेडकर नगर के लोकसभा सांसद लाल जी वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रशासन पर जमकर बरसे उन्होंने कहा कि भाजपा यह न माने कि सपा कार्यकर्ता किसी भी सूरत में कमजोर है ।वह उन्हें हर स्तर पर मुंह तोड़ जवाब देंगे कहा कि भाजपाई प्रशासन के इशारे पर घमंड में चूर है। लेकिन उनका घमंड निश्चित तौर पर कटेहरी क्षेत्र की जनता चूर कर देगी ।उन्होंने कहा यह चुनाव संविधान और आरक्षण को बचाने का चुनाव है ।इसके लिए सभी को एकजुट होकर सपा प्रत्याशी को जीताने का कार्य करना चाहिए। और आपका प्रयास निश्चित तौर पर मील का पत्थर साबित होगा ।कार्यक्रम को टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा ,जिला अध्यक्ष जंग बहादुर यादव ,पूर्व विधायक सुभाष राय ,उत्तम चौधरी ,विशाल वर्मा ,अमरेंद्र , हीरा पहलवान, रमेश वर्मा, जानकी पाल, संगीता यादव, एच एन पटेल, दिनेश यादव ,रामचंद्र यादव ,केसरी पाल ,पवन भारती ,राम धीरज शुक्ला, जयप्रकाश अंचल ,हीरालाल यादव ,अमरेंद्र निषाद आदि ने भी संबोधित किया संचालन श्याम नारायण यादव ने*

# आदिवासी एवं मलिन बस्ती में बांटा गया दीपावली उपहार किट

**टीम कर्तव्य ने कई घरों की दीपावली में लाई रौनक**

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अमेठी।दिवाली के पावन पर्व पर टीम कर्तव्य ने आदिवासी एवं मलीन बस्तियों में जाकर दीपावली का किट वितरित किया। टीम कर्तव्य ने 50 से अधिक परिवारों तक दिवाली का किट पहुंचाया, साथ ही बच्चों को खाने का सामान वितरित किया। इस किट को पाकर परिवारों के चेहरे खिल उठे। इस विषय में टीम कर्तव्य के मुखिया आकाश सिंह से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि मेरा यही प्रयास है कि किसी भी परिवार की दीपावली फीकी न हो। यह मेरा सौभाग्य है कि टीम कर्तव्य के लोगों के माध्यम से कुछ सहयोग कर पा रहा हुँ। इसी के चलते हमने 50 से अधिक परिवारों से मुलाकात करके बहुत ही अच्छा लगा। टीम कर्तव्य आगे भी ऐसे सेवा कार्य करती रहेगी। दीपावली पर्व पर यह वितरण का दूसरा वर्ष है।

इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग श्रीराम जी तिवारी सर, सुरजीत सिंह, पूनम सिंह, शिवम सिंह, पूनम गौ?, अभिषेक उपाध्याय, महेश सोनी, अरमान सिंह, अभिषेक पांडेय, रविशंकर दूबे, अर्पित मिश्रा, शिवेंद्र सिंह, सूरज चतुर्वेदी, आस्था सिंह, आरती तिवारी, निखिल तिवारी एवं रुद्रीका शर्मा का रहा।

**टीम कर्तव्य युवाओं की टीम है, जो कई विषयों पर समाजहित में कार्य कर रही है।**

# मण्डलीय अपर निदेशक के आदेश को मुख्य चिकित्सा अधिकारी अम्बेडकर नगर न मानकर करते हैं अपनी मनमानी

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा की जा रही मनमानी नहीं करते अपने उच्चाधिकारियों के आदेशों का पालन सीएमओ को अपर निदेशक अयोध्या मण्डल अयोध्या ने तीन बार अपने पत्र में निर्देश दिया कि सत्यम श्रीवास्तव को सही सूचना रिकॉर्ड के अनुसार अविलम्ब देते हुए अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायें यदि आवेदक सत्यम श्रीवास्तव को सही सूचना रिकॉर्ड के अनुसार नहीं उपलब्ध करायेंगे या विलम्ब से उपलब्ध करायेंगे तो इसका सम्पूर्ण जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी अम्बेडकर नगर की होगी और यदि सत्यम श्रीवास्तव राज्य सूचना आयोग में अपील करता है तो जुर्माना राशि का भुगतान भी तथा प्रशासनिक कार्यवाही भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी अम्बेडकर नगर पर ही होगी इस तरह से मण्डलीय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर निदेशक के निर्देशित करने के बाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी अम्बेडकर नगर पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है वह तो अपनी तानाशाही से किसी के आदेश का कोई मतलब ही नहीं समझते बल्कि अम्बेडकर नगर जिले में स्वयं का कानून स्वास्थ्य विभाग में लागू कर चलाते हैं। जबकि अधिनियम के नियम विरुद्ध ही सूचना देना आवेदक को गुमराह करना आवेदक कर्मचारी की उपस्थिति पंजिका और नियुक्ति के समय की योग्यता की प्रमाणित छायाप्रति की मांग किया तो जनसूचना अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 8 ,1(छ ) ( ज) का सहारा लेकर सूचना न देना तथा विधि विरुद्ध कार्य करने पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को संरक्षण प्रदान करना इनके कार्यशैली की प्रमुख विशेषता है

# भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद के पक्ष में मतदान की अपील

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर ।कटेहरी उप चुनाव में भाजपा चुनाव की रुख को पूरी तरह से अपनी तरफ मोड़ने के लिए भाजपा नेताओं की फौज उतार दिया है। भाजपा नेता घर घर सम्पर्क कर जन जन को सरकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। सोमवार को जिला प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने खजुरी मण्डल में पूर्व जिलाध्यक्ष रमा शंकर सिंह,जिला मंत्री संजय सिंह,पंकज वर्मा,रमेश यादव,मण्डल अध्यक्ष दिलीप तिवारी के साथ ग्राम पंचायत किछुटी,बरहा नियामक चक, सेमरा घाट में चौपाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा की कथनी और करनी दोनों एक है।भाजपा ने कहा था कि देश की स्मिता और सुरक्षा की रक्षा को कहा था,जिसे करते हुए भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं और सम्मान को सुरक्षित किया है। कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान,भ्रष्टाचार मुक्त शासन,हर गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास,फ्री गैस और बिजली कनेक्शन, किसान सम्मान निधि,5 लाख रुपए तक की फ्री इलाज की व्यवस्था,गरीब परिवारों को फ्री राशन सहित दर्जनों योजनाएं भाजपा की केंद्र और योगी आदित्यनाथ महाराज के नेतृत्व में प्रदेश सरकार संचालित कर रही है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील किया।

देर शाम भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के साथ कटेहरी बाजार में भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद के समर्थन में घर घर सम्पर्क कर लोगों से निवेदन करते हुए कहा कि भाजपा ही देश प्रदेश,गांव,गरीब,किसान,महिलाओं युवाओं,पिछड़े और अनुसूचित वर्ग के लोगों की सर्वांगीण विकास के लिए सतत कार्य कर रही है। देश और प्रदेश भाजपा की डबल इंजन की सरकार में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद ने केदार नगर मण्डल की यरकी, मरथुआ सरैया,हैदराबाद, कोड़रा, चंदैनी,भारीडीहा, भड़सारी में घर घर सम्पर्क कर समर्थन मांगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार को कटेहरी के राम देव जनता इण्टर कालेज में होने वाले बूथ सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के सभा की तैयारी में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी पूरी टीम के साथ लगे हुए हैं।बताया कि आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र ने डाक्टर अमित त्रिपाठी के साथ श्रवण क्षेत्र मण्डल,क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ने अखण्ड प्रताप वर्मा के साथ कटेहरी मण्डल, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री अस्मिता चंद ने कमलेश यादव के साथ श्रवण क्षेत्र मण्डल, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने खजुरी मण्डल, महिला मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरक्ष क्षेत्र अमिता गुप्ता ने भीटी मण्डल, महिला आयोग सदस्य सुनीता श्रीवास्तव ने केदार नगर मण्डल,विधायक प्रभात वर्मा ने ब्लाक प्रमुख अनिल वर्मा मौसम के साथ श्रवण क्षेत्र मण्डल में जनता से सम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील किया

## नौ सेना की पांच सदस्यीय सर्वेक्षण टीम का मार्कण्डेय में चल रहा ट्रेनिंग सेंटर का निरिक्षण।






मैहर- जिले के रामनगर तहसील मे बाणसागर जलाशय में नैसेना का ट्रेनिंग सेंटर खोले जाने हेतु पांच सदस्य टीम का चल रहा सर्वे, सतना सांसद गणेश सिंह ने नैसेना के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार त्रिपाठी जी से मुलाकात कर क्षेत्र में ट्रेनिंग सेंटर खोले जाने को लेकर कुछ दिन पहले मुलाकात किया था, उस दौरान नौसेना अध्यक्ष ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही मारकंडेय आश्रम में स्थित बाणसागर में सर्वे कर ट्रेनिंग सेंटर खोला जाएगा

जिसमे पहली बार तीन सदस्यीय सर्वेक्षण दल ने रामनगर मार्कण्डेय पहुंचा कर निरीक्षण किया था, नैसेना की पांच सदस्यीय सर्वेक्षण टीम पूनः रामनगर मार्कण्डेय आश्रम मे स्थित बाणसागर पहुंची है! बाणसागर का जलाशय कई जिलों की सीमा से लगा हुआ है जिससे निश्चित ही आने वाले समय में विंध्य को एक और पहचान मिलेगी, सर्वेक्षण टीम में जिले के नेताओं और प्रशासन से मुलाकात कर बैठक की,जिसमे सतना सांसद गणेश सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल अपर कलेक्टर मैहर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम रामनगर डां आरती सिंह, समाजसेवी कालिका पटेल, की उपस्थिति पर चल रहा सर्वेक्षण दल का निरिक्षण

## पैसा मांगने पर मोटर मालिक ने ड्राइवर एवं उसके साथियो के साथ की मारपीट





**प्रवीण गौतम**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान न्यूज़, मैहर**

मैहर - मामला पैसे के लेनदेन को लेकर बताया जा रहा है जहाँ आरोपी दीपक सिंह जिसके पास कुछ हाइवा ट्रक है जो की उड़ीसा राज्य मे ट्रांसपोर्टिंग के काम से चल रहे है, उन सभी गाड़ियों के ड्राइवर मैहर जिले के निवासी है, ड्राइवर को समय पर पैसा ना मिलने पर ड्राइवर काम छोड़कर अपना पैसा मांगने वापस मैहर आ गए, इस बात से नाराज दीपक सिंह एवं उसके भाई दीपू ने ड्राइवर अंकित कोल को स्टेट बैंक चौराहा बुलाया,पीड़ित अंकित के साथ उसका साथी सूरज साकेत एवं लाला गौतम बातचीत करने के लिए पहुंचे थे, वही बातचीत के दौरान दीपक सिंह ने अंकित कोल, और सूरज साकेत की लाठी डंडा से जमकर मारपीट कर दी , जिसकी स्त्रद्धक्रमैहर थाने में दर्ज करा दी गयी है , मामले की विवेचनाकर पुलिस कार्यवाही कर रही है

## इंदर बिर्ला प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव नियुक्त हुए



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**आशीष शर्मा**

सनावद-युवा कांग्रेस नेता इंदर बिर्ला को मप्र कांग्रेस कमेटी का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। बिर्ला ने कहा कि क्षेत्र में कांग्रेस के जनाधार में वृद्धि करने और कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बिर्ला की नियुक्ति पर कांग्रेस नेता नरेंद्र पटेल,आरती पाटील,नकुल पटेल,आशीष चौधरी,आफताब हिलाल,उर्मिला जैन, पार्षद ज्योति गुप्ता, जय शिंदे,पवन इंगला,सोनू पेंटर,शहजाद खान,मुन्ना गुर्जर,शेरान शेख आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## महिदपुर मंडी में शुभ मुहुर्त मे हुई कृषि उपज सोयाबीन रू. 13111मेनीलामी



**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

महिदपुर। कृषि उपज मण्डी में दीपावली पर्व अवकाश के बाद दिनांक 04 नवम्बर 2024 सोमवार प्रातः 09.30 बजे मण्डी प्रांगण मे हनुमान मन्दिर पर विधायक दिनेश जैन बोस एवं अनुविभागीय / भारसाधक अधिकारी अजय हिंगे, व्यापारी संघ पदाधिकारी की गरिमामय उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना पश्चात महिदपुर तहसील अनाज व्यापारी संघ द्वारा विधायक दिनेश जैन बोस तथा मण्डी सचिव आश्विन सिन्हा का साफा बाध कर सम्मान किया गया तत्पश्चात शुभ मुहूर्त पर कुल 15 बैलगाडियों की पर्ची (ड्रा) के माध्यम से प्रथम, द्वितिय व तृतीय कृषक / बैलगाडी का चयन किया गया ।जिसमें प्रथम बैलगाडी अर्जुनसिह निवासी परासली उपज सोयाबीन 13111.25 पैसे उच्चतम भाव पर फर्म जयचन्द रखबचन्द चौपडा प्रो. अजय चौपडा, द्वितीय बैलगाडी पवन पिता दौलतराम निवासी भीमाखेडा उपज सोयाबीन 9111.21 पैसे उच्चतम भाव पर फर्म राधाकृष्ण ट्रैडिंग कम्पनी प्रो. हिम्मतसिंह एवं तृतीय बैलगाडी भगवानसिंह निवासी पिपलीखेडा उपज सोयाबीन 7111.25 पैसे उच्चतम भाव पर फर्म कंचन कार्पोरेशन प्रो. अशोक जायसवाल द्वारा कय किया गया तथा गेहू की बैलगाडी कृषक भवरलाल भीमाखेडा भाव 7001.25 पैसे में फर्म श्री एग्रो प्रो. आशिष चौपडा तथा इसके साथ अलबेली गाडी कृषक सुनिल आंजना निवासी खोरिया सोयाबीन भाव 16501.25 पैसे फर्म महावीर इन्टरप्राईजेश प्रो. वर्धमान गादिया द्वारा मुहूर्त के शुभ अवसर पर उच्चतम भाव में कृषि उपज का कय किया गया तथा किसानो का साफा बांधकर स्वागत अभिनन्दन मिठाई वितरित की गई

इस अवसर पर भारसाधक अधिकारी अजय जी हिंगे, मण्डी सचिव आश्विन सिन्हा, व्यापारी संघ के अध्यक्ष वर्धमान गादिया, आशिष चौपडा, अजय चौपडा, मनोज यादव, अजय धाडीवाल, सुभाषचन्द्र नाहर, श्रीपाल चौपडा, अशोक जायसवाल, रमेश मूणत, अंकित जायसवाल, गोलू यादव, शैलेष आंचलिया, अनिल राठी आदि व्यापारीगण तथा मण्डी कर्मचारी प्रांगण प्रभारी हरचन्द मईडा, मण्डी कर्मचारी लोकेश मिश्रा, हरिनारायण प्रजापति, रूपसिंह राणावत, नरेन्द्र कसेरा, मनोज परमार उपस्थित रहे।

# विधायक सचिन बिरला ने गोवर्धन पूजा कर गौमाता की खुशहाली के लिये गौशालाओं को समृद्ध बनाने की पहल की

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
आशीष शर्मा

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शनिवार को नगर की गोपाल गौशाला में विधायक सचिन बिरला ने जनप्रतिनिधियों और गौसेवकों के साथ गोवर्धन पूजा की। विधायक ने गोपाल गौशाला परिसर में टीन शेड लगाने और गौपालन हेतु आवश्यक सुविधाएं जुटाने हेतु 10 लाख रु प्रदान करने की घोषणा की। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में सनावद नगर की गोपाल गौशाला और ब द ग्राम स्थित गौशाला को विकसित किया जाएगा। विधायक ने कहा कि गोपाल गौशाल की व्यवस्थाएं सुधारने हेतु आवश्यक बैठक शीघ्र ही बुलाई जाएगी। विधायक ने गोपाल गौशाला की गायों का पूजन-अर्चन किया और गायों को छप्पन भोग परोसे। विधायक ने नगरपालिका प्रशासन और पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश दिए कि सनावदनगर में प्लास्टिक की पन्नी बेचने वालों के खिलाफ बिना किसी दबाव के कार्यवाही की जाए और दुकानों से जब्त की गई प्लास्टिक पन्नियों को नष्ट किया जाए और सनावद नगर को प्लास्टिक पन्नी से मुक्त करने हेतु निरंतर अभियान चलाया जाए। विधायक ने नागरिकों से प्लास्टिक पन्नियों का इस्तेमाल नहीं करने का आव्हान किया। ताकि नगर को प्रदूषण मुक्त किया जा सके। विधायक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौपालन का विशेष महत्व है। सनातन धर्म के अनुसार गाय की पूजा से पुण्य प्राप्त होता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार गाय में देवताओं का वास माना गया है तथा गौसेवा और गौपालन को धार्मिक संस्कार माना गया है।

# निराश्रित पशुओं के गले में बांधी जा रिफ्लेक्टर पट्टीसंभावित दुर्घटनाओं को टालने का है यह प्रयास

**आदर्श दुबे दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अनूपपुर**

डूमरकछार/पौराधार - निकाय अंतर्गत सड़को में निराश्रित आवारा घूमने वाले पशुओं के गले में निकाय के द्वारा रेडियम पट्टिया बांधी जा रही है ताकि क्षेत्र में असमय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके,प्रायः यह देखने मे आता है कि नगर की सड़को में रात्रि के समय निराश्रित एवं आवारा गौ वंशो की मौजूदगी बनी रहती है जिससे दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको को अंधेरे में पशु दिखाई नही देते, साथ ही साइकिल एवं पैदल चलने वालों को भी असुविधा होती है जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इस दौरान परिषद के



कर्मचारी एजाज अहमद,गौरव महाता, विपिन दूबे, मुन्नापाल व अन्य कर्मचारियों के द्वारा मुख्य मार्ग पर बैठे हुए उन सभी जानवरों को हटाया गया साथ ही रास्ते में जितने भी निराश्रित/आवारा जानवर मिले उनके गले में रेडियम बेल्ट बांधे गए । इन रिफ्लेक्टिव बेल्ट की खासियत यह है कि जब भी इन पर लाइट पड़ती है तो यह चमकता है जिससे दूर से ही वाहन चालकों को यह पट्टियां चमकती हुई दिख जाती है। जिससे वाहन चालक सतर्क हो जाते है और अचानक से घटित होने वाले घटना की संभावना बहुत कम हो जाती है।उक्त कार्य निकाय के अध्यक्ष, नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झारिया,उपयंत्री शिवराम इंडपाचे,राजस्व उप निरीक्षक रजनी शुक्ला एवं अन्य सहयोगी जननिधियों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। निकाय अध्यक्ष व जिला योजना समिति के सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने कहा कि इस 'सकारात्मक प्रयास' का परिणाम यह रहता है कि रात के अंधेरे में सड़क पर घूम रही या बैठी गौ माता भले नजर ना आए लेकिन रिफ्लेक्टर पट्टी लगी होने से दूर से ही लाइट पड़ने से ये चमकने लगती है जिससे वाहन चालक सतर्क हो जाते हैं,जिससे संभावित दुर्घटना से बचा जा सकता है,इसलिए यह रिफ्लेक्टर पट्टी आवारा पशुओं के गले मे बांधी जा रही है ।

# ऑल इण्डिया मुस्लिम तेओहार कमेटी के जिला अध्यक्ष डॉ. वसीम ने की विदिशा जिले के ब्लॉक अध्यक्षहों की सूची जारी

**सिरोंज/ आसिम दाद खान**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

ऑल इण्डिया मुस्लिम तेओहार कमेटी के जिला अध्यक्ष डॉ. वसीम ने विदिशा जिले के ब्लॉक अध्यक्षओ की घोषड़ा की जिसमे विदिशा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर अलीम खान , बासोदा ब्लॉक अध्यक्ष इड़बाल अहमद, बासोदा नगर अध्यक्ष नदीम खान,कुरवाई ब्लॉक अध्यक्ष कलीम उल्लाह, सिरोंज ब्लॉक अध्यक्ष सलमान अमीन पत्रकार,,लटेरी ब्लॉक अध्यक्ष रफीक खान,शमशाबाद ब्लॉक अध्यक्ष मतीन मंसूरी , बनाये गए है ऑल इण्डिया मुस्लिम तेओहार कमेटी के जिला अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने सभी ब्लॉक अध्यक्ष को मुबारकबाद देते हुए निर्देशित किया है की तत्काल अपना पद सँभालते हुए अपने अपने ब्लॉक, और नगर मे ऑल इण्डिया मुस्लिम तेओहार कमेटी का सदस्यता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाये और जल्द से जल्द ब्लॉक, नगर, की कार्यकारिणी बना कर जिला कार्यालय को अवगत कराये ताकि जिले मे सभी तेओहार शान्ति सदभाव से मनाये जाए आने वाले समय मे जल्द ही विदिशा जिले के सभी तहसीलों का दौरा कर आगे की रूप रेखा तैयार की जायेगी

# कृषि उपज मंडी में मुहूर्त के समय व्यापारी सजग हुए

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

सिलवानी। दिवाली के छुट्टी के बाद सोमवार को कृषि उपज मंडी में लाभ पंचमी पर मुहूर्त के सौदे हुए।इसमें धान 3651 सोयाबीन का सौदा 4451 रुपए प्रति क्विंटल और गेहूं 3251 प्रति क्विंटल और चना 7155 प्रति क्विंटल में बिका। हर साल परंपरा के मुताबिक दीपावली की छुट्टियों के बाद कृषि उपज मंडी में मुहूर्त के सौदे होते हैं। दीपावली का त्योहार बीतने के बाद जिस दिन मंडी खुलती है, इसे व्यापारी नए साल के रूप में मनाते हैं और मुहूर्त के सौदे करते हैं। इस दौरान व्यापारी किसानों की उपज को बाजार भाव से दोगुना और तीन गुना भाव पर खरीदते हैं। अनाज व्यापारीयों ने सोमवार को मुहूर्त पर उत्साह का माहौल रहा और किसानों से लेकर व्यापारियों में इस बात को लेकर उत्सुकता रही कि कौन सबसे बड़ी बोली लगाता है।चूंकि मुहूर्त के सौदे में उपज का दोगुना से तीन गुना तक भाव रहता है। लिहाजा तमाम किसान इस उम्मीद के साथ पहले से ही अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच जाते हैं कि मुहूर्त के सौदों में उनकी उपज अच्छे दामों खरीदी जाएगी,÷मुहूर्त का सौदा समृद्धि का प्रतीक-व्यापारियों का कहना है कि हर साल लाभ दिवाली के बाद नए सिरे से आगाज माना जाता है। एक तरह से व्यापारिक नववर्ष की शुरुआत भी होती है। व्यापारी व किसान मुहूर्त में सौदा करने को बेहतर, खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक मानते हैं। उनका मानना है कि शुभ मुहूर्त में सौदा करने से वर्ष भर बेहतर व्यापार रहता है। इसलिए इसलिए व्यापारी ऊंची बोली लगाकर मुहूर्त के सौदे करते हैं। शुभ मुहूर्त में किसानों का व्यापारियों में बड़ा उत्साह दिखा।



# हर्षोल्लास से मनाया गया भैया दूज का त्योहार





**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सिंह सोलंकी**

भितरवार ---- भाई बहन के स्नेह प्यार का प्रतीक भैया दूज का पर्व रविवार को उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान भाइयों के माथे टीकों से सजे दिखाई दिए। दिन भर लोगों का अपनी बहनों के यहां टीका लगाने के लिए पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। माथे पर टीका लगाते हुए बहनों ने अपने भाइयों की सलामती और दीर्घायु की दुआ मांगी। वहीं सुबह से ही दुकानों पर खरीदारी करने के लिए महिलाओं और युवतियों का तांता लगा रहा। मिठाइयों से लेकर आकर्षक तोहफों की खरीदारी की गई। बहन भाई के प्रेम को दर्शाता भैया दूज का त्योहार नगर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में की पूजाः भाई बहन के अटूट प्रेम को सूत्र में पिरोते इस त्योहार को लेकर जितना उत्साह बहनों में दिखा, उतना ही भाई भी उत्साहित दिखे। भाइयों ने भी अपनी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार दिए। बाजार में महिलाओं और युवतियों ने जमकर खरीदारी की। मंदिरों में इस मौके पर सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए तांता लगा रहा। धनतेरस, छोटी दीपावली,लक्ष्मी पूजन,गोवर्धन पूजा और भैया दूज के साथ ही छह दिवसीय दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। भाई दूज पर्व के संबंध में पंडित कमल किशोर शास्त्री ( हक्के गुरु) ने कहा कि भाई दूज का पर्व भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित पर्व है। जिसे बड़ी श्रद्धा और परस्पर प्रेम के साथ मनाया जाता है। रक्षाबंधन के बाद,भाईदूज ऐसा दूसरा त्योहार है। जो भाई बहन के अगाध प्रेम को समर्पित है। भाई दूज का पर्व दीपावली के तीसरे दिन मनाया जाता है। इस दिन भाई को तिलक लगाकर प्रेम पूर्वक भोजन कराने से परस्पर तो प्रेम बढ़ता ही है। भाई की उम्र भी लंबी होती है।

# गोवर्धन पूजा के साथ गौ सेवकों का सम्मान समारोह सम्पन्न



**केसरिया हिंदुस्तान**
**दिनेश वर्मा**

महिदपुर। श्री गोपाल गौशाला झारड़ा कटन पर शनिवार को गोवर्धन पूजा के साथ गौ सेवकों का सम्मान समारोह भाजपा नेता सुधीर मूणत एवं कांग्रेस नेता अशोक बुरड़ के आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार भट्ट ने की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में गौ सेवक हरिओम शर्मा, विरेन्द्र कुमार सोनी, चमन सोनी का अभिनंदन कर गौशाला परिसर में बनाये गये शेड का लोकार्पण किया गया। गौशाला में गौ माता का पूजन आरती कर गौ माताओं को भोजन कराया गया। इस अवसर पर संस्था के कर्मचारियों का स्वागत कर उन्हे पुरस्कृत किया गया।

## कृषि उपज मंडी में मुहूर्त के समय व्यापारी सजग हुए



**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

सिलवानी। दिवाली के छुट्टी के बाद सोमवार को कृषि उपज मंडी में लाभ पंचमी पर मुहूर्त के सौदे हुए।इसमें धान 3651 सोयाबीन का सौदा 4451 रुपए प्रति क्विंटल और गेहूं 3251 प्रति क्विंटल और चना 7155 प्रति क्विंटल में बिका। हर साल परंपरा के मुताबिक दीपावली की छुट्टियों के बाद कृषि उपज मंडी में मुहूर्त के सौदे होते हैं। दीपावली का त्योहार बीतने के बाद जिस दिन मंडी खुलती है, इसे व्यापारी नए साल के रूप में मनाते हैं और मुहूर्त के सौदे करते हैं। इस दौरान व्यापारी किसानों की उपज को बाजार भाव से दोगुना और तीन गुना भाव पर खरीदते हैं। अनाज व्यापारीयों ने सोमवार को मुहूर्त पर उत्साह का माहौल रहा और किसानों से लेकर व्यापारियों में इस बात को लेकर उत्सुकता रही कि कौन सबसे बड़ी बोली लगाता है।चूंकि मुहूर्त के सौदे में उपज का दोगुना से तीन गुना तक भाव रहता है। लिहाजा तमाम किसान इस उम्मीद के साथ पहले से ही अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच जाते हैं कि मुहूर्त के सौदों में उनकी उपज अच्छे दामों खरीदी जाएगी,

÷**मुहूर्त का सौदा समृद्धि का प्रतीक**-व्यापारियों का कहना है कि हर साल लाभ दिवाली के बाद नए सिरे से आगाज माना जाता है। एक तरह से व्यापारिक नववर्ष की शुरुआत भी होती है। व्यापारी व किसान मुहूर्त में सौदा करने को बेहतर, खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक मानते हैं। उनका मानना है कि शुभ मुहूर्त में सौदा करने से वर्ष भर बेहतर व्यापार रहता है। इसलिए इसलिए व्यापारी ऊंची बोली लगाकर मुहूर्त के सौदे करते हैं। शुभ मुहूर्त में किसानों का व्यापारियों में बड़ा उत्साह दिखा।


# समग्र कायस्थ समाज ने बड़े धूमधाम से किया चित्रगुप्त पूजन

**राजेंद्र खरे कटनी**



तिलक कॉलेज कटनी के पास बग्गा बाबा की तलैया स्थित श्री धर्म हरि चित्रगुप्त मंदिर में यम द्वितीया के अवसर पर समग्र कायस्थ समाज के सम्मानित स्वजातीय परिवारजनों एवं आसपास के क्षेत्रों से पधारे चित्रांश चित्रांशियों ने बड़े ही धूमधाम से सकल ब्रह्मांड के न्यायाधीश सभी जीवो के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी एवं कलम दवात की पूजा कर स्वरुचि भोज का आनंद लिया इस अवसर पर समग्र कायस्थ समाज कटनी के अध्यक्ष श्री अशोक कायस्थ सहित समिति के अन्य सदस्य संजीव खरे, प्रदीप खरे, के. सी. खरे. अखिलेश सक्सेना, आनंद सक्सेना, विपिन बिहारीसक्सेना,दीपक माथुर, सुजीत श्रीवास्तव, विपिन राय खरे, सुमित श्रीवास्तव, नरेंद्र श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव,श्रीमती मंजू खरे,हेमलता श्रीवास्तव, नीलम खरे,अलका श्रीवास्तव,एवं संरक्षक मंडल के डॉ.डी. के. खरे, अजय निगम उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन आलोक श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# संगठन चुनाव अधिकारी आज आएंगे सीधी, आयोजित होगी कार्यशाला



सीधी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी और सीधी जिले के संगठन चुनाव अधिकारी लोकेंद्र पाराशर 5 नवंबर को सीधी पहुंचकर पार्टी द्वारा आयोजित कार्यशाला को संबोधित करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित संगठन चुनाव की कार्यशाला स्थानीय वैष्णवी गार्डन जोगीपुर में अपर्हान 1 बजे आयोजित होगी। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय, लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम और सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक सहित पार्टी के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और चुनाव टोली के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व के अंतर्गत चुनाव की रणनीति एवं कार्य योजना पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

# जगह जगहा लग रहे जुए का फड़, पुलिस को पता नहीं

सीधी। जिला मुख्यालय में इन दिनो जगह जगह जुए के फड़ संचालित हो रहे हैं। जिसके चलते कई परिवार विघटन एवं पीड़ा में दिन बिता रहे हैं। गृहिणियों ने समाचार माध्यम से पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कर जुए के फड़ संचालित करने वाले आरोपियों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि जिला मुख्यालय में कई चिहिंत स्थलो पर प्रतिदिन सुबह से लेकर शाम तक जुए एवं अन्य असमाजिक गतिविधियों को हवा दी जाती है। आपको बतादें कि जिला मुख्यालय में जुआ अब चोरी छिपे नहीं बल्कि खुलेआम हो रहा है। ताश के पत्तो पर हजारों लाखों के दांव लग रहे हैं। इस जुए ने न जाने कितने ही परिवारों को बर्बाद कर दिया है। क्षेत्र के युवा जुए की इस बुरी लत में फंसते जा रहे हैं। युवाओं का भविष्य बर्बाद



करने वाले इन जुआरियों को अब पुलिस व कानून का भी कोई डर नहीं है। जिसके चलते रोज दांव लग रहा है। ऐसा नहीं है कि पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है। मगर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किये जाने से जुआरियों के हौसले बुलंद हैं। जिला मुख्यालय में संचालित होने वाले फड़ो में दूर दराज के जुआरी भी जुआ खेलने पहुंचते हैं और सुबह से रात तक दांव लगता है। मध्यम वर्गीय परिवार के लोग एंव क्षेत्र के युवा पूरी तरह से जुए की लत में समाते जा रहे हैं।

### ब्याज का धंधा जोरों पर -

जुए के फड़ में साहूकार मोटी रकम लेकर पहुंचते हैं, जहां पर जुआरी जुए में रकम हारने के बाद तुरंत अधिक ब्याज पर राशि लेते हैं और फिर दांव लगाते हैं। ब्याज के इस धंधे में सूदखोर तो मालामाल हो रहे हैं मगर ब्याज लेने वाले बर्बाद हो रहे हैं।

### अपराधों को मिल रहा बढ़ावा -

जिला मुख्यालय में छत्रशाल स्टेडियम के समीप संचालित एक दुकान के संचालक ने बताया कि मेरे दुकान में कार्यरत श्रमिक इन दिनो जुए की लत से पीड़ित है। जो कि शुरू से ही बेहद ईमानदार स्टाफ के रूप में जाना जाता था किन्तु कम समय में अधिक धन कमाने की चाह एवं गलत संगत के चलते इन दिनो बर्बाद हो गया है। लिये कर्ज को चुकाने के लिये संस्थान से भी कई माह का अग्रिम भुगतान ले चुका है, वहीं उक्त जुॅआखोर की धर्म पत्नी ने बताया कि जुऑ की लत के चलते घर से स्वर्ण अभूषण तक लगातार गायब हो रहे थें। वहीं शंका के आधार पर खोज खबर लेने पर पता चला कि बात बहुत आगे तक जा चुकी है। कुल मिलाकर जुए की लत के चलते कई परिवार इन दिनो आर्थिक तंगी एवं मानसिक प्रतड़ना के दौर से गुजर रहे हैं। वहीं जानकारो की माने तो जुआरी मजबूरी में आर्थिक तंगी से निपटने के लिये अपराध की दुनिया में भी कदम रख रहे हैं।

# सर्वोदय के छात्र अब बाबा महाकाल की नगरी में करेंगे अपने कला का प्रदर्शन

सीधी। सर्वोदय विद्या मंदिर सीधी विगत ×2 वर्षों से अध्यन के क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रही है और विद्यालय से आज लगभग कई छात्र अपने अपने मुकाम को हासिल कर अपने भविष्य को साकार कर चुके हैं। जिसमे न केवल पढ़ाई का ही क्षेत्र है अपितु पढ़ाई के साथ साथ नाट्य विधा, संगीत, नृत्य, खेल इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ चुके हैं। बीते कई वर्षों में विद्यालय के छात्रों ने जिला स्तरीय, संभाग स्तरीय, रा'य स्तरीय ही नहीं बल्कि राष्ट्र स्तर पर अपने ज़िले के नाम को प्रस्तुत कर अपने क्षेत्र अपने विद्यालय को गर्व की अनुभूति कराई है। विद्यालय हमेशा से ही पढ़ाई के साथ साथ छात्र के मानसिक शारीरिक एवं व्यक्तिव विकास को नज़र में रखते हुए इन उद्देश्यों के पूर्ति हेतु अपनी सेवाएं प्रदान करती आ रही है। इसी क्रम में प्रतिवर्ष विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाने वाला महाकवि कालीदास महोत्सव जिसमे विद्यालय के ब'चों को संस्कृत और संस्कृति को समझाने एवं संस्कृत के प्रति रुझान बढ़े इसलिए छात्रों के लिए प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी विद्यालय के छात्र रा'य स्तरीय कालिदास प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए उ'जैन रवाना हुए हैं। जिसमे छात्रों के द्वारा महाकवि कालिदास कृत नाटक अभिज्ञान शकुंतलम् का मंचन करेंगे और विशेष बात यह है की यह प्रस्तुति संस्कृत में दी जावेगी। उक्त प्रस्तुति विद्यालय के संगीत निर्देशक शैलू दत्त व कुलदीप सोनी ने किया। प्रतिभागी छात्रों में निशांत पाण्डेय, नीलेश साहू, वतन द्विवेदी रूपेश साहू प्रभव पाण्डेय, निशांत पाण्डेय, साक्षी सोनी, आर्यन पाठक, त्रिलोचन पाण्डेय, हिमांशु तिवारी, प्रियांश पाण्डेय शामिल हैं। छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के व्यवस्थापक एम के शुक्ल ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये विद्यालय सदैव से प्रतिबद्ध है। जिसकी एक कड़ी में छात्र खुद को साबित करने हेतु उ'जैन की पवित्र धरती में जा रहे हैं वहीं विद्यालय के प्राचार्य ए के द्विवेदी, उपप्राचार्य पी एन गुप्ता, प्रधानाध्यापक जे के गुप्ता, परीक्षा प्रभारी पी के वर्मा, वरिष्ठ शिक्षिका नीलम विश्वकर्मा, अलका शुक्ला, नीलू शर्मा, दीपाली द्विवेदी, बी आर पटेल, वरिष्ठ शिक्षक पीयूष द्विवेदी, एस एन द्विवेदी सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका पदाधिकारी व शुभचिंतको ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए विजय की कामनाओं के साथ रवाना किया ।

# रेलवे पीड़ित किसान मजदूरो का महिनो से चल रहा अनिश्चित आंदोलन

सीधी। शिवसेना इकाई के साथ ललितपुर सिंगरौली रेल लाइन से प्रभावित भूमिहीन परिवार मजदूर किसानों का लगातार 76वें दिन वीथिका भवन में अनिश्चितकालीन आंदोलन रहा जारी। उक्त जानकारी देते हुए शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने बताया कि अभी भी लगातार आंदोलन जारी है। जब तक स्थाई रूप से प्रशासन द्वारा इन भूमिहीन परिवारों का स्थाई पट्टा नहीं दे दिया जाता, यूं ही यह आंदोलन जारी रहेगा। वह पीड़ित परिवारों के क्षेत्र से गुजरने वाली रेलवे कार्य प्रभावित करने हेतु अगर उग्र आंदोलन भी करना पड़ेगा तो वे करेंगे, लेकिन जब तक विस्थापन की प्रक्रिया पूरी नही हो जाती तब तक इन गरीबों का आशियाना किसी भी हालत में नहीं उजाड़ने देंगे। धरना स्थल पर प्रमुख रूप से शिवसेना शिवसेना संभाग संयोजक संत कुमार केवट, जिला अध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल, नगर अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह चौहान, उर्फ मुन्ना आनंद साहू रामकुमार विश्वकर्मा छठी लाल विश्वकर्मा चंद्रिका रावत सहित सैकड़ो पीड़ित मौजूद रहें।



# सफ्लता की कहानी

## प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने लालशाय बैगा का सपना किया साकार

सीधी पीएम जनमन आवास योजना ने सीधी जिले के जनपद पंचायत कुसमी के ग्राम पंचायत केशलार के ग्राम घोरबंधा निवासी लालशाय बैगा का पक्के मकान में रहने का सपना साकार कर दिया है। पहले लालशाय क'चे मकान में रहते थे, उनके पास इतने रूपए-पैसे भी नहीं थे कि वे खुद का पक्का मकान बना सकें। उन्होंने बताया कि वह खेतीबाड़ी और मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उन्हें मजदूरी से इतने रूपए-पैसे भी नहीं मिलते थे कि वे अपना पक्का मकान बना सके। उनकी आर्थिक स्थिति अ'छी नहीं होने के कारण पक्का मकान में रहना उनके लिए एक सपना के समान था। लालशाय ने बताया कि उन्हें ग्राम पंचायत से सूचना मिली कि उनका नाम प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना में चयन कर लिया गया है। यह सुनकर वह बहुत खुश हुये कि अब उनका भी पक्का मकान बनेगा। उन्होंने बताया कि पीएम जनमन आवास योजना 202×-24 के तहत उन्हें 2 लाख रूपए और 95 मानव दिवस की मजदूरी की राशि मनरेगा से भुगतान की गई है, फ्लस्वरूप उनका पीएम जनमन योजना से पक्का मकान बनकर तैयार हो गया है और वह पक्के मकान में रहने लगे हैं। लालशाय बैगा प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना का लाभ लेने के पूर्व क'चे खपरैल मिट्टी से निर्मित के घर में निवास करते थे, जिसके कारण उन्हें वर्षा, ठंड और गर्मियों में अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने उन्हें इन परेशानियों से मुक्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि नए मकान में पति- पत्नी एवं चार ब'चे खुशी के साथ रहते हैं। लालशाय बैगा और उनकी पत्नी हीरामती बैगा प्रधानमंत्री जनमन योजना से पक्का आवास मकान पाकर बहुत प्रसन्न है।

# न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह-2024 बाइक रैली के माध्यम से विधिक सेवाओं से लोगों को किया गया जागरूक







म.प्र.रा'य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 04.11.2024 से 09.11.2024 तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह मनाया जाना है। उसी तारतम्य में सोमवार 04.11.2024 को बाइक रैली का आयोजन किया गया है जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार पाण्डेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया।

उक्त रैली जिला न्यायालय परिसर सीधी से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट चौराहा होते हुए अस्पताल तिराहा के मार्ग से गांधी चौक तक जनसामान्य को जागरूक करते हुए उसी मार्ग से जिला न्यायालय परिसर में रैली का समापन हुआ। रैली का उद्देश्य जनसामान्य के बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना रहा। इस दौरान जनसामान्य एवं राहगीरों में पम्पलेटस का वितरण किया गया। बाइक रैली आयोजन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम के समस्त सदस्य, पैनल अधिवक्ता, न्यायालय के कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेंटियर्स आदि लोगों की सहभागिता रही।

### प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला जेल का किया निरीक्षण

न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2024 के तारतम्य में ही उक्त बाइक रैली आयोजन के पश्चात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार पाण्डेय के द्वारा जिला जेल सीधी का निरीक्षण कर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पाण्डेय द्वारा उपस्थित बंदियों को अपील एवं पेरोल के अधिकार तथा विधिक सहायता योजना की जानकारी दी गई तथा बंदियों से उनकी समस्या पूछी गई। श्री पाण्डेय द्वारा बंदियों को दी जाने वाली चिकित्सा, भोजन, साफ-सफाई, परिवारों से मिलाई तथा बंदियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजना, पढ़ाई एवं मनोरंजन आदि के संबंध में पूछताछ कर निर्देश दिये गये। शिविर में विशेष न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लक्ष्मण डोडवे, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला, जेल अधीक्षक आर.एस. सिंह उप जेल अधीक्षक कृष्णकांत तिवारी, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल टीम के सदस्य एवं पत्रकार, सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण तथा जिला जेल के कर्मचारीगण उपस्थित रहे

# सफलता की कहानी

## पीएम जनमन योजना से मोबाईल टावर स्थापना से खुश हैं टोनादह के निवासी

### शासकीय सेवाओं तक पहुंच हुई आसान

सीधी जिला मुख्यालय से 24 किलोमीटर की दूरी पर चारों ओर पहाड़ियों से घिरा हुआ प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर आदिवासी बाहुल्य गांव टोनादह है। आज के मोबाईल युग में मुख्य सड़क मार्ग से 08 किलोमीटर दूर यह एक नेटवर्क विहीन गॉव था। ग्रामवासियों को मोबाईल लगाने के लिए 04 किलोमीटर की दूरी पर बरम्बाबा गांव जाना पड़ता था। नेटवर्क न होने के कारण ब'चों के जन्म के समय अस्पताल के वाहन समय पर नहीं पहॅुच पाते थे, कहीं भी बात करने के लिये मीलों चलना पड़ता था। नेटवर्क विहीन होने के कारण शासकीय सेवाओं का लाभ लेने के लिए भी गांव से बाहर जाना पड़ता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी पीएम जनमन योजना के कारण ग्राम टोनादह में बी.एस.एन.एल. का टावर स्थापित हो गया है।टोनादह के सरपंच धरमदास साकेत ने कहा कि बीएसएनएल का टॉवर लगने से ग्रामवासियों में उत्साह और खुशी का माहौल है। अब मोबाईल कनेक्टिविटी बढ़ने से सभी सुविधायें गॉव में ही उपलब्ध हो जायेंगी। आधारकार्ड से पैसा निकालना, नक्शा-खसरा निकालना, किसान सम्मान निधि की जानकारी, आवास योजना की राशि, सरकारी योजनाओं का अपडेट सभी कुछ हमारे गॉव में ही अब सभंव हो पायेगा। उन्होंने बताया कि मोबाईल टावर के अतिरिक्त पी.एम.जनमन योजना से गांव के बैगा परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी दिया गया है। जो आदिवासी परिवार के लोग मिट्टी के घर में रहते थे, अब पक्के घर में रहते हैं। आयुष्मान कार्ड से इलाज कराते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कारण सड़क बनने से आवागमन सुगम हो गया है।

# किसानों को सिंचाई परियोजनाओं का मिलेगा लाभ - उप मुख्यमंत्री

सीधी कमिश्नर कार्यालय सभागार रीवा में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संभाग की प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी-मोटी बाधाओं के कारण बहुती माइक्रो इरिगेशन से सिंचाई शुरू नहीं हो पा रही है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी बहुती नहर निर्माण के छूटे हुए भाग में तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराएं। निर्माण कार्य के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमिश्नर तथा पुलिस महानिरीक्षक आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। लगभग 10 स्थानों में अधिग्रहीत भूमि पर निर्माण कार्य में बाधा डालने के कारण 65 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पा रही है। सभी निर्माण कार्य ×0 दिन में पूरा करके बहुती माइक्रो इरिगेशन से किसानों को सिंचाई के लिए पानी दें।बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना से सीधी, मऊगंज और रीवा जिले के बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा। इसके लिए शासन द्वारा चार हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसका मुख्य बांध सीधी जिले में सोन नदी पर बनाया जाएगा। इससे उद्वहन द्वारा पानी मऊगंज और हनुमना में पहुंचाया जाएगा। परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति तथा अन्य सभी अनुसंशाओं के लिए तत्काल आवेदन कर दें। मुख्य वन संरक्षक परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृतिक के लिए विभागीय मापदण्डों के अनुसार शीघ्र स्वीकृतियाँ जारी कराएं। उप मुख्यमंत्री ने नईगढ़ी सूक्ष्म दाब सिंचाई परियोजना की नहरों का निर्माण भी शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र के सभी जिलों में विकास को गति देने के लिए ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन तथा सिंचाई परियोजनाओं के कार्य समय पर पूरा किया जाना आवश्यक है। रेलवे परियोजना के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं, जिससे 2025 में रीवा रेलवे लाइन से सीधी जिले से जुड़ जाए। बैठक में मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग ने सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि बहुती सिंचाई परियोजना में 21 किलोमीटर नहर तथा छुहिया घाटी में ×.1 किलोमीटर की टनल का निर्माण पूरा हो गया है। मैहर, सीधी और रीवा जिले के कुल 11 स्थानों में नहर निर्माण के लिए अर्जित भूमि पर निर्माण कार्य में कठिनाई आ रही है। इन कठिनाईयों को दूर करके ×0 दिन में निर्माण कार्य पूरा करा लिया जाएगा। बैठक में जिला गौ संवर्धन बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने कहा कि जल संसाधन विभाग 15 अक्टूबर तक नहरों में सिंचाई के लिए पानी छोड़ दे तो गेंहू और चने की फसल की समय पर बुवाई हो जाएगी। इससे उत्पादन बढ़ेगा तथा किसान को गर्मी में तीसरी फसल के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। इसके लिए किसानों को भी जागरूक करने का निर्णय लिया गया।बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, जल संसाधन विभाग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर मंगलवार 5 नबम्बर 2024
खबरें बेबाक, बेखौफ बेझिझक



# हैण्डपंपों की मरम्मत एवं सुधार कार्य में लापरवाही न बरतें अधिकारी - कलेक्टर

## कलेक्टर ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सभी विभागों की विभागवार समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम, सीएम हेल्पलाईन, जनसुनवाई कार्यक्रम सहित अन्य आम जन समस्याओं से संबंधित लबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं समस्याओं और शिकायतों का निराकरण कर जानकारी भी प्रेषित करें।

उर्जा विभाग की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए ऊर्जा विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ट्रांसफारमर बदलने की शिकायतें अधिक संख्या में लबित है।

### कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिल में जितने भी हैण्डपंप लगे हुए हैं उनकी मरम्मत सतत रूप से होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि हैण्डपंपों की मरम्मत कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अधिकारी न बरतें। उन्होंने कहा कि हैण्डपंप की मरम्मत के दौरान पाईप खराब होने पर पाइप को बदला जाए जिससे हैण्डपंप अच्छी तरह से चल पाए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 08 नवम्बर को उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की उपस्थिति में योजना समिति की बैठक आयोजित की गई है। इस संबंध में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना समिति की बैंठक हेतु सभी अधिकारी अपने विभाग संबंधी समस्त जानकारी लेकर बैठक में उपस्थित होंगे।

कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग के अधिकारी से ट्रान्सफर्मर बदलने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। जिस पर ऊर्जा विभाग के अधिकारी ने बताया कि बिजली बिल जमा नहीं होने के कारण ट्रांसफर्मर नहीं बदले जा रहे हैं। जिस पर कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जहां ट्रान्सफर्मर बदलने की शिकायतें हैं और बिल जमा नहीं हैं तो उन गांवों में बिल जमा कराने हेतु कैंप लगाएं तथा उपभोक्ताओं को जानकारी दे कि बिल जमा होने के बाद ही ट्रान्सफर्मर बदलना संभव हो पाएगा।




### ये रहे मौजूद

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, सहायक कलेक्टर सौम्या आनन्द, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर श्रीमती प्रगति वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते, श्रीमती एन्टोनियो एक्का सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा

बैठक में सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों को संबंधित अधिकारी गंभीरता से लें तथा शिकायतों के निराकरण करने की कार्यवाही करे। उन्होनें अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त कोई भी शिकायत अनअटेन्डेंट नहीं होनी चाहिए। अधिकारी स्वयं शिकायत को अटेन्ड करें तथा निराकरण करने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए तथा शिकायतकर्ता से संतुष्टिपूर्वक शिकायत को बंद कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने लोक सेवा अधिनियम अंतर्गत लंबित शिकायतों की भी समीक्षा की तथा निराकरण हेतु अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक मे कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत ई-केवायसी एवं पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत बैंक खाता एवं आधार लिंकिग की भी जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि पीएम किसान सम्मान निधि के अंर्तगत आने वाले किसानों का बैंक खाता से आधार लिंकिंग एवं ई-केवाईसी किसान पंजीयन के कार्य को तेजी से पूर्ण करें। इसी प्रकार कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, ऊर्जा विभाग,जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

## कमिश्नर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नि:शुल्क टायपिंग की व्यवस्था



शहडोल। कमिश्नर कार्यालय शहडोल एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय शहडोल में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान आने वाले दूर-दराज व असमर्थ नागरिकों के लिए निःशुल्क टायपिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस सेवा का उद्देश्य सरकारी प्रक्रियाओं को सरल और सुलभ बनाना है, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो आर्थिक कारणों से प्राइवेट टायपिंग सेवाओं का उपयोग नहीं कर सकते। यह सुविधा उन व्यक्तियों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है जो लंबी दूरी से यात्रा कर के जनसुनवाई में आते हैं, ताकि उन्हें बिना किसी अतिरिक्त बोझ के अपनी समस्याओं को प्रस्तुत करने का मौका मिल सके। गौरतलब है कि कमिश्नर कार्यालय में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमन शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय शहडोल में पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशानुसार निःशुल्क टायपिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## जिला चिकित्सालय शहडोल में 11026 मरीजों को मिली सोनोग्राफी की सुविधा




शहडोल। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा मरीजो के उपचार के लिए निरंतर स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। इसी क?ी में जिला चिकित्सालय शहडोल में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। हाल ही में जिला चिकित्सालय शहडोल में 11026 मरीजों को सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह पहल न केवल स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावशीलता को भी दर्शाती है। सोनोग्राफी, जो कि एक अत्याधुनिक चिकित्सा जांच प्रक्रिया है, का उपयोग गर्भावस्था, आंतरिक अंगों की समस्या, और अन्य स्वास्थ्य संबंधी स्थितियों के निदान के लिए किया जाता है। इस तकनीक के माध्यम से डॉक्टर मरीजों की स्थिति का सही आंकलन कर सकते हैं और उचित उपचार की दिशा में आगे ब? सकते हैं। सिविल सर्जन जिला अस्पताल डॉ. जीएस परिहार ने जानकारी दी है कि जिला चिकित्सालय शहडोल में जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक 5508 एवं जनवरी 2024 से अक्टूबर 2024 तक 5518 मरीजों को सोनोग्राफी किया गया है।

## कोयला खदान में घुसकर चोरी का प्रयास करने वाले आरोपी गिरफ्तार



शहडोल। 30 अक्टूबर 2024 की रात्रि में ड्यूटी के दौरान राजेन्द्रा भूमिगत खदान के समीप एस.आई.एस.एफ. कर्मचारियों एवं अज्ञात चोरों के विरूद्ध झड़प हुई थी। इस झड़प के बाद सुरक्षाकर्मियों द्वारा पीछा कर एक चोर को पकड़ लिया गया था। एस.आई.एस.एफ. कर्मचारियों की ओर से दर्ज रिपोर्ट पर आरोपीगणों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अपराध में संलिप्त आरोपी शिवा कोल शिवा कोल पिता राम प्रसाद कोल उम्र 18 वर्ष 3 माह निवासी ग्राम छिरहटी, थाना खैरहा जिला शहडोल (म.प्र.) को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी से पूछताछ के अनुसार मामले में आरोपी सुरेश ढीमर निवासी ग्राम छिरहटी, बालू उर्फ सूर्यभान जायसवाल निवासी सिरोंजा की संलिप्तता के आधार पर जोड़ा गया है। पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक के द्वारा जिले में चलाये जा रहे लगातार फरार आरोपियों की धरपकड़ के अभियान के तहत उक्त अपराध में आरोपी (1) सुरेश ढीमर पिता ददईया उर्फ गदईया ढीमर उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम छिरहटी थाना खैरहा (2) बालू उर्फ सूर्यभान जायसवाल पिता स्व. कुंजीलाल जायसवाल उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम सिरौंजा थाना खैरहा, (3) अर्जुन कोल पिता दद्दी कोल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बैरिहा थाना खैरहा जो घटना के बाद से लगातार फरार चल रहे थे। सोमवार को तीनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया है। मामले में आरोपी सोमप्रकाश बर्मन निवासी ग्राम छिरहटी एवं ताता बैगा निवासी ग्राम छिरहटी के फरार चल रहे है जिनके गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## 70 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राहियों के बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड



शहडोल। कलेक्टर डॉ.केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के निर्देशन में 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में सोमवार को जिला चिकित्सालय शहडोल में 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके लीलाधर खोडियार का आयुष्मान कार्ड बनाया गया जिसमें सिविल सर्जन डॉ. जीएस परिहार ने आयुष्मान कार्ड सौंपा। इसी प्रकार जिले के समस्त विकासखंडो के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, ग्राम पंचायतो तथा शहरी क्षेत्रों में जिला चिकित्सालय, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं नगर पालिका एवं नगर पंचायत कार्यालयों में भी आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

## पुलिस द्वारा जुआ एक्ट के तहत 04 कार्यवाही

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा नशे एवं सट्टा/जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। थाना बु?ार क्षेत्रांतर्गत रविवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि स्थानीय ग्राम भिमान टोला कस्बा केशवाही में तरफ कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर बु?ार पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी 1.केमलू पनिका पिता बाबूलाल पनिका उम्र 33 वर्ष एवं 01 अन्य आरोपी, सभी निवासी केशवाही, बु?ार, शहडोल के कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 1,500 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी क्रम में थाना बु?ार क्षेत्रांतर्गत रविवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि स्थानीय ग्राम हर्री में तरफ कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर बु?ार पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी 1.पन्नेलाल कंवर पिता रामप्रसाद कंवर एवं 02 अन्य आरोपी, सभी निवासी महुआ टोल, केशवाही, बु?ार, शहहडोल के कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 1,900 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी क्रम में थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत रविवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि स्थानीय भूईबांध, पुरानी बस्ती, रेल्वे ग्राउंड में तरफ कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी 1.श्रीकांत राय पिता वसुदेव राय, 2.मोहन सोनी पिता रामकृष्ण सोनी, 3.सचिन चौरसिया पिता सुरेन्द्र चौरसिया, सभी निवासी स्थीनीय शहर शहडोल के कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 7,30 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी क्रम में थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत रविवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि स्थानीय कोरियान बस्ती, पुरानी बस्ती, रेल्वे ग्राउंड में तरफ कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी 1.हरिलाल कुशवाहा पिता बबली कुशवाहा, 2.राम यादव पिता गोपाल यादव, 3.मुन्ना सेन पिता धनीराम सेन, सभी निवासी स्थीनीय शहर शहडोल के कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 7,30 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## ई.व्ही.एम. वेयरहाउस का किया गया मासिक बाह्य निरीक्षण



शहडोल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशो के अनुपालन में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ई.व्ही.एम. व्ही.व्ही.पी.ए.टी वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## जैतहरी तहसील के ग्राम पंचायत अमगवां में राजस्व एवं जन कल्याण शिविर बुधवार 06 नवम्बर को

शहडोल/अनूपपुर। जिला प्रशासन द्वारा तहसील जैतहरी के ग्राम पंचायत अमगवां में बुधवार 06 नवम्बर 2024 को ग्राम पंचायत परिसर में राजस्व सहित जन समस्याओं के निवारण के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में ग्राम पंचायत अमगवां सहित नगरीय निकाय जैतहरी तथा ग्राम पंचायत बैहार, गौरेला, पगना, झाईताल, गोबरी, खोला?ी, सिवनी, लहरपुर, पचौहा, टकहुली, मौहरी, महुदा, क्योंटार के नागरिकगण लाभान्वित हो सकेंगे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने तहसीलदार जैतहरी व जनपद पंचायत जैतहरी के सीईओ एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी जैतहरी को शिविर के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविर में जन समस्या रजिस्टर एवं राजस्व प्रकरण रजिस्टर संधारित करते हुए प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है। शिविर में नामांतरण, बंटवारा, राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। संबंधित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय के नागरिकगणों से राजस्व एवं जन कल्याण शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो को आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु सीएमएचओ ने की अपील




शहडोल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जिले के सभी 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों से आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ लेने की अपील करते हुए कहा है कि जिले के सभी 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, तथा कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत समिति एवं उनके परिवार के पात्र सदस्य अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। इसके लिए गरीबी रेखा में नाम होने व अन्य पाबंदी नही है। जिला चिकित्सालय शहडोल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा स्थापित कियोस्क सेंटर में आयुष्मान मित्र के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आशा सहयोगिनी, आशा कार्यकर्ता एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# ब्लाक प्रमुख,बीडीओ व जेई पर लगे भष्ट्राचार के गम्भीर अरोप

## डीएम को दी गई शपथ पत्र व साक्ष्यों के साथ शिकायत. अधिकारों को रोकने की उठाई मांग जनरेटर, पल्ले, शौचालय, मरम्मत आदि पर किया गया फर्जीवाड़ा निकाला गया लाखों रूपये का भुगतान, ग्रामपंचातों का उल्लेख नही कार्य के नाम पर हो गया लाखों का भुगतान

**सीतापुर।** पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि एलिया अमरेन्द्र कुमार सिंह ने जिलाधिकारी सीतापुर को शपथ पत्र के साक्ष्य सहित शिकायत देकर विकास खण्ड ऐलिया के ब्लाक प्रमुख बीडिओ व जेई द्वारा उड़ाई जा रही नियमों की धज्जिंया करवाये जा रहे पहले कार्य उसके बाद टेण्डर की जा रही प्रक्रिया। क्षेत्र पंचायत निधि को बनाया गया कमाई का जरिया तो खण्ड विकास अधिकारी पर लगाया कमीशन बाजी का ओराप। पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जहाँ एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिये के लिए प्रयासरत है, जिससे प्रदेश में विकास कार्यो में भ्रष्टाचार जड़ से खत्म किया जा सके। जारी आदेशों को ध्यान में रखकर शासन की मंशानुसार विकास कार्य कराए जा सके । मुख्यमंत्री के साथ कदम से कदम मिलाकर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भी समय समय पर सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक करके भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने व सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं आम जनमानस तक पहुंचाने के लिये दिशा निर्देश जारी किये जाते रहते है। शासन के हर प्रयास के बाद भी जनपद के विकास खण्ड ऐलिया में ब्लाक प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी व जेई द्वारा जारी आदेशो व नियमो की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है । खण्ड विकास अधिकारी द्वारा जारी पत्रांक संख्या 5154 पंचम / 15वां वित्त निविदा प्रपत्र 2024 दिनांक 24..10.2024 के अनुसार कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी ऐलिया ने 47 कार्यो का पत्र जारी किया। जिसमें निविदाएं दिनांक 26 अक्टूबर से 08 नवम्बर तक प्राप्त किये जाने की तिथि निर्धारित की गई है व निविदा खुलने की तिथि 11 नवम्बर 2024 है। जिसमें पंजीकृत फर्मो द्वारा निविदा डाली जा सकें। जिसका सबसे कम मूल्य मिलेगा वही निविदादाता सम्बन्धित कार्य करा सकता है। जारी पत्र पर ध्यान दिया जाये तो निविदा




खुलने के बाद विकास खण्ड के क्षेत्र पंचायत के कार्यो को कराया जायेगा। जबकि धरातल पर क्षेत्र पंचायत के कार्यो में ब्लाक प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी व जेई ने पंचायती राज विभाग के नियमों को दरकिनार कर पहले ही कई कार्य करवा दिये है। इन 47 कार्यो में लगभग 17 आरओ प्लाण्ट स्थापित हो चुके है, अन्य कार्यो पर भी पहले कार्य की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। विकास खण्ड ऐलिया में क्षेत्र पंचायत के द्वारा कराए सलंग्न सूची के अनुसार वर्ष 2022-23 से अभी तक कराये कार्यो में जमकर फर्जीवाड़ा किया गया है जिससे कराये कार्यो में बिना कार्य के ही पुराने कार्यो की मरम्मत जनरेटर सौर प्रकाश हाई मस्ट लाइट आदि में ब्लाक प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी व जेई ने भारी धनराशि का भारी मात्रा में फर्जीवाड़ा किया गया है जोकि जिलास्तरीय जाँच से घोटाला स्पष्ट हो सकते है । साथ क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत में दोनो की निरिध से एक ही कार्य कराये गए जो कि जांच में उजागर हो सकता है । बीडीओ शैलेन्द्र कुमार सिंह के नियुक्ति तिथ से लेकर अभी तक कुल कराये गए भुगतान में मात्र कुछ ही ग्राम पंचायतों में सबसे अधिक भुगतान कराया गया है जबकि विकास खण्ड ऐलिया में कुल 83 ग्राम पंचायत है सभी मे समान भुगतान होना अनिवार्य होता है , खण्ड विकास अधिकारी की नियुक्ति अवधि से ही विकास खण्ड में कमीशन बाजी भारी प्रभावी है साथ ही मनरेगा कार्यो में फर्जी वाडा कर बिना कार्य के कई भुगतान कराये गए है जोकि की मीडिया की सुर्खियां बनी रहती है प्रकरण दबाए जा चुके है जांच की आवश्यकता है । टेण्डर प्रकाशन के नाम पर अब तक कुल एक ही फर्म पर सबसे अधिक भुगतान ब्लाक प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी व जेई की मिलीभगत से बकराये गए है जोकि संलग्न सूची में स्पष्ट दिखाई दे रहे है । बीडीओ द्वारा जारी पत्र व ई स्वराज की सूची के अनुसार कराये क्षेत्र पंचायत विकास कार्य मे ब्लाक प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी व जेई के द्वारा कार्य व भुगतान में कई कार्य ऐसे है जिनमे ग्राम पंचायतों का उल्लेख ही नही किया गया जोकि फर्जीवाड़े का संकेत दे रही । शिकायत पत्र दिनांक से निष्पक्ष जाँच आख्या आने तिथि तक ब्लाक प्रमुख,व खण्ड विकास अधिकारी के प्रशासनिक वित्तीय अधिकारों पर रोक लीगाने की मांग की जिससे फर्जी वाड़ा रोका जा सके। क्योकि ब्लाक प्रमुख व बीडीओ के होते हुए निष्पक्ष जांच आख्या आने में बाधा उत्पन्न हो सकती है। दिये गये शिकायत पत्र के सम्बन्ध में जब खण्ड विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह से जानकारी ली गई तो उन्होने कहा कि हमारे संज्ञान में कोई भी शिकायती प्रार्थना पत्र नही है अगर हमारे संज्ञान में आता है तो जाचं कराई जायेगी।

## बिसवा बार एसोसिएशन ने गाजियाबाद अधिवक्ताओ के प्रकरण में कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



बिसवा ( सीतापुर ) ।बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के अध्यक्ष आर एन सिंह एवम सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर गाजियाबाद प्रकरण में जिला जज गाजियाबाद द्वारा अधिवक्ताओ पर लाठी चार्ज कराये जाने के विरोध में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवा को सौंपा।बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अधिवक्ताओ पर जिला जज गाजियाबाद द्वारा लाठी चार्ज कराये जाने की घोर निंदा करते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है।सभी अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को भेजे गए ज्ञापन के माध्यम से गाजियाबाद प्रकरण में दोषी जिला जज एवम वकीलों पर लाठी चार्ज करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही एवम गाजियाबाद के जिला जज द्वारा अधिवक्ताओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार करने के लिए उन्हें हटाये जाने की माँग की है। ज्ञापन देने वाले अधिवक्ताओं में बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के ब्रजेश नारायण गुप्त,राज किशोर यादव,सूर्य प्रसाद यादव,दिनेश कुमार श्रीवास्तव,अशोक कुमार वर्मा,पुत्ती लाल वर्मा,इंतिखाब आलम सिद्दीकी,संतोष कठेरिया,मनोज गुप्त,कैलाश श्रीवास्तव,प्रमोद कुमार यादव,प्रमोद कुमार श्रीवास्तव,अनमोल कन्हैया, जितेंद्र मिश्रा,विपिन कुमार यादव,राम किशोर वर्मा,के. के.वैश्य,राजेश वर्मा,शिशु पाल यादव,आनंद मिश्रा, मनोज गौतम,क्षितिज मिश्रा,अरून श्रीवास्तव,प्रदीप विश्वकर्मा,नावेद सिद्दीकी,अश्वनी श्रीवास्तव,पुनीत कुमार गौतम,सत्यम तृवेदी,अनुज यादव,फूलचंद्र सहित काफी संख्या में अधिवक्ता गण प्रमुख रहे।

## लाखो की कीमत से बना जेल परिसर का शौचालय चाट रहा धूल टंकी बनी शोरू पीस पानी के संकट से जूझ रहे मुलाकाती

**सीतापुर।** जिला कारागार में अपनों से मिलने आये मुलाकातियों को यहां काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका परिषद की जलकल विभाग की जेई सौम्या द्वारा जेल परिसर में आये रहे मुलाकातियों की तरफ कोई ध्यान ही नही दिया जा रहा है और जो महिलाएं अपनों से मुलाकात करने आ रही है उनके सामने तो घोर संकट हमेशा ही उत्पन्न रहता है। क्योकि अगर कोई महिला जिला जेले में अपनो से मुलाकात करने आती है अगर जेल परिसर में उसे नम्बर ए व दो जाना पड़ जाये काफी दिक्कते आती है। जेल प्रशासन ने जेल परिसर में शौचालय तो बनवा दिया लेकिन उसको मुलाकातियों के लिये खोला नही जा रही है। मुलाकाती



यह भी नही जानते है कि जिला जेल परिसर में एक मुलाकातियों के लिये एक शौचालय भी बना है। क्योकि में जो भी धन लगाया गया है उसको दुरूपयोग हुआ है ऐसा प्रतीत हो रहा है। क्योकि जेल परिसर का बना शौचालय जो जेल परिसर के पीछे विजिटल कक्ष के पीछे बनाया गया है और वहां तक जाने के लिये कोई साफ सुथरा रास्ता भी नही है इस कारण महिला मुलाकातियों को काफी परेशानियों का सामना पड़ रहा है। एक तरफ तो पीएम मोदी स्वच्छता मिशन पर पूरा बल दिऐ हुए है और हर घर शौचालय का निर्माण करवा रहे है तो वहीं पर जिला जेल मुलाकात करने आई महिला मुलाकातियों द्वारा जैसे तैसे नम्बर एक तो निपटा दिया जाता है लेकिन अगर कहीं खुदा न खास्ता नम्बर दो जाना पड़ जाये तो काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं जेल प्रशासन से लेकर नगर पालिका प्रशासन जेल परिसर से लेकर बाहर तक पेयजल की व्यवस्था नही कर पा रहा हैं। जलकल विभाग नगर पालिका की जेई सौम्या द्वारा भी इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा हैं जबकि सौम्या की देख रेख में पानी की दुरूपयोग वह भी जेल रोड पर ही हो रहा है। इस पर जेई द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। कभी नगर पालिका द्वारा मुलाकातियों के लिये गेट के बाहर जेल के बाहर एक टंकी लगी है लेकिन वह भी शो पीस बनी हुई है।

## डीएम व कप्तान ने फीता काटकर किया यातायात माह का शुभारम्भ


सीतापुर। यातायात माह का शुभारंभ आंख अस्पताल गेट पर आदरणीय जिलाधिकारी अभिषेक आनंद , पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रवीन रंजन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार , के कर कमलो संपन्न हुआ सीओ सिटीश्री अमन सिंह कोतवाली प्रभारी अनूप शुक्ला यातायात निरीक्षक फरीद अहमद की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया ।आदरणीय जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने फीता काटकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष भगवती गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। यातायात माह के अवसर पर उपस्थित जन व समूह व्यापार मंडल के पदाधिकारी व समाजसेवियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्री अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने वाहन को सावधानी से चलाने, हेलमेट लगाने ,चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट लगाने व नशे में वाहन न चलाने तथा अन्य अनेक प्रकार के सावधानियां से अवगत कराया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रवीन रंजन सिंह ने भी अपने विचार रखें । आभार प्रदर्शन डॉक्टर प्रकाश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने किया ।कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महासचिव शोभित टंडन ने किया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा प्रकाशित साहित्य का विमोचन उपस्थित



सभी प्रमुख अधिकारियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात तमाम दुपहिया वाहनों को जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक प्रान्तीय महासचिव शोभित टंडन और जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल भगवती गुप्ता ने हेलमेट पहना करके उनको रवाना किया। अंत में सुरक्षा वाहन का हरी झंडी दिखा करके जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ,पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष भगवती गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर सुरक्षा वाहन को रवाना किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जगदीश लोधी, प्रतीक जिंदल, के डी निषाद, बबलू ,श्रीमती मुन्नी चैधरी, कमलेश गिहार, मनोज अनेजा , संजय गुप्ता,राजीव वाधवानी प्रेमू बाजपेई ,सहज गुप्ता, प्रदीप गुप्ता उदय प्रकाश त्रिवेदी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

## डीएम व कप्तान की देख रेख में सम्पन्न हुआ समाधान दिवस

सीतापुर । जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील



सिधौली में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें।समाधान दिवस के उपरान्त नगर पंचायत सिधौली में स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत होम कम्पोस्टिग किये जाने हेतु श्रीमती गीता भार्गव, सदस्य वार्ड- बहादुरगंज, सारिका शुक्ला, वार्ड-, नरोत्तमनगर दक्षिणी, श्रीमती पिंकी देवी, वार्ड-1 बहादुरगंज तथा श्रीमती पिंकी देवी, वार्ड-6 बाजार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी सिधौली अनिल रस्तोगी, उपजिलाधिकारी न्यायिक शैलेन्द्र मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।तहसील सिधौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 51 शिकायतों में से 07 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 16 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 03 प्रार्थना पत्रों में से शून्य, तहसील बिसवां में प्राप्त 28 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील सदर में प्राप्त 04 प्रार्थना पत्रों में से 01, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महोली में प्राप्त 04 प्रार्थना-पत्रों में से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## आखिर किसके इशारे पर आशा बहुएं मरीजों को ले जाती जनसेवा हास्पिटल

सीतापुर। स्थानीय मोहल्ला प्रेमनगर में स्थित जनसेवा अस्पताल में चर्चाएं पीछा छोड़ने का नाम ही ले रही है। इस अस्पताल




के संचालक जे.एस.तोमर ने यह तो स्वीकार ही कर लिया कि जन सेवा अस्पताल में जिला अस्पताल के जाने माने प्रख्यात सर्जन गौरव मिश्रा और दूसरे सर्जन अखिलेश वर्मा जो गैर जनपद से आकर यहां आपरेशन करते है। इसे गम्भीर मसला माना जा रहा है क्या एक सरकारी अस्पताल में तैनात डाक्टर प्राइवेट अस्पताल में आकर आपरेशन कर सकता है। इस बात की चर्चा अभी समाप्त भी नही हो पाई थी जिला अस्पताल के सीएमएस इन्द्रेश सिंह यह दावा कर ही रहे थे कि अभी तक ऐसी कोई भी शिकायत मेरे पास नही आई है शिकायत आने पर कार्यवाही की जायेगी। अब गलत कौन है एक तरफ जनसेवा अस्पताल के संचालक कह रहे है कि जिला अस्पताल के डाक्टर गौरव मिश्रा हमारे अस्पताल में आपरेशन करने आते है तो वहीं सीएमएस ऐसी जानकारी होने इंकार कर रहे है। इन सभी मसलों के बीच एक और नया मामला आ गया है जो जनसेवा अस्पताल के सितारों को गर्दिश की ओर लिये जा रहा है। अब पता चला है कि जिला अस्पताल व महिला अस्तपाल से मरीजो को आशा बहुए गुमराह करके जनसेवा अस्पताल में लाती है और यहां पर जो भी गर्भवती महिला आती है उसका आपरेशन जरूर होता है। अपवाद स्वरूप भले ही हुआ हो जब यहां पर डिलेवरी नार्मल हुई हो वरना तो ज्यादातर यहां आपरेशन से नवजात पैदा किया जाता है। जनसेवा अस्पताल के सितारे लगातार गर्दिश में आते जा रहे है। महिला अस्पताल की सीएमएस ने अपना ईमानदारी के साथ पक्ष रखा और जब सीएमएस के पक्ष पर सीएमओ का पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होने फोन नही उठाया जिससे उनका पक्ष नही जाना जा सका।आशा बहुए हमारे अण्डर में नही है। हमारे अस्पताल से मरीज प्राइवेट नही जाते है अगर कैस गम्भीर है तो हम मरीज को सीधे लखनऊ रेफर करते है। आशा बहुए सीएमओ के अण्डर में होती है और यह मरीजों को गुमराह करके प्राइवेट ले जाती है। फिर भी हम कोशिश करते है कि आशा बहुए किसी भी कीमत पर मरीज को प्राइवेट न ले जाये हमारे अस्पताल में मरीज की हालत गम्भीर होने पर लखनऊ रेफर किया जाता है- सुनीता सीएमएस महिला अस्पताल

## तहसील दिवस में गूंजा गाजियाबाद लाठीचार्ज का मुद्दा'

महमूदाबाद, सीतापुर। बीते शनिवार को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण सोमवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम शिखा शुक्ला की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान कुल 21 शिकायतों में से पांच का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए एसडीएम ने मातहतों को निर्देशित किया। तहसील दिवस के दौरान नाराज अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए पहुंचे और गाजियाबाद में हुई घटना का विरोध करते हुए चार सूत्री ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित एसडीएम को सौंपा। महमूदाबाद लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में गाजियाबा जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज मामले में न्याय एवं अधिवक्ता हित में करवाई और दोषी अधिकारियों पर बर्खास्तगी की कार्रवाई साथ ही अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए सालों से लंबित अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम अविलंब लागू कराए जाने की मांग की। इस दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष अखिलेश के साथ रविन्द्र, अरुणेश शुक्ला, सबहुद्दीन खान, शानू अल्वी आदि मौजूद रहे।

# व्यक्ति की जेब में रखे रू0 4,40,000 गुम होने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना लोहामंडी पुलिस टीम द्वारा मात्र 1 घंटा 30 मिनट में रूपयो को खोजकर व्यक्ति को सकुशल लौटाया.......

दिनांक 29.10.2024 को विजय पुत्र घासीराम निवासी जगदीशपुरा की पुलिया बंशीधर का बाड़ा थाना जगदीशपुरा द्वारा थाना लोहामंडी सूचना दी गयी कि कल दिनांक 28.10.2024 को वह शराब के नशे में था और उसकी जेब में रखे 4,40,000/- रूपये थाना लोहामंडी क्षेत्र में कही गिर गये है, जो मिल नहीं रहे है। उपरोक्त प्राप्त्र सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष लोहामंडी द्वारा पुलिस टीम का गठन किया गया और व्यक्ति के गुम हुए रूपयों को ढूँढने के लिए गठित पुलिस टीम को दिशा-निर्देश दिये।गठित पुलिस टीम द्वारा बीट पुलिस कार्यप्रणाली के तहत कार्य करते हुए बाजार में लगभग 80 से 100 कैमरों के वीडियो और फुटेज को चैक किया गया व सम्बन्धित व्यक्ति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए वीडियो व फुटेज में पाया कि 02 नाबालिग किशोर 01 प्लास्टिक की मैली जो एक व्यक्ति के पास पड़ी थी को ले जाते हुए दिखायी दिये। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त नाबालिग किशोर की पहचान करते हुए उनके घर का पता लगाकर उनके पास से रूपयों कीप्लास्टिक की थैली बरामद करते हुए शत-प्रतिशत रूपयों की बरामदगी की गयी। बरामद रूपयों को थाना लोहामंडी पुलिस टीम द्वारा सूचनाकर्ता विक्य और उनके परिजनों



को सकुशल अपूर्व किया गया, अपने रूपयों को सकुशल पाकर विजय उपरोक्त द्वारा भाना लोहामंडी पुलिस टीम व आगरा पुलिस का धन्यवाद करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**बरामदगी का विवरण:**

रू0 4,39,400/-(गुम हुए।

**पुलिस टीम का विवरण–**

01. थानाध्यक्ष रोहित कुमार थाना लोहामंडी कमिश्नरेट आगरा। 02. उ0नि0 पंतजलि कुमार थाना लोहामंडी कमिश्नरेट आगरा।

03. प्रशिक्षु उपनि0 अर्पित कुमार थाना लोहामंडी कमिश्नरेट आगरा। 04. का0 विशाल थाना लोहामंडी कमिश्नरेट आगरा।

## 13 वर्षीय नाबालिग बालिका के लावारिस हालत में मिलने पर क्क- 112 की पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा बालिका से पूछताछ कर, परिजनो को खोजकर, बच्ची को किया परिजनों के सुपुर्द बालिका को सकुशल पाकर परिजनो हुए खुश, बोले धन्यवाद आगरा पुलिस

रात्रि में पीआरवी 0018 को लावारिस हालत में एक नाबालिग बालिका घूमते हुए मिली, पुलिस टीम द्वारा बालिका से तसल्ली वस जानकारी की गयी तो बालिका ने अपना नाम तमन्ना पत्नी लवकुश नि0 एफसीएल चौकी रूनकता थाना सिकन्दरा उम्र करीब 13 वर्ष बतायी।पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए भरसक प्रयास कर बालिका के परिजनों को खोजकर, उनको थाना सिकन्दरा पर बुलाया गया एवं बालिका को किया परिजनो के





सुपुर्दीबालिका को सकुशल पाकर परिजनो ने जताया आगरा पुलिस का आभार।

**पुलिस टीम का विवरण :–**

मुख्य आरक्षी हरिमान सिहं यूपी-112 कमिश्नरेट आगरा।

आरक्षी चालक इमरान खान यूपी-112 कमिश्नरेट आगरा। महिला मुख्य आरक्षी ललतेश शर्मा यूपी-112 कमिश्नरेट आगरा। महिला आरक्षी रीता धामा यूपी-112 कमिश्नरेट आगरा।

## विद्युत ?100000 से ऊपर के बकायदारों को विद्युत विभाग ने बिल संशोधन एवं जमा करने के लिए किया डोर टू डोर कैंप

अम्बेडकर नगर । जनपद के विद्युत उपकेंद्र मुबारकपुर टांडा के सलेमपुर फीडर पर क्षागुरपुर मिश्रौलिया में विभागीय टीम के द्वारा राजस्व जमा कैंप लगाया गया है जिसमें 100000 से अधिक बकायदार,10000 से अधिक बकायदार उपभोक्ताओं को उनके वास्तविक बकाए की जानकारी देते हुए विद्युत बिल के भुगतान करने के लिए डोर टू डोर टीम के द्वारा बिल जमा करने के लिए प्रेरित किया गया और विद्युत बिल जमा भी करवाया गया ।**विद्युत वितरण खंड टांडा प्रथम** –अधिशासी अभियंता ,उपखंड अधिकारी, अवर अभियंता मुबारकपुर अंबिका प्रसाद टीजी-2,सोनू गुप्ता टीजी-2 अमित कुमार संविदाकर्मी सुदर्शन संविदाकर्मी



मोनू प्रजापति, अरविंद प्रजापति मीटर रीडर-सतीश कुमार संविदाकर्मी - विद्युत सखी संगीता देवी मौके पर उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

मिश्रिख सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मिश्रिख कुतुबनगर मार्ग पर बौधनी गांव के पास बाइक सवार एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जानकारी के मुताबिक पिसावां थाना क्षेत्र के कैथोलिया गांव निवासी विनोद पुत्र चंदा उम्र 30 वर्ष जो पीपरोसा गांव से वापस अपने घर जा रहा था तभी बौधनी गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी टक्कर लगने से युवक को मिश्रिख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है आगे की कार्रवाई के लिए अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकशी'

'महमूदाबाद, सीतापुर'। कोतवाली इलाके में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे में लगे पंखे से लटकर खुदकशी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। महमूदाबाद कस्बे के सुभाष नगर मोहल्ला निवासी कुलदीप सिंह (37) ने अज्ञात कारणों के चलते रविवार देर रात रात घर में लगे पंखे में रस्सी के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को उतार कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

### पूजा अर्चना के साथ गन्ना केन्द्र का हुआ शुभारम्भ

लहरपुर सीतापुर। क्षेत्र के ग्राम गुलरी पुरवा गन्ना क्रय केंद्र का का शुभारंभ विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवध शुगर मिल हरगांव के अंतर्गत आने वाले गन्ना क्रय केंद्र का शुभारंभ सोमवार को क्रय केंद्र पर पूजा अर्चना कर किया गया, पूजा अर्चना के उपरांत सेंटर इंचार्ज संजय दीक्षित ने क्षेत्र के ग्राम मकनपुर निवासी किसान दिलीप का गन्ना तौल कर क्रय केंद्र पर गन्ना खरीद प्रारंभ की। इस मौके पर उपस्थित गन्ना समिति के डायरेक्टर मनीष मिश्रा व डेलीगेट दिनेश पटेल ने क्रय केंद्र पर किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देशित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जयवर्धन सिंह सीडोओ गन्ना, ग्राम प्रधान विवेक शुक्ला, ग्राम प्रधान उमेश मिश्रा, डेलीगेट विनोद शुक्ला, डेलीगेट अमरजीत सिंह डेलीगेट, प्रेम नारायण पांडे डेलीगेट, रामनिवास गोस्वामी डेलीगेट गेट, फील्ड सुपरवाइजर अजीत सिंह, सुशीम मिश्रा, गुड्डू मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, गणेश शुक्ला, अनूप पटेल रिजवान सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## करोड़ों की डकैती में एसटीएफ ने एक लाख के इनामी बदमाश अंकित यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में करोड़ों की डकैती में एसटीएफ ने एक लाख के इनामी बदमाश अंकित यादव को छिवकी रेलवे स्टेशन से अरेस्ट कर कोतवाली नगर पुलिस के हवाले किया है।अंकित यादव को एसटीएफ ने छिवकी रेलवे स्टेशन प्रयागराज से गिरफ्तार किया जहां उसे कोतवाली नगर सुलतानपुर लाया गया। पुलिस पूछताछ में इसके पास से 755 ग्राम चांदी व 2800 रुपये नगद बरामद कराये गये।बता दें कि अब तक डकैती कांड में कुल 12 बदमाश पकड़े जा चुके हैं, जिनमें दो का फुल एनकाउंटर और चार का हॉफ एनकाउंटर हुआ है।क्या था पूरा मामला...कोतवाली नगर के चौक ठठेरी बाजार में बीते 28 अगस्त को असलहे के बल पर बदमाशों ने भरत जी सोनी सर्राफ की दुकान से सवा करोड़ के जेवरात की डकैती की थी। कोतवाली नगर में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। यूपी एसटीएफ के साथ अयोध्या, सुल्तानपुर की एसओजी और अमेठी-सुल्तानपुर की पुलिस टीम इस कांड के खुलासे में लगाई गई थी। इस क्रम में अगले दिन 29 अगस्त को मास्टर



माइंड विपिन सिंह ने गैंगेस्टर के एक मामले में रायबरेली कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। जबकि 2 सितंबर को तड़के कोतवाली नगर के गोड़वा क्षेत्र से एसओजी व कोतवाली पुलिस ने बदमाश सचिन सिंह, पुष्पेंद्र सिंह और त्रिभुवन को हॉफ एनकाउंटर कर पकड़ा था, इनके पास पंद्रह किलो चांदी व कैश बरामद किया।अगस्त रात बचे हुए सभी बदमाशों पर एडीजी ने एक लाख रुपए इनाम की घोषणा किया और 5 सितंबर को एसटीएफ सीओ डीके शाही की टीम ने कोतवाली देहात पुलिस टीम के साथ हनुमानगंज बाईपास के पास बदमाश मंगेश यादव को एनकाउंटर में मार गिराया था। इस पर पॉलिटिक्स गरमा गई थी। दूसरे दिन से मंगेश एनकाउंटर की न्यायिक जांच की मांग उठी, प्रशासन ने मजेस्ट्रियल जांच के आदेश दिए।इसी दौरान 12 सितंबर को अयोध्या एसओजी, सुल्तानपुर एसओजी और नगर कोतवाली पुलिस ने कोतवाली नगर के दुबेपुर मोड़ से चार बदमाश विवेक सिंह, दुर्गेश सिंह, अरविन्द यादव और विनय शुक्ला को गिरफ्तार किया। जिनके पास से सवा दो किलो सोना बरामद हुआ था।20 सितंबर को एसटीएफ ने हॉफ एनकाउंटर में जयसिंहपुर के मोइली से बदमाश अजय यादव को पकड़ा। 20 सितंबर को ही डकैतो से बरामद हुआ माल कोर्ट के आदेश पर कोतवाली नगर पुलिस ने व्यापारी के सुपुर्द किया। 23 सितंबर को एसटीएफ ने उन्नाव में एनकाउंटर करके बदमाश अनुज सिंह को ढेर किया था। इसके बाद से पुलिस को तीन बदमाशो अरबाज और अंकित यादव की तलाश थी।

## रात में घर में सेंध लगा रहे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा जमकर पीटा, वीडियो वायरल

अम्बेडकर नगर। जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार रात को नरायणपुर गांव में चोरों ने एक घर में सेंधमारी कर नकदी और आभूषणों पर हाथ साफ करने की कोशिश की। घटना गुरचरण के घर की है, जहां चोरों ने 30,000 रुपये नकद और सोने-चांदी के गहनों पर हाथ साफ किया। हालांकि, चोरी की वारदात के दौरान घर के लोगों की अचानक नींद खुल गई, और शोर मचाने पर चोरों को भागना पड़ा।शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और एक चोर को पकड़ने में सफल हो गए। पकड़े गए चोर की पहचान लखीमपुर खीरी निवासी अनजान अली पुत्र शेर अली के रूप में हुई, जो दिन में फेरी का काम करता था। ग्रामीणों ने चोर को पकड़ने के बाद उसकी जमकर पिटाई की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के कब्जे से चोर को छुड़ाकर थाने ले गई। वहीं, घटना के अन्य दो आरोपी खेत में असलहा छोड़कर फरार हो गए। थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है और फरार चोरों की तलाश जारी है।थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों की सजगता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मुस्तैदी से एक चोर को गिरफ्तार किया जा सका है।

## कार की आमने सामने की भिड़ंत में 6 से ज्यादा लोग घायल, एक की मौत

अम्बेडकरनगर। जनपद के टांडा थाना क्षेत्र के टांडा अकबरपुर मार्ग पर खेतापुर के पास सोमवार देर रात दो कार की आमने सामने की भिड़ंत में 6 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना में घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पर आसपास के लोग इक्ठ्ठा हो गए और सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।मिली जानकारी अनुसार टांडा थाना क्षेत्र के टांडा-अकबरपुर मार्ग पर खेतापुर रामपुर गांव के पास अकबरपुर की तरफ से आ एक्स यूवी 300 नंबर यूपी 44 बीजे 0409 व टांडा की तरफ से जा रही स्विफ्ट डिजायर नंबर यूपी 80 टक्कर हो गई। टक्कर मे दोना वाहनों के सामने का भाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन में बैठी महिलाओं व बच्चे सहित 6 लोग घायल हो गये।घटना की सूचना पर आसपास के लोग इक्ठ्ठा हो गये और सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को जिला अस्पताल ले गयी, जंहा इलाज के दौरान एक व्यक्ति अच्छेलाल पुत्र खदेरु निवासी ग्राम आमा डरबेशपुर थाना आलापुर की मौत हो गयी। सभी का अस्साल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया की घटना मे आठ लोग घायल हुए थे, जिनमे एक की मौत हो गयी है। मामले में अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## नगर पंचायत ने एसडीएम को भेजा पत्र

**अयोध्या ।जिले के गोसाईंगंज नगर पंचायत ने के मद्देनजर बाजार में होने वाली भीड़ से निपटने के लिए कमर कस लिया है। समूचे नगर के सभी वार्ड की गलियों, नालियों की साफ-सफाई कराकर चूने का छि?काव कर्मचारियों ने शुरू कर दिया है। बाजार में भीड़-भाड़ से निपटने के लिए एसडीएम को पत्र भी लिखा गया है।**

**अधिशासी अधिकारी इंद्रभान ने बताया कि धनतेरस के एक दिन पहले से ही नगर में भारी भीड़ शुरू हो जाती है। जिसके चलते सुबह से ही जाम की समस्या पैदा हो जाती है। इस समस्या से निपटने के लिए उपजिलाधिकारी सदर को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है। ईओ ने कहा कि संचारी रोग की रोकथाम के नगर पंचायत के कर्मचारी वार्ड में जाकर नगर के लोगों को जागरूक कर रहे हैं। फागिंग कराने के साथ ही चूने का छिड़काव कराया जा रहा है।**

## रात के अंधेरे में आधा अधूरा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है

अम्बेडकर नगर । जनपद में हैदरगंज रोड पर लिंक मार्ग जो चंगई पांडे का पुरवा के लिए रास्ता जाता है पहले से पक्की बनी हुई थी उसके बाद रात के अंधेरे में घास और मिट्टी के ऊपर लेपन का कार्य किया जा रहा है इससे पहले जिला पंचायत से सड़क बनी हुई थी लेकिन भ्रष्टाचार इस कदर फैल चुका है कि रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है पता चला है कि किसी वर्मा द्वारा ठेका लिया गया है इससे पहले भी ठेकेदार ने बड़ा भ्रष्टाचार किया है ग्राम सभा चंदापुर में 18 लाख ?50000 की लागत से 2 साल बाद सड़क बनी है लेकिन पैसा 2 साल पहले ही निकल गया था मीडिया में काफी छीछा लेदर होने के बाद सड़क बन पाई क्या भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार बंद नहीं होगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निष्पक्षता के साथ समयबद्धता से किया जाये।

***शिकायतों का निस्तारण स्थलीय जांच कर स्थाई रूप से करते हुए संबंधित को अवगत भी कराये**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट**

औरैया । जिलाधिकारी डॉ0 इंद्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने सदर तहसील औरैया में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र से आने वाले फरियादियों के समस्या संबंधी प्रार्थना पत्रों को लेकर उनकी समस्याओं को सुनने के उपरांत संबंधित अधिकारियों को समस्या की स्थलीय जांच कर समयान्तर्गत निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निस्तारण के समय संबंधित पक्षों के बुलाने के बाद निस्तारण की कार्यवाही करें जिससे किसी प्रकार की किसी के द्वारा कोई आरोप न लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही निष्पक्ष होने के साथ-साथ निष्पक्षता प्रदर्शित भी हो।उक्त अवसर पर हरी नारायण पुत्र श्याम लाल ने अवगत कराया कि अनुसूचित जाति के छोटे लाल, दीपचन्द्र, कृपाशंकर, छोटे लाल आदि के द्वारा गैर अनुसूचित जाति के लोगों को अपनी भूमि




विक्रय कर दी गई है जिससे राजस्व संहिता 2006 की धारा 98 का उल्लंघन किया गया है कृपया जांच कराते हुए कार्यवाही की जाए। जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। संजीव कुमार ने गाटा संख्या 77 में क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक द्वारा कुरा बटवारा कर कब्जा दिलाया गया था जिस पर विपक्षी सूर्यभान सिंह द्वारा कब्जा करा मुझे दिया गया कृपया मेरी अपनी भूमि पर बाण नहीं लगाने दी जा कृपया मुझे कब्जा दिलाया जाए जिस पर जिलाधिकारी ने थाना अध्यक्ष दिबियापुर को मौके पर स्थलीय जांच कर निस्तारण कराने के निर्देश दिये।इस अवसर पर 52 शिकायती प्रार्थना पत्र विभिन्न प्रकार के मामले प्राप्त हुए जिनमें से 03 का मौके पर विस्तारण किया गया। जिलधिकारी ने समाधान दिवस में देर से आने वाले विभागीय अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्ति करते हुए आगाह करते हुए समय से उपस्थित होने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर वनाधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सदर,डीसी मनरेगा, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारी व फरियादी आदि उपस्थित रहे।

## बाइक और ई रिक्शा में आमने सामने हुई भीषण भिड़ंत,बाइक सवार की हुई दर्दनाक मौत



**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

*एटा जिले के रिजोर थाना क्षेत्र स्थित ॥क पेट्रोल पंप के समीप बाइक और ई रिक्शा में आमने सामने भीषण भिड़ंत हो गई। एक्सीडेंट के बाद बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।जब तक बाइक सवार को इलाज मिल पाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना रविवार देर शाम की है जहां पेट्रोल पंप के समीप हीरो होंडा मोटर साइकिल UP 87Bx202 से पप्पू पुत्र कंचन सिंह निवासी नगला थान जनपद कासगंज अपने घर जा रहा था तभी नूरी मस्जिद के पास सामने से घास की गठिया लादकर सामने से आ रहा ई रिक्शा चालक इस्लाम पुत्र बजरुद्दीन के बीच आमने सामने भीषण भिड़ंत हो गई।सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई वहीं ई रिक्शा चालाक घायल हो गया।रास्ते से गुजर रहे लोगों ने कोतवाली देहात पुलिस को सूचना कर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल सड़क पर घायल पड़े ई रिक्शा चालक को इलाज हेतु जिला मेडिकल कालेज में भर्ती करवाया है ।वहीं सड़क हादसे में जान गंवा चुके पप्पू के शव का पंचनामा भर कर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कोतवाली देहात पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना कर दी है ।परिजनों को सूचना मिलते ही परिजन दौड़े दौड़े एटा स्थित मोर्चरी पहुंचे है जहां उनका रो रो कर बुरा हाल है युवक की मौत के बाद घर में मातम पसरा हुआ है।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी कोतवाली देहात अमित कुमार ने बताया कि दोनों वाहनों के बीच हादसा रिज़ोर थाना क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप के समीप हुआ है।बाइक सवार की मौत हो गई है।शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया गया है।आगे की कार्यवाही रेजर थाना पुलिस ने की है।*

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में हरी झण्डी दिखाकर यातायात माह का किया गया शुभारंभ-




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सत्य नारायण गुप्ता**

आज दिनांक 04.11.2024 को यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुनियोजित तरीके से गतिमान बनाये रखने के उद्देश्य से व आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति सजग/जागरुक किये जाने हेतु जिलाधिकारी श्री सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में यातायात माह नवम्बर के अवसर पर जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत लोगों को वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट धारण करने, सीटबेल्ट का प्रयोग करने, रैश ड्राइविंग न करने तथा वाहनों को चिन्हित स्थल पर पार्क करने, गलत साइड पर न चलने ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने आदि यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री राजेश कुमार, यातायात प्रभारी श्री रामयतन यादव व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## नोबल शिक्षण समूह का शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी शानदार प्रदर्शन




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रवि शर्मा ब्यूरो चीफ झुंझुनूं**

नोबल स्कूल के छात्र सूरज ग्रसा कक्षा 9 पुत्र श्री राजवीर ग्रसा ,मुरादपुर का हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड उदयपुर में चौदह वर्षीय फुटबाल खिलाड़ी में चयन होने पर संस्था के प्रबंध निदेशक महोदय डॉक्टर इंजीनियर संदीप जी नेहरा द्वारा उनके अभिभावकों के साथ श्री होशियार सिंह जी मुरादपुर , ( दादा जी)श्री सतपाल जी नेशनल कोच, जूनियर फुटबाल कोच श्री लक्ष्य ग्रसा के साथ प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा बच्चे को धन्यवाद और उपहार भेंट करके सम्मानित किया गया तथा समस्त नोबल शिक्षण समूह स्टाफ ने बच्चे को और अभिभावकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

## मेरा नाम काजल है खेती चौपट, बेरोजगार हुए, हमें नहर चाहिए




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रवि शर्मा ब्यूरो चीफ झुंझुनूं**

चिड़ावा -सिंघाना सड़क मार्ग बस स्टैंड लालचौक पर नहर की मांग किसानों का धरना किसान सभा के बैनर तले आम जनता द्वारा संचालित नहर आन्दोलन प्रवक्ता विजेन्द्र शास्त्री की अध्यक्षता में आज 308 वें दिन भी जारी रहा।धरने पर पहुंचे नजदीकी गांव कलगांव से सपरिवार पधारे रामजीलाल,काजल व कौशल्या ने कहा बेरोजगार हुए, खेती चौपट,प्यासे लोग त्राहि-त्राहि मचने की ढील है सिर्फ कभी भी पानी के लिए चिल्लाहट सुनाई दे सकती है पानी के बिना मौतों का सिलसिला बहुत ही जल्द होगा। अनाज की कमी, पानी की कमी, रोजगार की कमी, चिकित्सा की कमी,धन दौलत की कमी , ऐसे में विरान होती इस शेखावाटी धरती पर जनमानस की कमी भी निश्चित है । यहां का हर आदमी पलायन की सोच बना चूके है। और शुरू हो भी गया है।जो सक्षम हैं वे चले भी गए हैं।हम सरकार से नहर की अपील करते हुए कहते हैं कि हमारी शेखावाटी को बचाया जाना चाहिए । हम पढ़ाई के स्तर पर भी बहुत पिछड़ते जा रहे हैं जिसकी वजह से हमारा सामाजिक ह्रास के साथ विकास भी अवरुद्ध हुआ है। किसानों ने साफ साफ जाहिर किया है कि इस बार हम छले नहीं जाएंगे बहुत ठगे गए पर अब नहीं। जब तक नहर नहीं मिलेगी हम पिछे नहीं हटेंगे। धरने पर उपसचिव ताराचंद तानाण, यात्रा संयोजक रणधीर ओला, प्रदीप कुमार, अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, अमित कुमार, रोहित कुमार,मोटू सिंह,चेतन सिंह, सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष बजरंग लाल,सोनु, ओमप्रकाश, मुकेश,नरेश कुमार, रामेश्वर बसेरा, राजेश चाहर कपिल कुमार, सतपाल, महेंद्र, मनोज, नौजवान सभा के जयन्त, सौरभ सैनी, करण कटारिया, जगराम, जयसिंह,मखनी देवी,सिलावती,बनवारीलाल चाहर,

# हत्या के मामले में नहीं किया फैसला तो दबंगों किया लहुलुहान लाठी डंडों से पीटा,नाजायज असलाह से सिर फोड़ा,फरसे से पैर काटा

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

एटा जिले के जलेसर थाना क्षेत्र के कुंजलपुर गांव में रविवार दोपहर को खेत से काम करके घर वापस आ रही सोलह वर्षीय किशोरी रोशनी के साथ गांव के ही दबंगों ने मारपीट कर दी विरोध करने पर दबंगों ने किशोरी के ऊपर फायर झोंक दिया।नाजायज असलाह की बट मारकर सिर फोड़ दिया।चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे किशोरी के पिता को भी दबंग लोगों ने लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा।बचाने पहुंचे भाई दिनेश को भी जमकर पीटा गया।घटना में किशोरी सहित पिता और भाई गम्भीर रूप से घायल हुए है।खून से लथपथ तीनों घायल जलेसर कोतवाली पहुंचे जहां पुलिस ने लहूलुहान घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया है।पीड़ितों की तहरीर पर जानलेवा हमले के आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।जानलेवा हमले में वीरेंद्र पुत्र भगवान सिंह उम्र 50 वर्ष,रोशनी पुत्री वीरेंद्र सिंह,दिनेश पुत्र वीरेंद्र सिंह घायल हुए है।वहीं गांव के ही नत्थू सिंह पुत्र लायक सिंह,भूरा उर्फ अवधेश



पुत्र हरिसिंह,मानपाल पुत्र जयराम सिंह,मनोज कुमार पुत्र हरी सिंह,अमरपाल पुत्र लायक सिंह,रंजीत पुत्र छोटेलाल,कमलेश पत्नी नत्थू सिंह पर किशोरी सहित परिवार पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा है।फिलहाल पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर उक्त लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।मामले पर घायल दिनेश से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि आरोपियों ने वर्ष 2020 में हमारे भाई की हत्या कर दी थी जिसका मुकद्दमा अभी भी चल रहा है।फैसले का कई बार दबाव बनाया गया।रविवार दोपहर खेत से काम करके छोटी बहन घर वापस लौट रही थी तभी उसे गांव के नत्थू ने रोक लिया और मारपीट कर दी विरोध करने पर फायर कर दिया सिर फोड़ दिया,बचाने आए पिता और भाई को भी जमकर मारा पीटा धारदार फरसे से पैर काट दिया।मामले पर थाना प्रभारी डॉक्टर सुधीर राघव ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया लिखित तहरीर पर जानलेवा हमले के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## प्रेमी ही निकला प्रेमिका का हत्यारा गोली मारकर की थी हत्या पुलिस ने दबोचा



**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

एटा जिले के जलेसर थाना क्षेत्र के गांव खेडिया खाती में करीब दस दिन पूर्व दिनदहाड़े घर में घुसकर हुई नावालिंग किशोरी की हत्या का जलेसर थाना पुलिस ने आज सनसनी खेज खुलासा किया है।पुलिस ने सिरफिरे आशिक को आला कत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने आरोपी की निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त किया गया अवैध 315 बोर तमंचा और एक खोखा सहित गिरफ्तार कर लिया।करीब दस दिन पूर्व खेडिया खाती गांव में दिनदहाड़े सत्रह वर्षीय सपना पुत्री तेजपाल का कत्ल हो गया था।मर्डर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।वहीं जलेसर थाना पुलिस ने मृतिका के पिता की तहरीर पर गांव के शिवम पुत्र भगवान सिंह के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था।जलेसर थाना पुलिस ने मुखबिरों का जाल बिछाकर आरोपी शिवम को रविवार देर शाम इशौली रोड के समीप रेलवे लाइन से गिरफ्तार कर लिया है।वहीं आरोपी के निशान देही पर पुलिस ने झाड़ियों में छुआया गया अवैध तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद कर लिया है।पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सपना और शिवम के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था इसी बीच मृतिका के पिता ने अपनी पुत्री का विवाह कहीं और तय कर दिया।जैसे ही शादी तय होने की बाद सनकी आशिक को पता चली तो उसने शादी करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया ।अपनी सनक में आकर आरोपी ने लड़की को अकेला पाकर गले में गोली मार दी।हत्यारे को गिरफ्तार करने वाले पुलिस कर्मियों में थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह,उप निरीक्षक जयवीर सिंह,उप निरीक्षक अभिषेक तोमर,कांस्टेबल सुमित कुमार,कांस्टेबल मनीष कुमार,कांस्टेबल रवि दीक्षित,कांस्टेबल मनोज कुमार शामिल रहे हैं।

## जंगल में फंदे पर लटका मिला युवक का शव



**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

एटा जिले के जलेसर थाना क्षेत्र के रेलवे लाइन के समीप रविवार देर शाम 38 वर्षीय युवक राजेंद्र पुत्र मान सिंह निवासी मोहल्ला हथौड़ा का शव घर से दूर जंगल में पेड़ से लटका हुआ शव मिला है।रास्ते से गुजर रहे लोगों की नजर जब पेड़ पर लटके शव पर पड़ी ।तो परिजनों को सूचना की गई।मौके पर पहुंचे परिजनों और आस पास के लोगों ने पेड़ से उतार कर जलेसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों से युवक को मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है।मौके पर पहुंची घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।वहीं युवक की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार रविवार को पिता और पुत्र के बीच मामूली सी कहा सुनी हो गई थी।उसी से क्षुब्ध होकर युवक ने जंगल में जाकर रेलवे लाइन के किनारे पेड़ पर लटक कर फांसी लगा ली।युवक की मौतबके बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।मामले पर थाना प्रभारी डॉक्टर सुधीर राघव ने बताया कि घटना रविवार करीब साढ़े पांच बजे की है जैसे ही सूचना प्राप्त हुई पुलिस मौके पर पहुंची है।तब तक आस पास के लोगों ने बीबी और बच्चों की मौजूदगी में युवक को पेड़ से उतार लिया।युवक ने अपने गमछे से फांसी लगाई है।आनन फानन में उसे जलेसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है।पुलिस ने पंचनामा की प्रक्रिया पूर्ण कर शव को देर रात करीब साढ़े नौ बजे जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## यातायात माह का पुलिस कप्तान व अपर जिला अधिकारी ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारम्भ




**(ब्यूरो रिपोर्ट)**

औरैया।यातायात माह, नवम्बर 2024 के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक औरैया व एआरटीओ औरैया ने हरी झण्डी दिखाकर यातायात जागरूकता वाहन को रवाना किया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने सभी को यातायात सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए बताया कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य धारण करना चाहिया, वाहनों को कभी भी तेज गति नहीं चलाना चाहिए,नशे की हालत में वाहन न चलाए, हमेशा अपने बायें चलाए, उतावलेपन से वाहन न चलाए, चौराहा पार करते समय पहले दाहिने व बांयें देखकर ही आगे बढ़े, स्टंट बाइकिंग न करना, प्रेशर हार्न, मोडीफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करना एवं स?क पार करने समय जेब्रा लाइन का प्रयोग करना आदि महत्वपूर्ण यातायात नियम हैं जिनका पालन करके स?क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है तथा इन नियमों का सभी को अवश्य पालन करना चाहिये। उन्होंने कहा कि इस दौरान बिना हेलमेट लगाए ,बिना नंबर प्लेट व बिना बेल्ट लगाए लोगों का चालान किया भी किया जाएगा।

## गाजियाबाद के घटना लेकर राज्यपाल को ज्ञापन



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**
**से राधेश्याम गुप्ता व्यूरो चीफ बांदा**

बांदा जिला अधिवक्ता संघ ने गाजियाबाद की घटना को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन।बार एसोसिएशन ने गाजियाबाद के जिला जज के खिलाफ रोड पर।वकीलों पर बर्बरता पूर्ण कार्यवाही करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग।घायल वकीलों को मुआवजा दे सरकार।गाजियाबाद के जिला जज के खिलाफ कार्रवाई न होने तक जारी रहेगी हड़ताल।बांदा में सैकड़ों वकीलों ने जिला अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन। बांदा में वकील आक्रोशित न्यायिक कार्य से विरत।

## चार पहिया गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी, एक बच्ची की मौत, आधा दर्जन घायल




**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता व्यूरो चीफ बांदा**

बांदा जनपद के बबेरू निवासी लक्ष्मी वाल्मीक की बेटी की गोद भराई के लिए बांदा शहर से आए हुए थे। गोद भराई की रस्म पूरी होने पर रात को वापस लौट गए। बांदा वालो के रिश्तेदार चित्रकूट रामघाट निवासी मनोज अपने परिवार के साथ बबेरू से चित्रकूट चार पहिया गाड़ी से जा रहे थे। बबेरू अतर्रा मार्ग पर कोर्रम गांव के मोड पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, सड़क किनारे गहरे पानी में गाड़ी घुस गई। वहां पर मौजूद लोगो ने गाड़ी में सवार लोगों को पानी से बाहर निकाला। सात वर्षीय कृति उर्फ बेटी पुत्री मनोज की पानी में डूबकर मौत हो गई। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया। डाक्टरों ने कृति का परीक्षण किया और मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। वही घायलों का उपचार जारी रहा। सूचना पाकर पुलिस ने मृतका का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

आपको बता दे कि बबेरू अतर्रा मार्ग पर कोर्रम गांव का 90 अंश का मोड बहुत ही खतरनाक है। अनजान वाहन चालक अक्सर मोड पर शुद्ध बुद्ध खो बैठते है। कई हादसा हो चुके है। लोगो का कहना है मोड पर सड़क के दोनों तरफ डिवाइडर बनाए जाने से ही हादसों पर रोक लग सकती है। सुनिए परिजन एवं डाक्टर की जुबानी।

## नहीं थम रहा डेंगू का प्रकोप आंकड़ों की जादूगरी से स्वास्थ्य विभाग निश्चिंत नहीं दिख रहे जरूरी प्रयास

### वायरल फीवर से गांजा गांव में दर्जनों लोग बीमार



**जिला ब्यूरो चीफ मो. ईशाम**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

प्रयागराज के भगवतपुर विकास खंड अंतर्गत गांजा गांव में वायरल बुखार का प्रकोप तेजी से बड़ता जा रहा है। दर्जनों की संख्या में लोग चपेट में आ गए हैं। गांव के सभी मरीज अगल-अलग अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग अंजान बना हुआ है। गांजा गांव में पखवाड़े भर से वायरल फीवर ने अपने पांव पसार रखे हैं। वायरल फीवर से बड़ी संख्या में लोग बीमार हैं। गांव के विकास कुमार, महान सिंह, रिशिका सिंह, महेंद्र सिंह, कुसुम देवी, रेखा सिंह और अशोक कुमार समेत गांव के दर्जनों लोग बुखार से ग्रसित चल रहे हैं। अधिकांश मरीज अपना उपचार निजी चिकित्सालयों में करा रहे हैं। मरीजों ने बताया कि बुखार से बदन में दर्द रहता है। कमजोरी भी महसूस होने लगी है। जांच में प्लेटलेट्स व खून की कमी की शिकायत हो रही है। लंबे समय से बुखार से पीड़ित मरीजों को कमजोरी से चलने फिरने में परेशानी होने लगी है। बीमारों का इलाज परिजन प्रयागराज समेत नजदीकी निजी अस्पताल से करवा रहे हैं। जानकारी होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग कुम्भकर्ण की नींद सो रहा है। इससे ग्रामीणों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति काफी आक्रोश है।

## तहसील के मीटिंग हाल में तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 12 शिकायतें दर्ज हुई। जबकि मौके पर मात्र 02 शिकायतों का ही समाधान किया जा सका।



तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार श्रीमती प्रभा सिंह की अध्यक्षता व नायब तहसीलदार नगीना अजब सिंह के संचालन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 12 शिकायतें दर्ज हुई जबकि मौके पर केवल 02 शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका। इस अवसर पर तहसीलदार प्रभा सिंह ने मौजूद अधिकारियों से तहसील समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप समय से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने को कहा । तहसील समाधान दिवस में तहसीलदार प्रभा सिंह, एडिशनल एसपी ग्रामीण राम अर्ज, सीओ भरत सोनकर , बीडीओ मनवीर सिंह, नायब तहसीलदार राजकुमार सिंह, एसडीओ विधुत रामकेश सिंह, ए बी एस ए इंद्रजीत सिंह, एडीओ पंचायत सुरेंद्र सिंह, नगर पालिका से ईओ संदीप सक्सेना, मुनीर आलम सहित तहसील स्तर के सभी अधिकारी व सर्किल के सभी थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।समाधान दिवस में शिकायत सुनते

## डा. अनूप पटेल ने सैकड़ो समर्थको के साथ थामा चंद्रशेखर आजाद का हाँथ

# संविधान की रक्षा और जाति-जनगणना के लिये पूरे देश मे होगा आंदोलन- डा. पटेल

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता व्यूरो चीफ बांदा**

बाँदा- फतेहपुर मे कार्यक्रम सामाजिक न्याय महासम्मेलन मे आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद जी के समक्ष व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) मण्डल चित्रकूट धाम के मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा आजाद जी के नेतृत्व में डा.अनूप पटेल अपने सैकड़ो समर्थको के साथ आसपा मे शामिल हो गये. चंद्रशेखर आजाद ने खुशी जाहिर करते हुये कहा कि डा.अनूप पटेल प्रदेश मे सामाजिक न्याय आंदोलन, जाति-जनगणना मुहिम के प्रमुख चेहरे रहे है। उनके आने से बुन्देलखण्ड में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) मजबूती के साथ आगे



बढ़ेगी।डा.अनूप पटेल उत्तर-प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता और राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा के नेशनल कोऑर्डिनेटर रह चुके हैं। डा. अनूप पटेल वर्तमान मे ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी भी है।इससे पहले डा. अनूप पटेल ने बाँदा मे ÷देश मांगे जाति-जनगणना÷ का विशाल कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे चंद्रशेखर आजाद जी शामिल हुये थे। तभी आजाद ने कहा था आने वाले दिनों मे डा. पटेल को प्रदेश स्तर पर नेतृत्व दिया जायेगा।डा. पटेल के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर पटेल जी, सामाजिक न्याय मोर्चा के राष्टीय कोषाध्यक्ष आशुतोष भारतीय नागरिक ने भी अपने साथियो के साथ पार्टी ज्वाइन किया.डा. पटेल ने कहा कि सड़क से संसद तक चंद्रशेखर ही एक मात्र नेता है जो सामाजिक न्याय और जाति-जनगणना की मांग को लेकर मुखर है. बुंदेलखंड मे बहुजन समाज को इकठ्ठा करके राजनैतिक परिवर्तन का प्रयास जारी रहेगा.डा. पटेल के पार्टी ज्वाइन करने पर आसपा के मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा आजाद, जिलाध्यक्ष सूर्यप्रकाश वर्मा, दीपक रावण मण्डल महासचिव सहित सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## गंगा उत्सव के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जिला ब्यूरो चीफ मो.ईशाम**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



प्रयागराज 4 नवम्बर को गंगा नदी को सरकार द्वारा राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया था इसी के उपलक्ष्य में जिला गंगा समिति प्रयागराज द्वारा ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में जन-जागरूकता एवं विभिन्न प्रतियोगिताओ का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों ने गंगा उत्सव के खास मौके पर गंगा संरक्षण पर चित्रकला एवं भारत में गंगा का संस्कृति एवं आर्थिक महत्व पर निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया द्य कार्यक्रम मे उप प्रधानाचार्य जनार्दन प्रसाद दुबे , जिल परियोजना अधिकारी नमामि गंगे एशा सिंह , शिक्षक प्रमोद द्विवेदी, नगर निगम से कृष्णा कुमार मौर्य ,वन दरोगा कमलेश सिंह,रोहित चंदेल आदि उपस्थित रहे । डीपीओ ने छात्रों को बताया 2017 से हर साल गंगा उत्सव का आयोजन राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा जा रहा है द्य गंगा उत्सव का आयोजन गंगा नदी को %राष्ट्रीय नदी% घोषित किए जाने की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जाता है। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण को बढ़ावा देना, इसकी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता को उजागर करना और स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना है । कार्यक्रम में नगर निगम टीम के कम्युनिकेशन हेड कृष्ण कुमार मौर्य ने छात्रों से कचरा प्रबंधन पर चर्चा करी द्य और कहा हमें दैनिक दिनचर्या में स्वच्छता को शामिल करना चाहिए तथा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबीन में डालना चाहिए द्य इस क्रम में चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता में टॉप 3 छात्रों को पुरस्कृत किया गए । जिसमे प्रथम स्थान पर कृतिका केसरी, द्वितीय स्थान पर अशीम सिंह, तृतीय स्थान पर इंद्राणी को पुरस्कृत किया गया द्य कार्यक्रम का समापन गंगा स्वच्छता शपथ लेकर किया गया

# आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने से खफा परिजनो ने अंतिम संस्कार करने से किया मना पुलिस के लाख समझाने के बाद माने परिजन तब किया अंतिम संस्कार

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो चीफ पीलीभीत बरखेड़ा।बच्चों के विवाद को लेकर गांव के ही कुछ दवंगो ने दलित सीता राम को घर से कुछ दूरी पर घेर कर लाठियों से ताबड़तोड़ हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर मरणासन्न अवस्था में छोड़ गये तथा सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल का इलाज के दौरान रविबार को सुबह 11 बजे बरेली हायर सेंटर पर मौत हो गई।पोस्टमार्टम के बाद देर रात शव गाँव प्रतापडांडी लाया गया।शव पहुचने पर परिवार में कोहराम मच गया।जिससे परिजनों एवं ग्रामीणों में हमलाबरो के खिलाफ गुस्सा भर गया तथा परिवार बाले



सभी हमलाबरो को गिरफ्तार करने की मांग करते हुये अंतिम संस्कार करने से मना करने लगे।पुलिस को सूचना लगते स्थानीय पुलिस के थाना प्रभारी मुकेश शुक्ला मौके पर पहुचकर परिबार बालो को समझाया कि एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया हैं शेष आरोपी को भी शीघ्र गिरफ्तार किये जायेंगे ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर हत्या की धाराओं को बड़ा दिया जाएगा।परन्तु परिजन के असंतुष्ट होने पर मौके पर क्षेत्राधिकारी बीसलपुर प्रतीक दाहिया ने परिजनों से बातचीत कर समझाने की कोशिश की दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला द्वारा परिजनों से बातचीत कर उन्हें मनाया गया फिर जाकर लगभग 3 बजे के करीब अंतिम संस्कार किया गया ।मामला दलित परिवार का होने के कारण पूरे गाँव मे दहशत फैली हुई है।

# जिला में अब तक 21486 मीट्रिक टन बाजरा व 12264 एमटी धान की हुई खरीद

**संवाददाता नीरज सोनी दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**



उपायुक्त नूंह, 04 नवंबर - उपायुक्त धीरेंद्र खडड़टा ने बताया कि जिला की अनाज मंडियों में अब तक 12264 मीट्रिक टन धान और 21486 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की गई है। नूंह, तावडू, फिरोजपुर-झिरका, पुन्हाना, पिनगवां की अनाज मंडियों में समर्थन मूल्य पर बाजरा व धान की खरीद निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि अब तक हैफेड की ओर से तावडू अनाज मंडी में 9094 एमटी, फिरोजपुर-झिरका अनाज मंडी में 5849 मीट्रिक टन बाजरा खरीदा जा चुका है, जबकि हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन की ओर से नूंह मंडी में 1101 तथा पुन्हाना मंडी में 4413 एमटी बाजरा व पिनगवां मंडी में 1029 एमटी बाजरे की खरीद की जा चुकी है और 20181 टन बाजरे का उठान हो चुका है। इसी प्रकार जिला में किसानों से 12264 मीट्रिक टन धान की खरीद भी की जा चुकी है। इसमें से 12264 एमटी धान का उठान भी हो चुका है। प्राईवेट डिलरों द्वारा नूंह में 7499 एमटी, पुन्हाना की अनाज मंडी में 4765 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त धीरेंद्र खडड़टा ने जिला के किसानों से आह्वान किया है कि वे धान की फसल की कटाई के उपरांत फसल अवशेषों को आग न लगाएं। फसल अवशेषों को जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है तथा पशुओं के लिए चारे की कमी होती है। बल्कि किसान फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। फसल अवशेषों से पशुओं के लिए चारा भी बनाया जा सकता है तथा किसान कृषि यंत्रों की मदद से फसल अवशेषों की गांठ बनाकर उसकी बिक्री कर अतिरिक्त आय भी कमा सकते हैं। फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर भूमि की उपजाऊ शक्ति को भी बढ़ाया जा सकता है।

## एसआई भर्ती। सूरजपुर के चयनित अभ्यर्थियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने दी शुभकामनाएं।

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**उदित ठाकुर**



सूरजपुर। हाल ही में एसआई परीक्षा परिणाम जारी किए गए है जिसमें सूरजपुर जिले के कई अभ्यथियों का चयन हुआ है जो सूरजपुर जिले के लिए बड़े ही गर्व की बात है। सोमवार, 04 नवम्बर 2024 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने चयनित हुए सूरजपुर के अभ्यर्थी राहुल गौतम, ज्योति सिंह पुहुप, कमलेश्वर प्रजापति, अनूक साय एवं साईबर सेल में पदस्थ आरक्षक संतलाल यादव को एसआई में सलेक्ट होने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना दी और उन्हें मार्गदर्शन भी दिया।इस अवसर पर एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने अभ्यर्थियों की मेहनत को सराहा और कहा कि आपके बुलंद हौसले और मुकाम हासिल करने के जज्बे से ही आपको सफलता मिली है। ट्रेनिंग के दौरान आने वाली समस्या एवं निदान के बारे में जानकारी साझा किया। उन्होंने कहा कि सब इंस्पेक्टर से भर्ती होकर आप वरिष्ठ पदों तक जा सकते हैं। अपने वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश में बेहतर कार्य दक्षता का प्रदर्शन करेंगे तो आपको पुलिस विभाग में अच्छा पहचान मिलेगा।

# क्यों लौटाया पत्रकारों ने स्थानीय विधायक व छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री के द्वारा दी गई सम्मान राशि को छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के सहयोगी के द्वारा विधानसभा मुख्यालय भटगांव के पत्रकारों

## को फोन पे के माध्यम से दीपावली मनाने 11, 11 सौ रुपए किए गए थे ट्रांसफर

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**उदित ठाकुर**

सूरजपुर/ भटगांव/ सूरजपुर जिले के भटगांव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के भटगांव मुख्यालय के 10 पत्रकारों के फोन पे के माध्यम से भटगांव विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक और छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के सहयोगी के द्वारा दीपावली के अवसर पर 11, 11 सौ रुपए डाला गया जिस राशि को 7 पत्रकारों के द्वारा ससम्मान उसी फोन पे पर भेजे गए 11, 11 सौ रुपए को हैप्पी दीपावली का मैसेज कर वापस किया जो इन दिनों सूरजपुर जिले सहित पूरे प्रदेश में सुर्खियां बटोर रहा।एक ऐसा मामला है जिसमें सरकार की एकमात्र महिला मंत्री के विधानसभा क्षेत्र भटगांव के विधायक लक्ष्मी राजवाड़े से भटगांव मुख्यालय के मीडिया कर्मियों ने नाराज होकर दीपावली उपहार स्वरूप मंत्री की तरफ से भेंट कीड़ रकम लौटा दी। दरअसल, यह आदान-प्रदान फोन पे पर हुआ। और स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।दीवाली पर उपहार देने की परंपरा आम है लेकिन अब मीडिया कर्मियों के बीच नगदी की परंपरा भी शुरू हो गई है। रायपुर से लेकर कई मंत्री-विधायकों कीड़ तरफ से इस तरह की नई परंपरा की सोशल



मीडिया पर खूब चर्चा चल रही है। इन सबके भटगांव में भेंट-उपहार को लेकर विवाद काफी चर्चा में है जहा हुआ यूं कि महिला मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की तरफ से करीबियों ने वहां केड़ दस मीडिया कर्मियों को 11-11 सौ रूपए दिए गए। यह राशि फोन पे पर मीडिया कर्मियों के खातों में ट्रांसफर की गई। इसके बाद वहां मीडिया कर्मियों में नाराजगी देखी गई और फिर उनमें से 7 मीडिया कर्मियों ने धन्यवाद के मैसेज के साथ लौटा दिया। इसकी मीडिया कर्मियों सहित जिला सूरजपुर से प्रदेश स्तर पर काफी चर्चा हो रही है।भटगांव विधानसभा के भटगांव मुख्यालय के 13 पत्रकारों का सूची मांगा कर 10 पत्रकारों के फोन पे पर स्थानीय विधायक और छत्तीसगढ़ मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के सहयोगी के द्वारा 10 पत्रकारों को फोन के माध्यम से दीपावली के अवसर पर 11, 11 सौ रुपए का राशि भेजा गया जिसे देख 7 पत्रकारों के द्वारा ससम्मान हैप्पी दीपावली का मैसेज कर उसी फोन पे पर 11, 11 सौ के राशि को वापस कर दिया।भटगांव विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक और छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के द्वारा सहयोगी के माध्यम से विधानसभा मुख्यालय भटगांव के पत्रकारों को दीपावली के अवसर पर फोन पे के माध्यम से 11, 11 सौ रुपए दिया गया जिस 11, 11 सौ रुपए को भटगांव के पत्रकारों द्वारा ससम्मान फोन पे के माध्यम से ही वापस किया गया जिसको लेकर स्थानीय पत्रकार महासंघ के द्वारा राशि वापस किए गए पत्रकारों को धन्यवाद देते हुए कहा है कि आप सभी के द्वारा पत्रकारिता के गिरते स्तर को बचाए रखने के लिए जो कदम उठाया है वो काबिले तारीफ है क्योंकि मान सम्मान से समझौता कभी नहीं करना चाहिए और आप लोग अस्वीकार कर दिल जीत लिया..... जिसकी जिले से लेकर प्रदेश स्तर पर बड़े पैमाने पर चर्चा हो रही है।